ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 1 जून 2024
वर्ष 2, अंक 281, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

होम रन नहीं, चौके-छक्कों की होगी बारिश 2

केडी द डेविल्स की शूटिंग शिल्पा ने की पूरी 14

ध्यान-साधना में लीन प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां अपनी ध्यान साधना के दूसरे दिन विवेकानंद रॉक मेमोरियल में सूर्योदय के दौरान सूर्य अर्घ्य दिया। भगवा कुर्ता, शॉल और धोती पहने हुए ध्यान मंडपम में ध्यान में वह लीन दिखाई दिए। प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को ध्यान लगाना शुरू किया और एक जून की शाम तक ध्यान करेंगे। प्रधानमंत्री ने 2019 में लोकसभा चुनाव में प्रचार के बाद केदारनाथ गुफा में भी इसी तरह ध्यान लगाया था।

देश को तानाशाही से बचाने के लिए जा रहा हूं जेल : केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत 1 जून को खत्म हो रही है। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार को वीडियो जारी कर केंद्र सरकार और जेल अधिकारियों पर खुद को प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा- देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। मैं रविवार को 3 बजे बजे सरेंडर करूंगा। इस बार मेरे प्राण चले जाएं तो गम मत करना। जेल में मुझे प्रताड़ित करने की फिर कोशिश होगी।

जीडीपी ग्रोथ 8.2, तिमाही विकास दर 7.8% हुई

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर जनवरी-मार्च के दौरान पिछली चार तिमाहियों में सबसे कम 7.8 प्रतिशत रही। इसके बावजूद विनिर्माण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन से वित्त वर्ष 2023-24 में वार्षिक वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत पर पहुंच गई।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को देश की अर्थव्यवस्था से संबंधित ये आंकड़े जारी किए। वित्त वर्ष 2022-23 में देश की अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। एनएसओ ने कहा वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान वास्तविक जीडीपी में वृद्धि की दर 8.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि 2022-23 में यह सात प्रतिशत थी। इस तेजी के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था मार्च, 2024 के अंत में 3.5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गई और अगले कुछ वर्षों में इसके पांच लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का मंच तैयार हो चुका है। आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च 2024 में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रही थी। इस तेजी के साथ भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है।

चीन की अर्थव्यवस्था इस साल जनवरी-मार्च के दौरान 5.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी। एनएसओ ने फरवरी में जारी अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि 7.7 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक, वास्तविक जीडीपी यानी स्थिर कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद 2023-24 में 173.82 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी का पहला संशोधित अनुमान 160.71 लाख करोड़ रुपये है।

- अर्थव्यवस्था को मिली मजबूती विनिर्माण क्षेत्र के शानदार प्रदर्शन

चौथी तिमाही में खनन क्षेत्र की जीवीए वृद्धि 4.3 % रही

चौथी तिमाही में खनन क्षेत्र की जीवीए वृद्धि 4.3 प्रतिशत रही जो एक साल पहले की समान तिमाही में 2.9 प्रतिशत थी। निर्माण क्षेत्र में तिमाही के दौरान 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 2022-23 की इसी अवधि में 7.4 प्रतिशत थी। सेवा क्षेत्र- व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाओं में जीवीए वृद्धि दर चौथी तिमाही में 5.1 प्रतिशत रही, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह सात प्रतिशत थी।

एक नजर

डीजीसीए ने एयर इंडिया को भेजा नोटिस

नई दिल्ली। डीजीसीए ने उड़ानों में अत्यधिक देरी और यात्रियों को हुई असुविधा के लिए शुक्रवार को एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में 30 मई को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को की उड़ान एआई 183 और 24 मई को मुंबई से सैन फ्रांसिस्को की उड़ान एआई 179 के परिचालन में हुए अनावश्यक विलंब का जिक्र करते हुए जवाब मांगा है। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उड़ानों में देरी और यात्रियों को हुई असुविधा के इस मामले का संज्ञान लिया है।

निमहांस को डब्ल्यूएचओ का पुरस्कार

नई दिल्ली। डब्ल्यूएचओ ने वर्ष 2024 के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बेंगलुरु में राष्ट्रीय महत्व के संस्थान राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहांस) को स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं की श्रेणी में नेल्सन मंडेला पुरस्कार से सम्मानित किया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि डब्ल्यूएचओ का यह पुरस्कार स्वास्थ्य सेवा और सुविधा के संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थानों और सरकारी या गैर-सरकारी संगठनों को प्रदान किया जाता है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने इस पुरस्कार से सम्मानित होने पर निमहांस को बधाई दी।

15 मतदान कर्मी समेत 77 की मौत

प्रचंड गर्मी का कहर : जनजीवन अस्त-व्यस्त, मुख्यमंत्री ने दिए सुरक्षा प्रबंध करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : जानलेवा गर्मी लगातार कहर बरपा रही है। नौतपा का उग्र रूप जनजीवन अस्त-व्यस्त करने पर अमादा दिख रहा है। शुक्रवार को मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव के लिए डयूटी पर तैनात 13 व सोनभद्र में तैनात 2 चुनाव कर्मियों समेत अलग-अलग जिलों में 77 लोगों की आकस्मिक मृत्यु हो गई।

मिर्जापुर में लोस चुनाव के लिए डयूटी पर तैनात 13 चुनाव कर्मियों की शुक्रवार को तेज बुखार और उच्च रक्तचाप की शिकायत के बाद मेडिकल कॉलेज में मौत हो गयी। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य के मुताबिक, इन सभी कर्मियों की मौत के सटीक कारण का पता अभी नहीं चल सका है। मिर्जापुर स्थित मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजबहादुर कमल ने न्यूज एजेंसी को बताया कि मृतकों में सात होमगार्ड जवान, तीन सफाई कर्मचारी, सीएमओ कार्यालय में तैनात एक लिपिक, एक चकबंदी अधिकारी और होमगार्ड टीम का एक चपरासी शामिल है।

वहीं, हमीरपुर में 12, बांदा में सात, महोबा में सात, चित्रकूट में एक, फतेहपुर में दो, कन्नौज में एक की मौत हो गई। राजस्थान निवासी 45 वर्षीय ट्रक चालक तेजा राम की इटावा के इकदिल के पास हाईवे पर लू लगने से मौत हो गई। कानपुर नगर में शुक्रवार को आठ शव अलग-अलग स्थानों पर मिले। इनमें से एक भी शिनाख्त नहीं हो सकी। कानपुर देहात में एक व्यक्ति की मौत हुई। बहराइच में चार, अमेठी में दो, अयोध्या में तीन, बाराबंकी में दो, रायबरेली में एक, हरदोई में एक, अंबेडकरनगर में एक, प्रतापगढ़ में दस मौतें हुई है।

वाराणसी में लू के बीच एक मतदान अधिकारी वितरण केंद्र पर बेहोश हो गया। ● एजेंसी

- मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव के लिए इयूटी पर तैनात 13 व सोनभद्र में तैनात 2 चुनाव कर्मियों की मौत

इंसान हों या जानवर, हर स्तर पर हों बचाव के प्रबंध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : गर्मी के जानलेवा मिजाज का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंसानों के साथ-साथ जीव-जन्तुओं की भी सुरक्षा किए जाने को हर स्तर पर आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने राहत आयुक्त कार्यालय से भी उम्मीद की है कि, मौसम पूर्वानुमान का दैनिक बुलेटिन वहां से जारी हो। यहां तक कि गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती न हो।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जारी एक संदेश में कहा कि, आम जनजीवन और पशुधन, वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर मजबूत प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि तेज गर्मी, लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में जरूरत हो तो अतिरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था हो। योगी के मुताबिक, सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। पानी की कमी से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए।

- हीट वेव (लू) की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश
- गांव हो या शहर, न हो अनावश्यक बिजली कटौती

मतदान आज, मोदी व योगी की अग्निपरीक्षा

नई दिल्ली/ लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण मोदी और योगी की भी अग्निपरीक्षा का होगा। हालांकि देशभर के एनडीए प्रत्याशियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी तो वहीं उप्र. के उम्मीदवारों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साख जुड़ी है। लेकिन चुनाव के इस आखिरी पड़ाव में वाराणसी सीट से खड़े नरेन्द्र मोदी के सामने इस बार जीत की हैट्रिक लगाने का लक्ष्य है तो वहीं योगी आदित्यनाथ के घर की सीट गोरखपुर से भाजपा ने अभिनेता से नेता बने रवि किशन शुक्ला को फिर से मैदान में उतारा है। जहां योगी की भी प्रतिष्ठा मायने रखती है।

शनिवार को आखिरी चरण के मतदान में देश की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों के साथ सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी होगा। इस दौरान 144 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला मतदाता करेंगे। इस चरण में उप्र. की महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व रॉबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है। सातवें चरण के चुनाव में भाजपा नीत राजग के दो घटक दलों अपना दल (एस) और सुभासपा के तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मिर्जापुर से अपना दल (एस) प्रमुख व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और राबर्ट्सगंज (सुरक्षित) सीट से रिंकी कोल मैदान में हैं।

मतदान केंद्र जाती पोलिंग पार्टी।

- देश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदाता आज डालेंगे वोट
- उप्र. की 13 सीटों पर 144 उम्मीदवार मैदान में

गुप्त तरीके से धन देने के मामले में ट्रंप दोषी करार

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में डोनाल्ड ट्रंप को रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों के तहत बृहस्पतिवार को दोषी पाया गया। इसी के साथ वह किसी गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराए गए अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ऐसे में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों में शामिल हो एक बार फिर से व्हाइट हाउस पहुंचने की उनकी उम्मीदों की राह में कानूनी चुनौतियां बढ़ती दिख रही हैं। मैनहट्टन के 12 जूरी सदस्यों के एक समूह ने बृहस्पतिवार को एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि वे सर्वसम्मति से इस बात पर सहमत हैं कि 77 वर्षीय ट्रंप ने वयस्क फिल्म स्टार डेनियल्स को 130,000 अमेरिकी डॉलर की राशि का भुगतान छिपाने के लिए व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की।

- दोषी ठहराए जाने वाले अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति

प्रज्वल 7 दिन की हिरासत में

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु की एक अदालत ने शुक्रवार को जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता एवं सांसद प्रज्वल रेवन्ना को 6 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते 33 वर्षीय प्रज्वल को शुक्रवार तड़के जर्मनी के म्यूनिख से लौटने के बाद गिरफ्तार किया गया था। कई महिलाओं के कथित यौन शोषण के वीडियो सामने आने के बाद हासन से सांसद प्रज्वल जर्मनी चले गए थे।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के.एन. शिवकुमार ने रिमांड अर्जी और प्रज्वल के वकील की आपत्ति पर सुनवाई के बाद उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

यौन उत्पीड़न मामला

- जर्मनी से भारत लौटते ही एयरपोर्ट से किया गया था गिरफ्तार

जमानत रद करने का अनुरोध

एसआईटी ने हाईकोर्ट में प्रज्वल के पिता एवं जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना की अपहरण मामले में जमानत रद करने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति कृष्ण दीक्षित की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। सत्र अदालत ने एचडी रेवन्ना को जमानत दी थी।

भवानी की जमानत अर्जी खारिज

सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी की अग्रिम जमानत अर्जी एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को खारिज कर दी। भवानी ने मैसुरु जिले के केआर नगर में एक महिला के अपहरण से जुड़े मामले में बुधवार को विशेष अदालत में अग्रिम जमानत अर्जी दायर की थी।

बिभव कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली कोर्ट ने केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को यह कहते हुए 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और इसे पूरा करने में समय लगेगा। केजरीवाल के निजी सहायक कुमार ने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने कहा दोनों पक्षों की दलीलों सुनने के बाद उन्हें हिरासत में भेजने का फैसला किया। उन्हें 14 जून को पेश किया जाए।

आंधी-तूफान ने ली 10 की जान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी/शाहजहांपुर

अमृत विचारः नौतपा की तपिश से बेहाल लोगों के लिए गुरुवार को उठा आंधी तूफान आफत बन गया। तूफान से लखीमपुर में जहां पांच लोगों की मौत हो गई, वहीं शाहजहांपुर में दो बच्चों समेत पांच की गई जान चली गई।

लखीमपुर के थाना निघासन के गांव दरेरी निवासी घनश्याम गिरि पत्नी और बच्चों के साथ रिश्तेदारी में गए थे। वह गुरुवार देर शाम वापस घर जा रहे थे। फूलबेहड़ थाना क्षेत्र में तूफान के दौरान उनकी कार पर विशालकाय पेड़ गिर गया, जिससे कार चला रहे घनश्याम गिरि की मौत हो गई, जबकि पत्नी व दो बच्चे घायल हो गए। फरधान थाना क्षेत्र के गांव लोन पुरवा में पक्की दीवार गिरने से उसके मलबे के नीचे दबकर इंद्रपाल (60) की मौत हुई है। थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव इमलिया में ट्रक पर नीम का पेड़ गिर गया, जिससे उसके नीचे दबने से गांव निवासी विनोद कुमार (35) की मौत हो गई। कोतवाली गोला गोकर्णनाथ के गांव विलासपुर में तूफान के दौरान पक्की दीवार भरभराकर ढह गई, जिसके उसके नीचे दबकर फूलमती (75) पत्नी शिवराम की मौत हो गई। हैदराबाद क्षेत्र के गांव बेलवा में दीवार में दबकर 36 वर्षीय विकास कुमार की जान चली गई। थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव रोशन नगर में एक मकान गिरने से उसके मलबे में दबकर फखरुद्दीन (35), उनकी पत्नी नसीम बानो (30), पुत्र सलमान (5) और छह माह का अरमान गंभीर रूप से घायल हो दया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लखीमपुर की शास्त्रीनगर कालोनी में कार पर गिरा खंबा।

- लखीमपुर में पांच की मौत तो शाहजहांपुर में दो बच्चों समेत पांच की गई जान

नैक मूल्यांकन में नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय को ए रैंक

संवाददाता, अयोध्या कार्यालय

अमृत विचारः आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज ने नया इतिहास रच दिया। नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक) के मूल्यांकन में ए रैंक पाने वाला यह देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय बन गया है। रैंकिंग की जानकारी के बाद विश्वविद्यालय और इससे जुड़े महाविद्यालयों में जश्न का माहौल शुरू हो गया।

नैक मूल्यांकन के लिए आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवम प्रौद्योगिक विवि कुमारगंज ने कड़ी मेहनत की। हर पहलू को बेहतर किया गया। रैंकिंग के लिए मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की छह सदस्यीय टीम ने दो चरणों में यहां का दौरा किया। 22-24 अप्रैल और 27 से 29 मई को कृषि विवि और कृषि महाविद्यालयों में परीक्षण किया। हर स्तर पर इसका मूल्यांकन किया। टीम कृषि महाविद्यालय कोटवा आजमगढ तक पहुंची थी। इसके बाद शुक्रवार को कृषि विश्वविद्यालय को ए रैंक मिलने की घोषणा की गई। इसकी सूचना मिलने के बाद विश्वविद्यायालय में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रदेश की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने कृषि विवि के कुलपति को बधाई दी। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने इस सफलता का श्रेय कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य अफसरों को दिया है। कहा कि नैक की तैयारी में प्रदेश की कुलाधिपति के मार्गदर्शन से यह अवसर आया है। सफलता में पूरे विश्वविद्यालय परिवार की परिश्रम और मेहनत शामिल है।

- रैंकिंग की जानकारी के बाद विश्वविद्यालय और इससे जुड़े महाविद्यालयों में जश्न का माहौल

अब ऑनलाइन गवाही, न्यायालय जाने की जरूरत नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : एक जुलाई से न्यायिक प्रक्रिया में देशभर में नई व्यवस्था लागू होने जा रही है जिसके तहत अब गवाहों को बयान दर्ज कराने के लिए कोर्ट जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

गवाह किसी भी शहर, जिले, प्रदेश में हो, वह वहीं से वीडियो कांफ्रेसिंग बूथ के जरिये गवाही दे सकेगा। इसके लिए प्रत्येक जिले में वीडियो कांफ्रेंसिग बूथ बनाए जाएंगे। हालांकि कानपुर में यह सुविधा पहले से ही शुरू हो चुकी है। अभी तक यह व्यवस्था नियमावली के तहत हो रही थी, अब नई संहिता में इसको विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया है, जो एक जुलाई लागू होगा। अभी तक साक्षियों को कोर्ट में हाजिर होना पड़ता है। कई बार गवाह, वादकारी मजबूरीवश पेश नहीं हो पाते। इसके अलावा बयान देने के लिए लोग काम-धंधा छोड़ कर एक शहर से दूसरे शहर के चक्कर काटते थे, जिस कारण न्यायिक प्रक्रिया में भी देरी होती थी। एक जुलाई से लागू होने वाली भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में यह व्यवस्था की गई है कि आप अपने शहर में वीडियो कांफ्रेंसिग बूथ में बैठकर ही गवाही दे सकते हैं। प्रत्येक जिले में वीडियो कांफ्रेसिंग बूथ बनाए जाएंगे। हालांकि कानपुर में वर्ष 2021-22 में ही ऑनलाइन गवाही शुरु करा दी गई थी। कानपुर में एडीसीपी मनीष सोनकर को इस व्यवस्था का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

- भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में इसे विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया

एक जुलाई से न्यायिक प्रक्रिया में देशभर में नई व्यवस्था लागू होने जा रही

इस तरह उठाएं सुविधा का लाभ

संयुक्त निदेशक (अभियोजन) कुंवर विक्रम सिंह ने बताया कि वीडियो कांफ्रेंसिंग नियमावली 2020 के अनुसार हर जिले में वीडियो कांफ्रेंसिंग बूथ गठित किए जाएंगे, जो न्यायालय परिसर में भी होंगे और जिला मजिस्ट्रेट अथवा जनपदीय पुलिस कार्यालय में भी। बूथ पर कोआर्डिनेटर लेवल का एक अधिकारी होगा, जो यह तय करेगा कि गवाही देने वाला व्यक्ति वही है जिसके लिए समन जारी किया गया है। इसी अधिकारी के माध्यम से साक्षी अन्य जनपद की न्यायालय को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गवाही देने की सूचना भेजेगा।

कोरोना महामारी के दौरान वर्ष 2020 में वीडियो कांफ्रेंसिंग से बयान या पेशी की नियमावली लाई गई थी। अब नई संहिता में इसको विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया है, जो एक जुलाई लागू होगा। – **कुंवर विक्रम सिंह**, संयुक्त निदेशक (अभियोजन)

कुछ इस तरह होगी गवाही

संयुक्त निदेशक (अभियोजन) ने बताया कि गवाह अपने बूथ कोआर्डिनेटर से संपर्क कर वीडियो कांफ्रेंसिंग के संबंध में नियमावली में दिया गया फार्म भरेगा। जिसमें मोबाइल, ईमेल आईडी आदि देगा। यह सब कार्यवाही करने के बाद बूथ कोआर्डिनेटर के माध्यम से कोर्ट को भेजा जाएगा। इसके बाद कोर्ट बयान के लिए तिथि व स्लॉट निर्धारित करेगी। यह सब चीजें गवाह को निर्धारित तिथि से पहले उपलब्ध करा दी जाएंगी।

होम रन नहीं, चौके-छक्कों की होगी बारिश

अमेरिका पहुंचा क्रिकेट, आज से शुरू होगा टी-20 विश्व कप का महासमर, यूएसए और कनाडा के बीच होगा पहला मैच

न्यूयॉर्क, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के जरिए क्रिकेट का कारवां बेसबॉल के दीवाने देश अमेरिका में दस्तक देगा तो कई नए सितारे चमकेंगे तो कई बेनूर भी होंगे, कुछ प्रबल दावेदार होंगे तो कुछ छिपे रूस्तम निकलेंगे। आज शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के इस महासमर में पहली बार 20 टीमें जोर आजमाइश करेंगी तो इसकी भव्यता देखने लायक होगी।

भारतीय टीम जहां पिछले काफी समय से आईसीसी खिताब नहीं जीत पाने का मलाल मिटाना चाहेगी तो ऑस्ट्रेलिया एक और खिताब जीतकर अपना दबदबा कायम रखने की फिराक में होगा। पाकिस्तान और वेस्टइंडीज का लक्ष्य सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का होगा। गत चैंपियन इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की चुनौती भी कमतर नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के पास हेनरिच क्लासेन, डेविड मिलर, क्विंटोन डिकॉक और कैगिसो रबाडा जैसे मैच विनर हैं और इसका लक्ष्य चोकर्स का तमगा हटाने का होगा।

इस टूर्नामेंट के जरिए अमेरिका में क्रिकेट का पदार्पण होने जा रहा है जहां 29 दिन के भीतर 55 में से 16 मैच खेले जाएंगे। बाकी 39 मैच वेस्टइंडीज में होंगे जिनमें सुपर आठ चरण के मैच, सेमीफाइनल और फाइनल शामिल है। खिताब के प्रबल दावेदारों के अलावा अफगानिस्तान की चुनौती को भी कमतर नहीं आंका जा सकता जो अपना दिन होने पर कोई भी उलटफेर कर सकती है। जहां तक टीम इंडिया का सवाल है तो सबसे मजबूत टीमों में से एक होने के बावजूद यह 2013 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी है। इस बार बतौर कप्तान रोहित की साख भी दाव पर है। रोहित से पहले विराट कोहली भी सबसे सफल टेस्ट कप्तान जरूर रहे लेकिन आईसीसी खिताब नहीं जीत सके।

पिछले 12 महीने में भारतीय टीम दो आईसीसी टूर्नामेंटों में उपविजेता रही और ऑस्ट्रेलिया के हाथों अपनी धरती पर पिछले साल एक दिवसीय विश्व कप का फाइनल हार गई। पिछले दो टी-20 विश्व कप में पुराने ढर्रे पर चलने का उसे खामियाजा भुगतना पड़ा लेकिन इस बार वह गलती दोहराना नहीं चाहेगी। भारत को यहां तीन मैच खेलने हैं जिनमें पाकिस्तान के खिलाफ नौ जून को होने वाला चर्चित मुकाबला शामिल है। भारतीय टीम इसी मैदान पर एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी जबकि टूर्नामेंट का पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से खेलना है।

अभ्यास मैच आज, भारतीय टीम के पास खुद को परखने का मौका

न्यूयॉर्क। भारतीय टीम टी-20 विश्व कप में पांच जून को होने वाले अपने शुरुआती मुकाबले से पहले आज जब बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच के लिए मैदान पर उतरेगी तो उसके सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल प्रभावी योगदान देकर अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे तो वहीं अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह का साथी बनने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विश्व कप के 13 साल के सूखे को खत्म करने के लिए टीम की सबसे बड़ी चुनौती सही संयोजन को ढूंढने की होगी। ऐसे में यह अभ्यास मैच काफी महत्वपूर्ण होगा। विराट कोहली इस मैच के शुरू होने से कुछ समय पहले अमेरिका पहुंचेंगे ऐसे उनके इस मैच को खेलने की संभावना कम है। भारतीय टीम बाकी के सभी 14 खिलाड़ियों को इस मैच में आजमाना चाहेगी क्योंकि इस मुकाबले को आधिकारिक मान्यता नहीं मिली है। यह सभी खिलाड़ियों के लिए लय परखने का अवसर होगा। कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दो ऐसे क्षेत्र है जहां विवेकपूर्ण निर्णय लेने की आवश्यकता होगी।

हमें हालात को समझना होगा : रोहित

न्यूयॉर्क। नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की तारीफ करते हुए भारतीय कप्तान रोहित ने कहा कि पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ मैच से पहले उनकी टीम को पिच और हालात के अनुकूल ढलना होगा। अभ्यास मैच इसलिए भी अहम है क्योंकि भारत के मैच स्थानीय समयानुसार सुबह 10 .30 पर शुरू होंगे। रोहित ने कहा हम हालात को समझने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि हम यहां पहले खेले नहीं हैं। हम कोशिश यही करेंगे कि पांच जून को पहले मैच से पूर्व हालात के अनुकूल ढल सकें।

लामिछाने को अमेरिका ने नहीं दिया वीजा

काठमांडू। नेपाल के शीर्ष लेग स्पिनर संदीप लामिछाने टी-20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि ने अमेरिका ने दूसरी बार उनके वीजा आवेदन को नामंजूर कर दिया। अमेरिका ने पिछले सप्ताह उनका वीजा आवेदन नामंजूर कर दिया था। इसके बाद नेपाल सरकार और नेपाल क्रिकेट संघ ने दोबारा आवेदन किया था। नेपाल क्रिकेट संघ ने बयान ने कहा आवश्यक पहल करने के बावजूद अमेरिकी दूतावास ने राष्ट्रीय खिलाड़ी लामिछाने को वीजा देने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है।

वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को 35 रनों से हराया

पोर्ट ऑफ स्पेन। निकोलस पूरन (75), कप्तान रोवमन पॉवेल (52) और शरफेन रदरफोर्ड (47) रनों की तूफानी पारियों तथा उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया को 35 रनों से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन ने जॉनसन चार्ल्स के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट लिए 90 रनों की साझेदारी की। निकोलस पूरन ने 25 गेंद पर सर्वाधिक 75 रन और जॉनसन चार्ल्स ने 31 गेंदों में 40 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 257 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 258 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया लेकिन वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के विकेटों को गिराते हुए उनकी रनों की रफ्तार पर लगाम लगाई। ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 222 रन ही बना सकी और 35 रनों से मुकाबला हार गई।

ग्रुप ए
- भारत
- पाकिस्तान
- आयरलैंड
- कनाडा
- यूएसए

ग्रुप बी
- इंग्लैंड
- ऑस्ट्रेलिया
- नामीबिया
- स्कॉटलैंड
- ओमान

ग्रुप सी
- न्यूजीलैंड
- वेस्टइंडीज
- अफगानिस्तान
- युगांडा
- पापुआ न्यू गिनी

ग्रुप डी
- दक्षिण अफ्रीका
- श्रीलंका
- बांग्लादेश
- नीदरलैंड
- नेपाल

टी-20 विश्व कप का कार्यक्रम

दिनांक	मुकाबले	शहर
1 जून	यूएसए बनाम कनाडा	डलास
2 जून	वेस्ट इंडीज बनाम पापुआ न्यू गिनी	गुयाना
	नामीबिया बनाम ओमान	बारबाडोस
3 जून	श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीका	न्यूयॉर्क
	अफगानिस्तान बनाम युगांडा	गुयाना
4 जून	इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड	बारबाडोस
	नीदरलैंड बनाम नेपाल	डलास
5 जून	**भारत बनाम आयरलैंड**	**न्यूयॉर्क**
	पापुआ न्यू गिनी बनाम युगांडा	गुयाना
	ऑस्ट्रेलिया बनाम ओमान	बारबाडोस
6 जून	यूएसए बनाम पाकिस्तान	डलास
	नामीबिया बनाम स्कॉटलैंड	बारबाडोस
7 जून	कनाडा बनाम आयरलैंड	न्यूयॉर्क
	न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान	गुयाना
	श्रीलंका बनाम बांग्लादेश	डलास
8 जून	नीदरलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका	न्यूयॉर्क
	ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड	बारबाडोस
	वेस्ट इंडीज़ बनाम युगांडा	गुयाना
9 जून	**भारत बनाम पाकिस्तान**	**न्यूयॉर्क**
	ओमान बनाम स्कॉटलैंड	एंटीगुआ
10 जून	दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश	न्यूयॉर्क
11 जून	पाकिस्तान बनाम कनाडा	न्यूयॉर्क
	श्रीलंका बनाम नेपाल	फ्लोरिडा
	ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया	एंटीगुआ
12 जून	**यूएसए बनाम भारत**	**न्यूयॉर्क**
	वेस्ट इंडीज़ बनाम न्यूज़ीलैंड	त्रिनिदाद
13 जून	इंग्लैंड बनाम ओमान	एंटीगुआ
	बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड	सेंट विंसेंट
	अफगानिस्तान बनाम पापुआ न्यू गिनी	त्रिनिदाद
14 जून	यूएसए बनाम आयरलैंड	फ्लोरिडा
	दक्षिण अफ्रीका बनाम नेपाल	सेंट विंसेंट
	न्यूज़ीलैंड बनाम युगांडा	त्रिनिदाद
15 जून	**भारत बनाम कनाडा**	**फ्लोरिडा**
	नामीबिया बनाम इंग्लैंड	एंटीगुआ
	ऑस्ट्रेलिया बनाम स्कॉटलैंड	सेंट लूसिया
16 जून	पाकिस्तान बनाम आयरलैंड	फ्लोरिडा
	बांग्लादेश बनाम नेपाल	सेंट विंसेंट
	श्रीलंका बनाम नीदरलैंड	सेंट लूसिया
17 जून	न्यूज़ीलैंड बनाम पापुआ न्यू गिनी	त्रिनिदाद
	वेस्ट इंडीज बनाम अफगानिस्तान	सेंट लूसिया
19 जून	ए2 बनाम डी1	एंटीगुआ
	बी1 बनाम सी2	सेंट लूसिया
20 जून	सी1 बनाम ए1	बारबाडोस
	बी2 बनाम डी2	एंटीगुआ
21 जून	बी1 बनाम डी1	सेंट लूसिया
	ए2 बनाम सी2	बारबाडोस
22 जून	ए1 बनाम डी2	एंटीगुआ
	सी1 बनाम बी2	सेंट विंसेंट
23 जून	ए2 बनाम बी1	बारबाडोस
	सी2 बनाम डी1	एंटीगुआ
24 जून	बी2 बनाम ए1	सेंट लूसिया
	सी1 बनाम डी2	सेंट विंसेंट
26 जून	**सेमीफाइनल-1**	गुयाना
27 जून	**सेमीफाइनल-2**	त्रिनिदाद
29 जून	**फाइनल**	**बारबाडोस**

खेल डायरी

नीरज को यूरोप में दो माह की ट्रेनिंग की मिली मंजूरी

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा की पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए यूरोप में 60 दिन की ट्रेनिंग लेने की योजना को मंजूरी दे दी जिसमें उनके साथ कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो ईशान मारवाह भी होंगे। खेल मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) ने एशियाड स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट के हंगरी में 10 से 21 जून तक होने वाले अंतर्राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर में स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच वेन पैट्रिक लोम्बार्ड को शामिल करने का प्रस्ताव भी स्वीकार कर लिया। वह 29 मई से 28 जुलाई तक यूरोप में अलग अलग स्थानों पर ट्रेनिंग करेंगे। वहीं, पहलवान विनेश छह से नौ जून तक बुडापेस्ट में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की दूसरी रैंकिंग सीरीज पोलयाक इमरे एवं वरगा जानोस मेमोरियल में हिस्सा लेंगी। इनके साथ ही एमओसी ने लंबी कूद एथलीट शैली सिंह के यूरोप में ट्रेनिंग शिविर को 23 जून तक बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

अदिति अमेरिकी महिला ओपन के पहले दौर में संयुक्त 35वें स्थान पर

लैंकेस्टर (पेंसिल्वेनिया)। मेजर टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने की कवायद में लगी भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने अमेरिकी महिला ओपन के पहले दौर में तीन ओवर 73 का कार्ड खेला। अदिति पहले दौर के बाद संयुक्त 35वें स्थान पर हैं। पहले दौर में केवल चार खिलाड़ियों ने अंडर पार का स्कोर बनाया। जापान की युका सासो पहले दौर के बाद दो शॉट की बढ़त पर हैं। उनके बाद एमेच्योर एडेला सेर्नोसेक, थाईलैंड की विचानी मीचाई और एंड्रिया ली का नंबर आता है जिन्होंने एक अंडर 69 का स्कोर बनाया। इस भारतीय खिलाड़ी ने अपने दूसरे नौ होल में दूसरे और नौवें होल में बोगी और इस बीच पार चार वाले चौथे होल में डबल बोगी की।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप में प्रणव और दिव्या करेंगे भारत की अगुवाई

गांधीनगर। अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा, भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रणव आनंद और अंतर्राष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख शनिवार को यहां शुरू होने वाली फिडे विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में खिताब के बड़े दावेदार होंगे। चौदह जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 46 देशों के 230 खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें कई ग्रैंडमास्टर है। गुजरात राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित की जा रही चैंपियनशिप का उद्देश्य खेल को बढ़ावा देना और युवा प्रतिभाओं को अपनी चमक बिखरने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। सचिव देव पटेल ने कहा यह आयोजन केवल दुनिया भर के युवा शतरंज खिलाड़ियों की अविश्वसनीय प्रतिभा को प्रदर्शन का मौका देगा।

आईबीए से अलग हुआ भारत, विश्व मुक्केबाजी से जुड़ा

नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने शुक्रवार को निलंबित आईबीए से नाता तोड़ लिया और ओलंपिक में खेल के भविष्य को लेकर खतरे से निपटने के लिए विश्व मुक्केबाजी से जुड़ गया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने महीनों पहले चेताया था कि अगर राष्ट्रीय महासंघ अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से जुड़े रहे तो 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से इस खेल को हटाया जा सकता है। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा मुक्केबाजी का ओलंपिक दर्जा बरकरार रहना खेल के लिए जरूरी है लिहाजा हम विश्व मुक्केबाजी से जुड़कर खुश हैं। विश्व मुक्केबाजी का गठन अप्रैल 2023 में किया गया। इसके अध्यक्ष आईबीए अध्यक्ष पद के पूर्व दावेदार बोरिस वान डेर वोर्स्ट हैं। वान डेर वोर्स्ट ने कहा अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण देश है और हम बीएफआई का विश्व मुक्केबाजी परिवार में स्वागत करते हैं। यह बेहद रोमांचक कदम है जिससे एशिया में हमारी मौजूदगी बढ़ेगी।

फ्रेंच ओपन में बारिश, हार से भीगे दिग्गज

- 17 वर्ष की मीरा एंड्रीवा ने विक्टोरिया अजारेंका को हराया
- येलेना ओस्टापेंको को क्लारा टॉसन ने किया पराजित
- गैर वरीयता प्राप्त पीटन स्टर्न्स ने डारिया कसाटकिना को दी मात

पेरिस, एजेंसी

बारिश के कारण देर रात तक चले फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मैचों में कई उलटफेर देखने को मिले जिसमें अमेरिका की गैर वरीयता प्राप्त पीटन स्टर्न्स की 10वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना पर जीत भी शामिल है। बारिश के कारण लगातार तीसरे दिन खेल प्रभावित रहा तथा आयोजकों को मैच देर रात तक करवाने के लिए प्रत्येक कोर्ट पर दूधिया रोशनी लगानी पड़ी।

स्टर्न्स को अपनी बारी के लिए पूरे दिन इंतजार करना पड़ा लेकिन यह मैच जब रात नौ बजे के बाद शुरू हुआ तो इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने ठंड, नमी और धीमी परिस्थितियों से अच्छी तरह से सामंजस्य बिठाया तथा 17 फोरहैंड विनर्स लगाकर कसाटकिना को 7-5, 6-2 से हराया। पूरे दिन भर में 55 मैच खेले गए जिनमें अंतिम मैच रात एक बजे के बाद समाप्त हुआ। इस मैच में रूस की 17 वर्ष की खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और यहां 19वीं वरीयता प्राप्त विक्टोरिया अजारेंका को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया। एंड्रीवा का अगला मुकाबला स्टर्न्स से होगा, जिसमें विजेता रहने वाली खिलाड़ी पहली बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचेगी। महिला वर्ग में जिन अन्य वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता देखना पड़ा उनमें 2017 की चैंपियन और यहां नौवीं वरीय येलेना ओस्टापेंको भी शामिल हैं जिन्हें डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने 7-6 (4), 4-6, 6-3 से पराजित किया। इस टूर्नामेंट में 11वीं वरीयता प्राप्त डेनियल कोलिन्स सर्बियाई क्वालीफायर ओल्गा डैनिलोविच से 6-7 (3), 7-5, 6-4 से हार गईं जबकि 23वीं वरीय अन्ना कालिंस्काया को बियांका एंड्रीस्कू ने 1-6, 7-5, 6-3 से बाहर का रास्ता दिखाया। पुरुष वर्ग में उलटफेर का शिकार बनने वाले खिलाड़ियों में 25वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसेस टियाफो और 31वें वरीय मारियानो नवोन शामिल हैं। टियाफो को उनके मित्र डेनिस शापोवालोव ने 6-7 (4), 6-4, 6-2, 6-4 ने पराजित किया।

आंद्रे रुबलेव के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते इटली के माटेओ अर्नाल्डी।

यूक्रेन की दयाना यास्त्रेमस्का के खिलाफ शॉट खेलती अमेरिका की कोको गौफ।

इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हराया

ओवल, एजेंसी

फिल सॉल्ट (45) और कप्तान जॉस बटलर (39) रनों की शानदार परियों तथा गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने आखिरी टी-20 में पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर चार मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है।

सीरीज के दो मैच बारिश की वजह से रद्द हो गए थे। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के कप्तान बाबर और रिजवान की सलामी जोड़ी ने तेज शुरुआत की, लेकिन पाकिस्तान की पारी 19.5 ओवर में 157 रन पर सिमट गई। 158 रन के जवाब में इंग्लैंड के कप्तान बटलर और फिल सॉल्ट ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 6.2 ओवर में 82 रन जोड़ डाले। जॉनी बेयरस्टो (28) और हैरी ब्रूक (17) रन बनाकर कर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 15.3 ओवर में 158 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

पेरिस ओलंपिक में निशांत देव ने पक्का किया स्थान

- निकहत, प्रीत पवार और लवलीना पहले कर चुकीं टिकट पक्कता
- क्वार्टर फाइनल में निशांत ने वासिल सेबोटारी को हराया

बैंकॉक, एजेंसी

निशांत देव (71 किग्रा) मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर्स के सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस में होने वाले खेलों का कोटा हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पिछले क्वालीफायर्स में मामूली अंतर से ओलंपिक का टिकट कटाने से चुके निशांत ने क्वार्टर फाइनल में मोल्दोवा के वासिल सेबोटारी को 5-0 से हराकर कोटा हासिल किया।

भारत ने इस तरह से मुक्केबाजी में ओलंपिक के लिए चौथा कोटा स्थान हासिल किया। निशांत से पहले महिला मुक्केबाज निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीत पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पेरिस के लिए अपना टिकट पक्का कर चुकी हैं। पुरुषों के 71 किग्रा भार वर्ग में पांच कोटा स्थान दांव पर लगे थे और इस तरह से निशांत ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर पेरिस ओलंपिक में अपना स्थान पक्का किया। टूर्नामेंट में अभी तक अपना दबदबा बनाए रखने वाले निशांत ने फिर से आक्रामक शुरुआत की और शुरू से ही दनादन मुक्के जड़कर अपने प्रतिद्वंद्वी को पस्त कर दिया।

क्वालीफायर्स के क्वार्टर फाइनल में हारी अंकुशिता बोरो

बैंकॉक। अंकुशिता बोरो की विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर्स में स्वीडन की एग्नेस एलेक्सियसन से 2-3 से हार के साथ ही भारत की महिलाओं के 60 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने की उम्मीदें भी समाप्त हो गई।

भारत की 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी स्वीडिश प्रतिद्वंदी के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन यूरोपीय खेलों की पूर्व पदक विजेता खिलाड़ी ने अपने अनुभव के दम पर बोरो को बाहर का रास्ता दिखा दिया। भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत की लेकिन वह इसे बरकरार नहीं रख पाई। अरुंधति चौधरी (66 किग्रा) और अमित पंघाल (51 किग्रा) को भी आज अपने मुकाबले खेलने हैं।

सेमीफाइनल में पहुंची त्रिशा-गायत्री

सिंगापुर ओपन

कल्लांग, एजेंसी

त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय बैडमिंटन जोड़ी शुक्रवार को दक्षिण कोरिया की कित सो यंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में आज यहां भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया की किम सो यंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को 79 मिनट तक चले बेहद ही रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 18-21, 21-19, 24-22 से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय महिला युगल की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कोरिया की किम-कोंग की जोड़ी ने पहले गेम में बढ़त के साथ त्रिशा-गायत्री की जोड़ी पर दबाव बनाया। इसके बाद कोरियाई जोड़ी ने बढ़त के साथ पहले गेम में अपनी पकड़ मजबूत की। मैच के दूसरे गेम में कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस गेम में काफी उतार चढ़ाव देखा गया पहले भारतीय जोड़ी ने 7-3 की बढ़त के साथ शानदार शुरुआत की। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों 19-19 की बराबरी पर पहुंचा कर मैच में वापसी की। तीसरे और निर्णायक गेम में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली। मैच का सबसे रोमांचक पल तब आया जब दोनों टीम 20-20 की बराबरी पर पहुंच गई। फिर खेल 22-22 तक पहुंच गया लेकिन अंत में भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार दो अंक हासिल करके गेम को 24-22 से अपने नाम करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

गड़े धन के लिए बच्चे की हत्या में दंपति को उम्रकैद

आठ मार्च 2022 को बच्चे के सिर पर ईंट मारकर की गई थी हत्या और 12 मार्च को भुल्लू के घर से बरामद हुआ था उसका शव

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

अमृत विचार। घर में गड़े धन को पाने की लालसा में पड़ोसी के बच्चे की हत्या करने वाले दंपति को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह ने बताया कि सीतापुर चौकी अंतर्गत राघवपुरी मोहल्ला निवासी रामप्रयाग रैदास पुत्र हीरालाल ने कर्वी कोतवाली में नौ मार्च 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका नौ वर्षीय बेटा कन्हैया गुम हो गया है और काफी ढूंढने पर भी नहीं मिला। विवेचना में उसके पड़ोसी भुल्लू वर्मा उर्फ जरैला पुत्र रामअवतार और उसकी पत्नी उर्मिला का नाम प्रकाश में आया था। 12 मार्च को बच्चे का शव दंपति के घर से बरामद हुआ था। आरोपी भुल्लू ने पूछताछ में घर में गड़े धन के लिए बच्चे की हत्या की बात स्वीकारी थी। उसने बताया था कि आठ मार्च को जब रामप्रयाग पत्नी के साथ दुकान गया था तब उसने कन्हैया को बहाने से घर बुलाया था और कमरे में पूजा करने के बाद बच्चे के सिर पर ईंट से वार कर दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने हत्यारोपी दंपति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध भुल्लू वर्मा और उसकी पत्नी उर्मिला को कठोर आजीवन कारावास की सजा दी और दोनों को 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

सजा सुनने के बाद कोर्ट से बाहर आते दोषी दंपति। अमृत विचार

अपनी दुकान पर उदास खड़े कन्हैया के माता-पिता। अमृत विचार

- पड़ोस में ही रहते थे दोषी पति-पत्नी, 25-25 हजार रुपये अर्थदंड भी लाया गया

तब आक्रोशित लोगों ने जाम भी लगाया था

इस हत्याकांड में बच्चे का शव बरामद हुआ था तो लोग का आक्रोशित हो गये थे। लोगों ने तब रत्नावली चौराहे पर जाम भी लगाया था और पत्थरबाजी भी की थी और प्रशासन के समझाने पर बड़ी मुश्किल से माने थे।

कन्हैया।

आरोपियों ने बच्चे से ही मंगाई थी पूजा सामग्री

पुलिसिया पूछताछ में सामने आया था कि आरोपी दंपति ने कन्हैया से ही 20 रुपये देकर नारियल और पूजा की अन्य सामग्री मंगाई थी। वह बेचारा नहीं जानता था कि वह अपनी मौत का सामान स्वंय लेकर जा रहा है। आठ मार्च को रामप्रयाग जब अपनी पत्नी के साथ रत्नावली चौराहे स्थित दुकान चले गए और बेटी के साथ बेटा कन्हैया घर में अकेला रह गया तो भुल्लू ने उसे फुसलाकर घर बुला लिया था।

दीपावली में आया था स्वप्न

तत्कालीन एसपी धवल जायसवाल ने इस सनसनीखेज हत्याकांड के संबंध में बताया था कि सीतापुर चौकी अंतर्गत कक्षा तीन के छात्र कन्हैया के पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति भुल्लू को दीपावली को स्वप्न आया कि उसके घर में तीन हांडियों में धन गड़ा है और उसके ऊपर एक सांप बैठा है। अगर वह वहां पूजा पाठ करे और एक बच्चे की बलि दे दे तो यह धन उसको मिल जाएगा। आठ मार्च को आरोपी भुल्लू ने बच्चे को लालच देकर घर बुलाया। पत्नी उर्मिला ने बच्चे का गला दबाकर मारने की कोशिश की। बच्चे की सांसें तब भी चलती रहीं तो हत्यारों का दिल नहीं पसीजा। इसके बाद ईंट से सिर पर हमला कर बच्चे को मार डाला और अनाज के डिब्बे में शव को छिपाकर रख दिया कि मौका मिलते ही ठिकाने लगा देंगे।

भइया, कोर्ट के फैसले से मिली कलेजे को ठंडक

कुलदीप नामदेव,सीतापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। लगभग डेढ़ साल पहले अंधविश्वास और तंत्रमंत्र के फेर में हुए इस नृशंस हत्याकांड ने लोगों का दिल दहला दिया था। तीर्थक्षेत्र में हुई अनदेखे धन की लालच में मानवता के पतन की यह कहानी लंबे समय तक चर्चा का विषय बनी रही थी। शुक्रवार को जब कोर्ट का फैसला आया तो एक बार फिर बच्चे के मां-बाप के घाव ताजा हो गए। मासूम की याद कर वे फफके तो पर उन्होंने इस बात पर संतोष भी जाहिर किया कि न्यायालय ने उनको न्याय दिया। इससे उनके बेटे की आत्मा को शांति मिलेगी।

रत्नावली मुहल्ले में अपनी गुमटीनुमा दुकान में बैठे कन्हैया के पिता रामप्रयाग ने बताया कि जब उनके बेटे का शव मिला तो पूरा घर जैसे पागल हो गया था। उनको तो लगता था कि अब जीने का कोई मकसद नहीं अब जी न पाएंगे। बताया कि बेटे के गम में उनकी तबीयत खराब हो गई और आंखों की ज्योति कमजोर हो गई। मां जमुनिया तो आज भी बीमार रहती है। बेटी कुसुम के बाद कन्हैया दूसरे नंबर की संतान था। उससे छोटी लक्ष्मी और फिर संगम हैं। आज भी अपने भाई को याद कर रोने लगते हैं। रामप्रयाग ने बताया अबवह संतुष्ट हैं, उनको न्याय मिला है। बेटे को शांति मिली है। उन्होंने इसके लिए पुलिस और लोगों के सहयोग का भी आभार जताया। कोर्ट के फैसले से दंपति के चेहरे पर संतोष दिखा।

- बेटे कन्हैया को याद कर भर आईं माता-पिता की आंखें

नहीं है मेरा रिश्तेदार

रामप्रयाग ने इस बात से साफ इंकार किया कि भुल्लू उसका रिश्तेदार है। उसने बताया कि वह महज पड़ोसी है और कुछ नहीं। बताया कि एक बार भंडारे में उसका भुल्लू से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस पर भुल्लू ने उसको धमकी भी दी थी और उसने रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी।

बच्चे से था आसरा

रामप्रयाग ने बताया कि कन्हैया पढ़ने लिखने में तेज था। बड़े बेटे से हर माता पिता को आस होती है। बताया कि वह पत्नी के साथ गुटका-पान आदि बेचकर किसी तरह गुजारा करता है। मजदूरी कर परिवार का पेट पालता है। उसे बड़े बेटे कन्हैया से बहुत आसरा था कि वह बड़ा होकर परिवार संभालेगा। जब उसकी इस तरह मौत हुई तो लगा जीने का कोई मतलब नहीं रहा।

एक नजर

संवासियों को बताए तंबाकू के दुष्परिणाम

चित्रकूट। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शुक्रवार को राजकीय संप्रेषण गृह (किशोर) में संवासियों को तंबाकू से स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई। योगाचार्य संजय कुमार ने सात्विक जीवन व सात्विक भोजन के महत्व को समझाया। परामर्शदाता दीपक शर्मा ने तंबाकू व नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन यादव ने नशे से होने वाले सामाजिक प्रभाव की जानकारी दी। सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने सभी को नशे से दूर रहने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में राहुल यादव, रामहित, अक्षय कुमार, रामखेलावन आदि मौजूद रहे।

तंबाकू निषेध जागरुकता अभियान चलाया

चित्रकूट। समाजसेवी संस्था सेवा भारती ने तंबाकू निषेध दिवस पर जागरुकता अभियान चलाया। जिला महामंत्री राज किशोर शिवहरे ने लोगों से अपील की कि वे तंबाकू का सेवन न करें। बताया कि सरकार तंबाकू-गुटखे से करोड़ों रुपये राजस्व की उगाही करती है, दूसरी ओर करोड़ों रुपये धूम्रपान निषेध विज्ञापन के नाम पर खर्च कर रही है।

एसपी ने ली साप्ताहिक परेड की सलामी

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइंस में सलामी लेकर शुक्रवार की परेड का निरीक्षण किया। टोलियों की ड्रिल देखी और प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण को इसमें सुधार के निर्देश दिए। एसपी ने परिवहन शाखा, आवासीय परिसर का भ्रमण कर सफाई के लिए निर्देशित किया। बाद में विवेचकों के कार्यों की समीक्षा की।

डीएम व एसपी ने जेल का किया मुआयना

चित्रकूट। डीएम अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया।

दोनों अधिकारियों ने महिला बैरिक में महिलाओं से खानपान की जानकारी ली। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि शासन की गाइडलाइन के अनुसार इनकी दूरभाष पर बात भी कराते रहें। महिला बैरक में कूलर लगातार चालू रहे। धूप से बचाव के लिए भी प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि कैदियों को नींबू पानी भी पिलाए जाने की व्यवस्था की जाए। डीएम और एसपी ने अस्पताल का निरीक्षण किया और प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि सभी बंदियों को ओआरएस भी बंटवाया जाए। अस्पताल में सभी दवाइयां उपलब्ध रहें। कोई मरीज गंभीर बीमार होता है तो उसको तत्काल जिला अस्पताल के लिए रिफर किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक जिला कारागार शशांक पांडेय, जेलर संतोष कुमार वर्मा, डिप्टी जेलर राजीव कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रामानुजम आदि मौजूद रहे।

भीषण गर्मी और लू से करें बचाव : एडीएम

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

अमृत विचार। अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम ने लोगों को गर्मी में खुद का बचाव करने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि तापमान में बढ़ोतरी शरीर की कार्यप्रणाली पर प्रभाव डालती है जिससे मृत्यु भी हो सकती है। इसलिये आप लोग अपने घर पर ही रहें जरूरी काम पर ही बाहर निकलें।

एडीएम ने बताया कि वर्तमान में तापमान में हो रही वृद्धि की वजह से लू (हीट स्ट्रोक) से बचने की आवश्यकता है। बताया कि विश्व मौसम संघ के अनुसार किसी स्थान का तापमान लगातार पांच दिन तक सामान्य तापमान से पांच डिग्री सेंटीग्रेट अधिक बना रहे अथवा लगातार दो दिन तक 45 डिग्री से अधिक तापमान रहे तो उसे हीटवेव या लू कहते हैं। बताया कि जब तापमान 37 डिग्री तक रहता है तो मानव शरीर पर इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। इससे ऊपर बढ़ने पर वातावरणीय गर्मी को शोषित करने की वजह से शरीर का तापमान प्रभावित हो जाता है। यह हीट स्ट्रोक या सन स्ट्रोक की स्थिति होती है।

शरीर से पानी नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। बताया कि शराब की लत, हृदय रोग, पुरानी बीमारी, मोटापा, पार्किंसंस रोग, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह और डाययूरेटिक, एंटीस्टिमिनिक जैसी मानसिक रोग की औषधियों के सेवन से लू लगने का खतरा ज्यादा होता है।

गर्म लाल और शुष्क त्वचा होना, पसीना न आना, तेज नाड़ी चलना, व्यवहार में परिवर्तन भ्रम की स्थिति, सिरदर्द, मितली, थकान और कमजोरी, चक्कर आना, मूत्र न होना आदि लू लगने के लक्षण हैं। बताया कि जो लोग एक या दो घंटे से अधिक समय तक 40.6 डिग्री सेंटीग्रेट या अधिक तापमान में रहते हैं तो उनके मस्तिष्क में क्षति होने की आशंका प्रबल हो जाती है।

- जरूरी काम पर ही घर से निकलने की दी सलाह

स्टेयरिंग फेल होने से दुकान में घुसा ट्रक, लाखों का नुकसान

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। कस्बे के देवीजी तिराहे के पास शुक्रवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक चबूतरे को तोड़ते हुए दुकान में जा घुसा, जिससे दीवार, शटर तो टूटे ही, विद्युत उपकरण भी नष्ट हो गए। करीब डेढ़ घंटे तक चालक स्टेयरिंग में फंसा रहा। पुलिस ने क्रेन की मदद से चालक को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इस घटना से करीब दो घंटे तक मुख्य बाजार, थाना रोड व स्मारक रोड बाधित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लगी रहीं।

शुक्रवार अपराह्न लगभग साढ़े 12 बजे बरुआ-तीरमऊ घाट से बालू लादकर अरविंद कुमार पुत्र नन्हेलाल निवासी कुसरेही थाना सोरांव (प्रयागराज) देवीजी तिराहे के पास पहुंचा था कि उसके ट्रक की स्टेयरिंग फेल हो गई। इससे तेज रफ्तार ट्रक एक इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान के आगे बने चबूतरे को तोड़ते हुए अंदर जा घुसा। इससे शटर और दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। अंदर रखे कूलर, मिक्सी, वुफर, पंखे व अन्य उपकरण टूट फूट गए। चालक करीब डेढ़ घंटे तक ट्रक में ही फंसा रहा। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने लोगों के सहयोग से कटर मशीन व क्रेन से उसको बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टर प्रमोद कुमार ने चालक को खतरे से बाहर बताया है। चालक अरविंद कुमार ने बताया कि स्टेयरिंग फेल हो जाने पर वह लोगों को आवाज देते हुए हटा रहा था कि ट्रक एक दुकान में जा घुसा।

ट्रक घुसने के बाद दुकान का हाल। अमृत विचार

- कड़ी मशक्कत के बाद चालक को ट्रक से निकाला जा सका
- दुकान हुई तहस-नहस, बड़ा हादसा टला

दुकान मालिक चला गया था पानी पीने

दुकान मालिक संजय जायसवाल ने बताया कि दुकान में कोई ग्राहक नहीं था तो वह पास की दुकान में पानी पीने चला गया था नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। बताया कि उसको लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

लापरवाही नगर पंचायत नयागांव (मप्र) पर कभी भी पुल के फाटक बंद करने और खोलने का लगाया आरोप

नपं की हठधर्मिता से हजारों मछलियों के बच्चों की गई जान

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। मंदाकिनी नदी के पन्नालाल घाट में मछलियों के हजारों बच्चों की मौत पर नगर पंचायत नयागांव (मप्र) के जिम्मेदारों पर सवालिया निशान लग रहे हैं। आरोप है कि मनमाने ढंग से रपटे के फाटक को खोलने और बंद करने से जलस्तर कम होने से इनकी जान गई। स्थानीय लोगों और बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने सतना के जिलाधिकारी से इस संबंध में कार्रवाई की मांग की है।

अजीत ने कहा कि नगर पंचायत की हठधर्मिता के चलते एकबार फिर हजारों मछलियों के बच्चों की मौत हो गई। अचानक फाटक बंद होने से नदी का जलस्तर अचानक घट गया और छोटी मछलियां तड़पकर मर गई। बताया कि पिछले कई वर्षों से नगर पंचायत नयागांव जानबूझकर मछलियों को मार रहा है। पहले छोटे पुल के फाटक साल में एक बार खोले और बंद किये जाते थे लेकिन पिछले दो-तीन वर्ष से फाटक को मजाक बनाकर रख दिया गया है। जब मर्जी होती है किसी न किसी बहाने इनको खोल और बंद कर दिया जाता है। अजीत ने बताया कि जब अचानक फाटक 10-12 घंटे के लिए बंद हो जाते हैं तो नीचे नदी का जलस्तर घटने की वजह से मछलियों की मौत होती है। बताया कि पिछले वर्षों में भी कई बार मछलियां नपं प्रशासन की लापरवाही की भेंट चढ़ चुकी हैं।

गुरुवार देरशाम को एकबार फिर नयागांव रपटे के फाटक बंद होने से मछलियों के हजारों बच्चों की तड़पकर मौत हो गई। मछलियों को तड़पकर मरते देख स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। कुछ युवाओं से जब मछलियों को तड़पकर मरते नहीं देखा गया तो उन्होंने फाटक खोल दिए। ऐसा करने से लाखों मछलियों के बच्चों की जान बच गई लेकिन तब तक हजारों मछलियों की मौत हो चुकी थी। मछलियों के मरने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष ने सतना कलेक्टर से दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

तड़पकर मरे पड़े मछलियों के बच्चे। अमृत विचार

अजीत सिंह।

- बुंदेली सेना ने सतना के डीएम से की कार्रवाई की मांग

चुटहिल होते हैं लोग

अजीत ने कहा कि अचानक फाटक खुलने से रामघाट की सीढ़ियां भी पानी से ऊपर आ जाती हैं और इनकी फिसलन से श्रद्धालु चुटहिल होते हैं।उन्होंने कहा कि इस लापरवाही से किसी की जान तक जा सकती है।

जल, जंगल और जमीन बचाने पर चर्चा

चित्रकूट। ग्राम पंचायत बंदरी के सिलखोरी मजरे में विकास पथ सेवा संस्थान के तत्वावधान में शुक्रवार को जल-जंगल-जमीन को बचाने पर चर्चा की गई। इसमें चुन्नी देवी एफपीओ से जुड़े सिलखोरी, बंदरी के किसानों ने हिस्सा लिया। किसानों को बताया गया कि आज के दौर में जमीन से पानी खत्म होता जा रहा है, जलाशय सूखते जा रहे हैं। इसकी सबको चिंता करनी चाहिए। पानी को बचाने के प्रयास किये जाने चाहिए। जंगल काटे जाने से तापमान बढ़ता जा रहा है।

अगर पौधे नहीं लगाए गए तो मानव महामारी का शिकार होगा। इस दौरान साधु सिंह, ब्रजमोहन सिंह, ओंकार सिंह के अलावा किसान वीरेंद्र सिंह, राजकुमार, भगवानदीन, दिलदार, रामदास, रामकेश, लवकुश सिंह, राजेंद्र सिंह, रामसुमेर आदि के अलावा महिला किसानों भी मौजूद रहीं।

सार-संक्षेप

महिला कर्मचारी को सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं देते लोग। अमृत विचार

सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी भावभीनी विदाई

चित्रकूट। तहसील कर्वी में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुमन देवी की सेवानिवृत्ति पर शुक्रवार को तहसील सभागार में एक कार्यक्रम के दौरान भावभीनी विदाई दी गई। उप जिलाधिकारी सौरभ यादव ने उनके कार्यकाल की सराहना की। तहसीलदार वाचस्पति सिंह, राजिस्ट्रार कानूनगो पुरुषोत्तम शुक्ला आदि ने उनके स्वभाव को सराहा। नायब तहसीलदार मंगल प्रसाद यादव ने कहा कि तहसील में उनका कार्यकाल हमेशा याद किया जाएगा। इस मौके पर समाजसेवी बीपी पटेल, कानूनगो सुधीर सिंह, लवलेश सिंह, मिथलेश सिंह और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने उनके स्वास्थ्य और बेहतर भविष्य की कामना की।

राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते लोग।

राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की मनाई जयंती

चित्रकूट। पाल धर्मशाला में शुक्रवार को राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई। इसकी अध्यक्षता पाल महासभा के संरक्षक मंडल ने की। लोगों ने माता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके राष्ट्र के विकास के लिए किए गए योगदान पर चर्चा की। पाल धर्मशाला समिति के सह सचिव विनय कुमार पाल एडवोकेट ने कहा कि माता अहिल्याबाई ने सती प्रथा का अंत किया। बेटी पाल, जगमोहन पाल आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बीडी पाल जगमोहन, विनय पाल, कुबेर पाल, रामचरण, गया प्रसाद, शिव नरेश, धर्मेंद्र पाल, भवानीदीन, रामनरेश, उदय राज, भगवत पाल नरेंद्र पाल, विनोद, संतु, रामशरण, जमुना प्रसाद, राम प्रकाश, राजाराम आदि मौजूद रहे।

गांव के पास जंगल में लगी आग। अमृत विचार

जंगल में लगी आग, समय पर पाया काबू

चित्रकूट। कर्वी ब्लाक अंतर्गत शीतलपुर तरौंहा गांव के पास जंगल में शुक्रवार को आग लग गई। बताया जाता है कि किसी ने बीड़ी पीकर फेंक दी थी, जिससे सूखे झाड़ झंखाड़ ने आग पकड़ ली। अग्निशमन अधिकारी सतीश कुमार चौधरी ने बताया कि समय से सूचना मिलने पर चार दमकल वाहनों ने आग बुझा दी गई। इससे आसपास घरों को नुकसान नहीं पहुंचा।

कैदी की तबीयत बिगड़ी, मौत

चित्रकूट। जिला जेल में एक कैदी की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक, चचेरे भाई की हत्या के मामले में सजायाफ्ता मानिकपुर थानांतर्गत ऊंचाडीह परौंहा निवासी लवलेश रजक (38) को शरीर में जलन, उल्टी और घबराहट की शिकायत पर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान सांसें थम गईं। वह 18 मार्च 2019 से जेल में था। जेलर संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि 27 मई को उसकी तबीयत खराब होने पर जेल के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सुधार न होने पर गुरुवार को जिला अस्पताल ले जाया गया था।

भागवत कथा के दौरान सजी श्रीकृष्ण और सुदामा की झांकी। अमृत विचार

भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का हुआ समापन

बरगढ़ (चित्रकूट)। डोडियामाफी गांव में द्विवेदी परिवार के आवास पर हो रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का शुक्रवार को हवन एवं भंडारा के साथ समापन हो गया। ग्रेटर नोएडा से आए कथावाचक पं. सूर्यदेव द्विवेदी ने सातों दिन लोगों को भागवत का महात्म्य बताया और समझाया कि कथा सुनने से मनुष्य की सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। कलियुग में श्रीमद् भागवत साक्षात कल्पवृक्ष है, जो मांगो वह प्राप्त होता है। कथा समाज को शिक्षित, सुसज्जित जीवन जीने का मार्ग और दिशा दिखाती है। इस दौरान बच्चों ने आकर्षक झांकियों से लोगों का मन मोहा। मुख्य जजमान रामनिवास द्विवेदी व कलावती देवी रहीं। कथा का आयोजन मनोज द्विवेदी और मुकेश द्विवेदी ने कराया।

शौचालय ढहाने का आरोप लगाया

चित्रकूट। खरौंध निवासी भारतेंदु प्रकाश ने कोतवाली में तहरीर देकर गांव के कुछ लोगों पर शौचालय ढहाने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि उसने अपने घर के पीछे शौचालय बनवाया था। गांव के कुछ लोगों ने इस पर आपत्ति जताई थी और पुलिस बुलाई थी। पुलिस ने भी जांच में ठीक पाया था। चकबंदी लेखपाल ने भी इस पर आपत्ति नहीं की थी। आरोप लगाया कि 27 मई को इन लोगों ने शौचालय को ढहा दिया। इससे उसे 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ। आरोपियों ने धमकी भी दी। उसने कोतवाली प्रभारी से जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

गैरहाजिर मिले डॉक्टर का रोका वेतन

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को एमसीएच विंग खोह में मातृ एवं शिशु अस्पताल एवं हीट वेव वार्ड की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वार्ड में पर्दे लगाने के लिए निर्देश दिए और कहां कि आने वाले मरीजों का रजिस्टर बनाएं। सीएमएस को निर्देश दें कि जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या ज्यादा होने पर यहां रिफर किया जाए। डीएम ने डा. शिवचंद्र पटेल को अनुपस्थित पाए जाने पर अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के लिए आदेशित किया। इस मौके पर एडीएम उमेश चंद्र निगम, सीएमओ डॉ. भूपेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

अस्पतालों में बनाए गए हीट वेव वार्ड

चित्रकूट। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि गर्मी एवं लू के मद्देनजर सभी सरकारी अस्पतालों में हीट वेव संबंधी वार्ड स्थापित किए गए हैं। इनमें चिकित्सकों एवं अन्य पैरामेडिकल स्टॉप की ड्यूटी 24 घंटे रहेगी। बताया कि सभी अस्पतालों में वाटर कूलर पूर्णतया संचालित है और यहां आने वाले मरीज एवं उनके परिजनों को हीट वेव के बचाव के बारे में जानकारी दी जा रही है।

ओवरलोड वाहनों से वसूला 70 लाख रुपये से अधिक का समन शुल्क

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- परिवहन विभाग ने ओवरलोड 60 वाहनों पर की कार्रवाई
- लाखों रुपए टैक्स बकाया होने पर 5 जेसीबी को किया निरुद्ध

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद ओवरलोडिंग के खिलाफ सुस्त चल रहा प्रशासन का अभियान फिर से तेज हो गया। परिवहन विभाग ने करीब 60 गिट्टी, मोरंग से लदे वाहनों को सीज करने के साथ ही टैक्स के रूप में करीब 70 लाख से अधिक का राजस्व जमा कराया।

जनपद में ओवरलोड मोरंगधिट्टी के वाहनों के संचालन के विरुद्ध जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में जनपद स्तर पर चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत परिवहन विभाग ने गिट्टीध्मोरंग की ढुलाई में लदे 60 वाहनों को निरुद्ध किया हैं। एआरटीओ शंकरजी सिंह ने 35 वाहन, वही पीटीओ रामसुमेर यादव द्वारा 25 वाहन निरुद्ध किए गए हैं। जिससे 70 लाख से अधिक सम्मन शुल्क जमा कराया गया हैं, वहीं लाखो रुपये के टैक्स भी जमा कराए गए है।

बकाया टैक्स, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण न लगाने वाले 5 जेसीबी व बुलडोजर को गिरवां थाने में निरुद्ध किया गया है। ज्ञातब्य हो की इस प्रकार के जो भी वाहन बिना टैक्स के संचालन हो रहे हैं उनके विरुद्ध अभियान चलाकर निरुद्ध करने की कार्यवाही की जाएगी।

एआरटीओ शंकर जी सिंह ने बताया की यह अभियान आगे भी निरंतर प्रभावी ढंग से जारी रहेगी। उन्होंने सभी ट्रांपोर्टरों से कहा कि वह अपना टैक्स समय से जमा करें तथा नियमानुसार वाहनो का संचालन ही करें।

जेसीबी को निरुद्ध करते एआरटीओ।

पानी भरी चरही बच्चों व मवेशियों को दे रही गर्मी से निजात

संवाददाता , नरैनी (बांदा)

- डुबकी लगा दूर कर रहे गर्मी चिड़ियों का भी रहता डेरा
- कालिंजर किला के नीचे स्थित मेला मैदान में बनी है चरही

अमृत विचार। भीषण गर्मी में पानी से भरा टैंक देखकर पशु-पक्षी भी निश्चित ही राहत महसूस कर रहे हैं। इतना ही नहीं पानी से लबालब भरी चरही में जहां बच्चे डुबकी लगाते हैं, वही दर्जनों बंदर भी निडर हो पानी पीकर अठखेलियां करते नजर आते हैं। विभिन्न प्रजाति की चिड़ियों के झुंड दिन भर यहां अपना डेरा जमाए रहती हैं।

कटरा कालिंजर गांव में कालिंजर किला के नीचे स्थित मेला मैदान में ग्राम पंचायत द्वारा बनायी गयी सीमेंट की बनी बड़ी चरही बच्चों को स्विमिंग पुल का मजा दे रही हैं। तपती गर्मी से राहत पाने के लिए गांव के दर्जनों बच्चें यहां सुबह से डुबकी लगाने पहुंच जाते हैं। गर्मी और प्यास से बेहाल किला के जंगली बंदर भी दर्जनों की तादाद में रोज दोपहर में यही आकर पानी पीते हैं और उछल कूद कर अपनी गर्मी दूर करते हैं।प्रचंड गर्मी में परिंदे को भी यहां लोगो की मौजूदगी से फर्क नहीं पड़ता। एक-एक कर पक्षियों के झुंड आते हैं और बेखौफ होकर पानी पीते हैं। यह नजारा यहां आम हो गया है। शाम को गांव के तमाम लोग यहां यही नजारा देखने चले आते हैं। ग्राम प्रधान राजेन्द्र कुमार चरही को अपने नलकूप से पानी भरवाते है।

ऐतिहासिक महत्व के कालिंजर किला के नीचे बसे तरहटी कालिंजर और कटरा कालिंजर में पानी का भारी संकट है। दोनो गांव पहाड़ के नीचे बसे हैं जिससे गर्मी शुरू होते ही यहां लगे ज्यादातर सरकारी हैंडपंप पानी देना बंद कर देते हैं। कटरा कालिंजर के ग्राम प्रधान राजेन्द्र कुमार ने बताया कि पेयजल संकट से निपटने के लिए 10 दिनों से पानी के टैंकर से गांव में पेयजल आपूर्ति कर रहे हैं।

पानी से भरी चरही में अठखेलियां करते बच्चे। अमृत विचार

क्षतिग्रस्त पाइप लाइन से पानी का संकट

- कटरा कालिंजर गांव को तत्कालीन सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने गोद लिया था, तभी 10 साल पहले यहां जल संस्थान ने लाखों रुपए की लागत से पानी की टँकी का निर्माण कराया था। कुछ महीने ही गांव के लोगो को टँकी का पानी मिल पाया। गांव के बुजुर्ग गोपाल कुशवाहा ने बताया कि मुख्य सड़क के निर्माण में पाइप लाइने छतिग्रस्त हो गई थी। विभाग ने आज तक इसे ठीक नहीं कराया है। गांव के पूर्व प्रधान रामदेव, गोपाली सोनकर, हबीब हुसैन आदि ने बताया कि ओवर हेड टैंक से पेयजल आपूर्ति के लिए जल संस्थान के महाप्रन्धक से भी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन किसी ने व्यवस्था को सुधारने का कदम नहीं बढ़ाया है।

जिले में लू की चपेट में आने से सात की मौत

प्रशासन ने लू से मौत होने से किया इंकार, हीटस्ट्रोक और लू के थपेड़ों से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। गर्मी का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। गर्मी अब जानलेवा बन गई है। ताजी घटना में अलग-अलग स्थानों पर लू लगने से छह लोगों की मौत हो गई। पंचनामा के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि प्रशासन लू से मौत होने पर इनकार कर रहा है।

देहात कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव निवासी 62 वर्षीय मलखान पुत्र रामकिशोर शुक्रवार की दोपहर वह साइकिल से वापस गांव जा रहा था। तभी गांव के पास लू लगने से गिर पड़ा। मौके पर पहुंचे परिजनो ने उसे उठाकर जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। शहर के जरैली कोठी निवासी 30 वर्षीय अनुज पुत्र रामदास एक सप्ताह पहले ई रिक्शा से गिर कर चोटहिल हो गया था। शुक्रवार की दोपहर वह पटटी करवाने अस्पताल आ रहा था। तभी रास्ते में लू ने अपनी चपेट में ले लिया। उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर के जीआई मैदान के पास अज्ञात 35 वर्षीय युवक शुक्रवार की दोपहर पैदल जा रहा था। तभी लू लग जाने से वह गश खा कर गिर पड़ा। मौके पर पहुंचे एंबुलेस चालक शिवओम ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के पवई गांव निवासी 60 वर्षीय सुरतिया पत्नी छोटेलाल बीमार थी। वह अपने पुत्र के साथ इद्रानगर स्थित डॉक्टर के यहा इलाज करवाने आई थी। वापस लौटते समय लू लग गई। उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। शहर के जरैली कोठी निवासी 65 वर्षीय बबलू को गुरूवार को लू लग गई। उसे शुक्रवार की भेर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत गई। डॉक्टरो अपने रजिस्टर में हीट स्टोक से मौत होने की पुष्टी की है। शहर के आर्दश बजरंग इंटर कालेज एफसीआई गोदाम के पास अज्ञात 45 वर्षीय युवक को शुक्रवार की दोपहर लू की चपेट में आने से गश खा कर गिर पड़ा। उसे एंबुलेस से जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां डॉक्टरो ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया।

नरैनी कोतवाली क्षेत्र के पनगरा गांव निवासी चुनिया (60) पत्नी श्याम दोपहर बाद अपने घर में काम करते समय अचानक गिर कर बेहोश हो गई। पति और भतीजा नत्थू शाम 4 बजे सीएचसी लेकर आये थे।चिकित्सक डॉ लवलेश पटेल ने बताया कि अस्पताल पहुचने से पहले महिला की मृत्यु हो चुकी थी। परिजनों ने लू से मृत्यु की आशंका जताई है। उधर प्रशासन की तरफ से अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने अभी तक लू से किसी की भी मौत न होने का दावा किया है।

निशुल्क ठंडे पानी की जल सेवा शुरू

बांदा। भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए हेल्पिंग दी मैनकाइंड फाउंडेशन की ओर से शहर के सट्टन चैराहा (अलीगंज) में शुक्रवार को निशुल्क पेयजल सेवा का शुभारंभ हुआ। संस्था संरक्षक हसनुद्दीन सिद्दीकी और अध्यक्ष नदीम उल्लाह खान ने राहगीरों को पानी पिलाकर पेयजल सेवा का उद्घाटन किया। बताया कि जल्द ही शहर के प्रमुख चौराहों के साथ भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संस्था की ओर से पेयजल सेवा शुरू की जाएगी। इस मौके पर फरहान, सुनील सक्सेना, उमर अली, अनस उल्लाह खान, जावेद खान, गफ्फार खान, आसिफ मसूदी, शेख रिजवान, इमरान, सभासद इरफान खान, डा.एस गोपाल, समीर कुरैशी, हसीब अली, फुरकान, प्रणव गुप्ता, मोहित सिंह, मनोज सिंह, शिवम धुरिया, आशीष गुप्ता, राघव गुप्ता, हनी आदि उपस्थित रहे।

फीता काटकर पेयजल सेवा की शुरुआत करते समाजसेवी। अमृत विचार

तपिश से हुई थी चमगादड़ों की मौत

फॉलोअप

संवाददाता, अतर्रा

अमृत विचार। कस्बे के नहर कोठी में हजारों की तादाद पर हुई चमगादड़ों की मौत का खुलासा हो गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हीट वेव से होने की पुष्टि हुई है। पालिका दो दिनों से पेड़ों में पानी का छिड़काव कराकर चमगादड़ों को बचाने का प्रयास कर रही है।

दो दिन पहले नहर कोठी में स्थित आक्सीजन पार्क में पेड़ों पर टंगे चमगादड़ों की मौत हो रही थी। दो तीन दिन के अंतराल में चमगादड़ों के मरने का आंकड़ा हजारों में पहुंच गया था। वहीं स्तनधारी पक्षी के मरने की खबर से समाजसेवियों व पशु प्रेमियों में चिंता की लहर दौड़ गई। उन्होंने फौरन स्थानीय प्रशासन के जिम्मेदारों से लेकर जिले के आला अधिकारियों को सूचित कर पक्षियों को बचाने का आग्रह किया। जिसके उपरांत उपजिलाधिकारी रावेंद्र सिंह द्वारा फौरन पशु अस्पताल के चिकित्सक को भेजकर मृत चमगादड़ का पोस्टमार्टम कर रिपोर्ट सौंपने के लिए आदेशित किया गया। मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सक ने पक्षी के शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम किया जिसमें मौत होने का कारण हीट स्ट्रोक निकल कर सामने आया है। उधर, नगर पालिका परिषद द्वारा अपने संसाधनों से आक्सीजन पार्क में पेड़ों पर पानी का छिड़काव कराकर चमगादड़ों को गर्मी से बचने का प्रयास किया जा रहा है। समाजसेवी राकेश गौतम मेजर, अर्जुन प्रकाश गुप्ता, शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आक्सीजन पार्क में चमगादड़ लगातार मर रहे हैं। अधिकारियों को सूचना देकर उन्हें बचाने के उपक्रम करने का आग्रह किया गया है लेकिन अधिकारियों द्वारा मामले को ज्यादा तवज्जो नहीं दिया जा रहा है। पशु चिकित्सक डा. निर्मल कुमार गुप्ता ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चमगादड़ों की मौत हीट स्ट्रोक के चलते होना निकल कर आई है। एसडीएम रावेंद्र सिंह ने कहा कि मामला गंभीर है। चमगादड़ों के बचाने के लिए पानी का छिड़काव कराया जा रहा है।

नगर पालिका की गाड़ी में लदे मृत चमगादड़। फाइल फोटो

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हुआ स्पष्ट

क्षतिग्रस्त पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर लगे रोक

कार्यालय संवाददाता,बांदा

अमृत विचार। पैलानी स्थित केन नदी पुल की कोठी क्षतिग्रस्त होने पर क्षेत्रीय लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अविलंब भारी वाहनों के पुल से गुजरने पर रोक लगाने की मांग की है। कहा कि भारी वाहनों के निकलने पर रोक न लगाई गई तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

तहसील क्षेत्र के किसान नेता व समाजसेवी पुष्पेंद्र सिंह चुनाले की अगुवाई में हरिओम सिंह, विनोद शुक्ला और चंद्रभान सिंह आदि ने शुक्रवार को एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया है कि लोक निर्माण विभाग ने पुल के ऊपर क्षतिग्रस्त स्थान के ऊपर दीवार का निर्माण करा दिया। यह सुरक्षा की नजर से पर्याप्त नहीं है। तत्काल प्रभाव से पुल के ऊपर से बालू से लदे ट्रुक व भारी वाहनों के निकलने पर तत्काल रोक लगानी चाहिए। आशंका जताई कि भारी वाहनों के गुजरने पर रोक न लगाई गई तो बड़ी घटना हो सकती है। क्षतिग्रस्त पुल से भारी वाहन निकलते रहेंगे तो पुल की स्थिति और खराब हो जाएगी। कहा कि लोक निर्माण विभाग अधिकारी किसी बड़े हादसे के बाद जागते हैं।

न्याय की प्रतिमूर्ति थीं अहिल्याबाई होल्कर

कार्यालय संवाददाता,बांदा

अमृत विचार। पाल समाज ने अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई। वक्ताओं ने उन्हें बहादुर योद्धा, कुशल तीरंदाज व न्याय की प्रतिमूर्ति बताया। उनके द्वारा प्रजा के लिए कराए गए काम आज भी अमर हैं। न्यायप्रिय होने का प्रमाण है कि उन्होंने अपने पुत्र को मृत्युदंड की सजा सुनाई थी। इस मौके पर समाज के युवाओं ने बाइक रैली निकाली।

मुक्तिधाम रोड (क्योटरा) स्थित युवा पाल समाज संघ ने शुक्रवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 299वीं जयंती भव्य समारोह के बीच मनाई। समारोह में पाल समाज के लोगों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। मंडल अध्यक्ष श्यामबाबू पाल ने कहा कि सभी को वीरांगना के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में अपनी सहभागिता देनी चाहिए। लोकमाता अहिल्याबाई गरीबों जीव-जंतुओं से अथाह प्रेम करती थीं। उनका न्यायप्रिय होना इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने अपने पुत्र को मृत्युदंड की सजा सुनाई। होल्कर ने आक्रमणकारियों द्वारा तोड़े गगए मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया। वाराणसी का काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्वार उन्होंने कराया था। संचालन कर रहे आनंद कुमार पाल ने कहा कि महापुरुषों के जीवन आदर्शो को मानते हुए सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी के लिए संघर्ष करना होगा। डा.देवेंद्र प्रताप पाल ने सामाजिक कुरीतियों को त्याग कर शिक्षा को अपनाते हुए आगे बढ़ने का आह्वान किया। समारोह समापन पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर बाइक गौरव यात्रा क्योटरा चैराहा से होते हुए महाराणा प्रताप चैक, कचहरी, संकट मोचन होते हुए भूरागढ़ गांव तक निकाली गई। इस मौके पर रामकरण पाल, रितेश पाल, रामपाल, जितेंद्र पाल, तुलसीदास पाल, सुशील पाल, सुरेश पाल, शिवकरण पाल, योगेंद्र पाल, शिवदास पाल, रमेश पाल, गेंदा पाल आदि उपस्थित रहे।

राजमाता अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण करते समाज के लोग। अमृत विचार

सार-संक्षेप

मैच के दौरान खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते आयोजक। अमृत विचार

हरियाणा को हराकर बांदा ने सीरीज जीती

बांदा। टी-20 तीन मैचों की श्रंखला में मेजबान बांदा ने हरियाणा को पराजित करते हुए सीरीज पर कब्जा जमाया। सीरीज समापन पर दोनों टीमों और उनके खिलाड़ियों को आयोजकों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मैच देखने को मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ जुटी। पुलिस लाइन क्रिकेट ग्राउंड में मेजबान बांदा और हरियाणा टीम के बीच तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेली गई। जिसमें बांदा टीम ने सभी मैच जीतकर सीरीज अपने नाम की। अंतिम मैच में कप्तान शुभम दुबे ने टॉस जीत कर फील्डिंग का निर्णय लिया। हरियाणा टीम 144 रनों का स्कोर खड़ा किया। बांदा के शुभम दुबे ने चार और ज्ञान यादव ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। मेजबान बांदा टीम ने आसानी से लक्ष्य पाकर मैच जीत लिया। शुभम दुबे ने नाबाद 36 और ज्ञान यादव ने 34 रनों का योगदान दिया। श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज ज्ञान यादव बने। मैन आफ दी सीरीज शुभम दुबे चुने गए। वरिष्ठ खिलाड़ी धनंजय करवरिया ने व्यवस्थाएं संभाली। इस मौकेपर मनोज मिश्रा, पीटीआई संजय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

दो ने फांसी लगाकर जान दी

बांदा। तिंदवारी थाना क्षेत्र के बड़ेहा डेरा निवासी सचिन (28) पुत्र गोकरन सिंह ने बुधवार की रात खंडर पड़े मकान में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शुक्रवार की शाम उसी मकान में मवेशी घुस गया। मवेशी को भगाने के लिए गोकरन मौके पर पहुंच गया। शव देखते ही वह चीख पड़ा। पंचनामा के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एक अन्य घटना में इसी थाना क्षेत्र के गरौती गांव निवासी रेशमा (25) पत्नी रणधीर ने शुक्रवार की शाम सूने घर में कमरे के अंदर साड़ी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। पति ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। मृतका की मां पार्वती और पिता मनधारी ने बताया कि उसने अपनी बेटी रेशमा की शादी तीन साल पहले की थी।

जहरीला कीड़ा काटने से किसान की मौत

नरैनी। कालिंजर थाना क्षेत्र के चुनकाईपुरवा निवासी लल्लू (75) लल्लूराम पुत्र लुखरू शुक्रवार की शाम खेत में काम कर रहा था। तभी सर्प ने उसके पैर में डस लिया। परिजनो ने उसे नरैनी सीएचसी भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के दामाद सुरेश ने बताया कि लल्लूराम किसानी करता था। उसके पास 15 बीघा जमीन है।

गौशाला में आग से डेढ़ सौ ट्रॉली पुआल खाक

नरैनी। पचोखर गांव की गौशाला में आग लग जाने से यहा रखा लगभग डेढ़ सौ ट्रैक्टर ट्राली पुआल जल गया। गोशाला में गौवंश न होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाई है। महुआ ब्लाक के पचोखर गांव की गोशाला में वृहस्पतिवार की शाम अचानक आग लग गयी। संरक्षित गोवंश के खाने के लिए रखे सूखे पुआल में आग लगने से आग भड़क उठी। 50 फुट ऊची लपटे देख ग्रामीण आग के पास नही पहुच पाए। सूचना पर फायर ब्रिगेड गांव पहुची लेकिन रास्ता सकरा होने के कारण मौके पर नही पहुच पायी। पुआल जल जाने के बाद आग अपने आप शांत हो गई। आगजनी की घटना के समय गोशाला में गोवंश नही थे, सभी मवेशी चरने के लिए चले गए थे। जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। गोशाला के ऊपर से हाइटेंशन बिजली के तार निकले हैं। गोशाला संचालकों ने बिजली के तारो से निकली चिंगारी से आग लगने की आशंका जताई है।घटना से बिजली के तार छतिग्रस्त हो गए थे जिसे दुरुस्त करने के लिए एसडीओ विद्युत उपखंड अतर्रा ने सूचना मिलने के बाद ही जेई को फाल्ट दुरुस्त कर आपूर्ति जारी करने का आदेश दिया है।

आयोजन | विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर न्यू होप नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

तंबाकू धीमा जहर है, कोई फ्री में दे तो भी हरगिज न खाएं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- देश में प्रतिवर्ष करीब 10 लाख लोग तंबाकू के सेवन से मरते हैं: सीएमओ
- तंबाकू से हृदय रोग, श्वसन रोग, मुख व आहारनाल का कैंसर हो सकता

अमृत विचार। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर न्यू होप नशा मुक्ति एवं पुर्नवास केंद्र में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों के प्रति आगाह किया गया। इस मौके पर लोगों को तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि तंबाकू से होने वाली बीमारियों का खतरा भयावह है। तंबाकू का हर वर्ग में बढ़ता उपयोग महत्वपूर्ण जन स्वास्थ्य समस्या बन गया है। तंबाकू का सेवन धीमा जहर है, अगर कोई जहर फ्री दे तो भी हम नहीं खाते। पर इस व्यसन पर लोग पैसे खर्च कर खाते हैं। साथ ही अकाल मौत को निमंत्रण देते हैं। इससे बचने की जरूरत है।

शहर के वीरेंद्र नगर (डांड़िनपुरवा) सिथत न्यू होप नशा मुक्ति एवं पुर्नवास केंद्र में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम में तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। गोष्ठी में मुख्य चिकित्साधिकारी डा.एके श्रीवास्तव ने कहा कि तंबाकू से होने वाली बीमारियों का खतरा भयावह है। तंबाकू का उपयोग जन स्वास्थ्य समस्या बन गया है। देश में प्रतिवर्ष करीब 10 लाख लोग तंबाकू के उपयोग के कारण असमय मृत्यु का शिकार हो जाते है। साढ़े पांच हजार नए युवा प्रतिदिन तंबाकू का उपयोग शुरू करते हैं। धूम्रपान करने वाले व्यक्ति पर तंबाकू का जितना गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। उतना ही प्रभाव उसके आसपास रहने वाले लोगों पर भी पड़ता है। तंबाकू उपयोग से कई घातक बीमारियां हृदय रोग, श्वसन रोग, मुख व आहारनाल का कैंसर हो सकता है।

उन्होंने सभी सरकारी विभागों एवं गैर सरकारी संस्थानों को समाज में जागरूकता फैलाने व तंबाकू प्रयोग के रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण भागीदारी का आह्वान किया। नोडल अधिकारी डा.बीएस केसरवानी ने बताया कि जनपद में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की विभिन्न धाराओं का पालन कराया जा रहा है। सार्वजनिक स्थलों में धूम्रपान करने वालों पर 200 रुपये तक का जुर्माना किया जा सकता है। तंबाकू उत्पादों के प्रचार-प्रसार व विज्ञापन करने वालों पर एक हजार से लेकर पांच हजार का जुर्माना किया जा सकता है। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम जिला सलाहकार डा.रामबीर सिंह ने बताया कि वर्ष 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया भर में सार्वजनिक स्वास्थ्य पर तंबाकू के उपयोग के विनाशकारी प्रभावों पर जागरुकता बढ़ाने के लिये विश्व तंबाकू निषेध दिवस की शुरूआत की थी। चालू साल को विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है। इस मौके पर समाजसेवी कुलसुम हाशमी, न्यू होप नशा मुक्ति व पुर्नवास केंद्र निदेशक डा.वीरेंद्र सिंह समेत धीरेंद्र सिंह, अंकित सिंह, यशराज सिंह, शिवबाबू सिंह, रजत रावत, अरविंद पटेल आदि उपस्थित रहे।

तंबाकू सेवन न करने की शपथ लेते युवा। अमृत विचार

हस्ताक्षर अभियान में तंबाकू सेवन न करने की ली शपथ

- विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शुक्रवार को जिला पुरूष अस्पताल में अपर स्वास्थ्य निदेशक डा.रेखा रानी की अगुवाई में चलाए गए हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से लोगों ने तंबाकू सेवन न करने की शपथ ली। अपर निदेशक ने कहा कि तंबाकू का सेवन हानिकारक होने के साथ जानलेवा है। जिला अस्पताल सीएमएस डा.आरपी गुप्ता ने कहा कि भारत में हर दिन लगभग 2740 लोग तंबाकू व अन्य धूम्रपान उत्पादों के कारण कैंसर और दूसरी बीमारियों से दम तोड़ते हैं। सीएमएस ने अस्पताल स्टाफ, मरीज व तीमारदारों को तंबाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई। हस्ताक्षर अभियान भी चला। साइक्लाजिस्ट डा.लवलेश यादव ने कहा कि तंबाकू के सेवन से शरीर का हर अंग प्रभावित न होता हो। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ने अस्पताल में आने वाले मरीजों को तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान बारे बताते हुए इसका सेवन न करने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर संयुक्त निदेशक डा.राजेश मोहन गुप्ता सहित अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

अभियान में हस्ताक्षर बनाते स्वयंसेवी। अमृत विचार

शहर में एक दर्जन मोहल्लों की बिजली गुल

तार टूटने से दो दिन से आपूर्ति ठप, जहां बिजली आ रही वहां लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ता पीड़ित

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। शहर के सर्राफा बाजार सहित तमाम मोहल्लों में पिछले दो दिनों से बिजली के तार टूट जाने से बत्ती गुल है। जैसे तैसे यहां के बाशिंदे दिन तो काट लेते हैं, लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत रात में उठानी पड़ रही है। उधर शहर के अन्य इलाकों में लो वोल्टेज की समस्या से लोगों के कूलर, फ्रिज, पंखे और एसी सुचारू रूप से काम नहीं कर रहे हैं।

शहर के सराफा बाजार, पठनऊपुरा, शुक्लानापुरा, माथुरनपुरा, खनगा बाजार सहित एक दर्जन मोहल्लों के बाशिंदों को पिछले दो दिनों से बिजली नसीब नहीं हो रही है। बिजली न आने से इस भीषण गर्मी में लोगों को बड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों के घरों में लगे इंवर्टर भी जवाब दे गए है, जिससे रात होते ही ज्यादातर घरों में अंधेरा छा जाता है। बिजली न आने से कूलर पंखे शोपीस बनकर रह गए हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत रात में होती है, बिजली न आने से महिलाओं को घरेलू कार्य करने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी और बिजली न आने से महिलाएं रातो में करवटे बदली रहती है, तो वहीं बच्चे भी रो रोकर बेहाल हैं, इतना ही नहीं पुरुष भी इधर उधर टहलकर रात गुजार रहे हैं, जिसका असर उनकी दिनचर्या पर पड़ रहा है। नींद पूरी न होने से लोग दिन भर बेसुध नजर आते हैं।

सर्राफा बाजार इलाके के दुकानदार और वहां निवास करने वाले लोगों ने बताया कि इस एरिये की बिजली लाइन में ग्रहण सा लग गया है, पिछले दो सप्ताह में तीन बार बिजली लाइन टूटकर गिर चुकी है। पहले अचानक रात में बिजली के तारों में आग लग गई थी, जिससे पूरी बिजली लाइन टूटकर सड़क पर गिर गई थी।

जैसे तैसे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने एक दिन में बिजली लाइन दुरूस्त कर बिजली व्यवस्था को सही की तो चार दिन पहले फिर से बिजली लाइन के तार गर्म होकर टूटकर गिर गए और फिर से दो दिन पहले बिजली के तारों में आग लग गई और पूरी लाइन ध्वस्त हो गई, जिस कारण पिछले दो दिनों से लोग गर्मी के चलते अंधेरे में बेहाल हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि विभाग द्वारा पतले तारों की इंसुलेटिट लाइन बिछाने से तार गर्म होकर टूट रहे हैं, जिसका खामिया यहां के बाशिंदों को भुगतना पड़ रहा है।

सराफा बाजार की सड़क पर टूटी पड़ी बिजली की लाइन। अमृत विचार

दुकानदारी पर पड़ रहा विपरीत असर

बिजली के तार टूट जाने से जहां लोग घरों में गर्मी के चलते बेहाल बने हुए हैं, वहीं बिजली न आने से तमराई बाजार के दुकानदारों की दुकानदारी पर विपरीत असर पड़ रहा है। बिजली न आने से दुकानों में लगे इंवर्टरों की बैट्री डिस्चार्ज हो गई, जिससे दुकानो में लगे बल्ब, पखे न चलने से ग्राहक गर्मी के चलते बिना सामान लिए चले जाते हैं। वहीं मोहल्लों में लगी आटा चक्की में बिजली न आने से लोगों का गल्ला, मसाले आदि नही पिस पा रहे है। बिजली न आने से लोगों के फ्रिज बंद पड़े हैं, जिससे लोगों के खाने पीने का सामान गर्मी के चलते खराब हो रहा है।

विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ाई

नौतपा की तपन से लोग बेहाल हैं। वहीं दूसरी तरफ इस भीषण गर्मी में लड़खड़ाई बिजली व्यवस्था आग में घी डालने का काम कर रही है। ट्रांसफार्मर हीट होकर सही से कार्य नहीं कर रहे हैं। वहीं बिजली विभाग द्वारा डाली गई इंसुलेटेट बिजली लाइन के तार आएदिन टूट कर गिर रहे हैं। लोगों को भीषण गर्मी में बिजली से मिलने वाली राहत है। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ा गई है।

गन्ने का जूस बेचने वाले की दुर्घटना में मौत

मौके पर लगी लोगों की भीड़।

ट्रक की टक्कर से पलटी पड़ी जूस की ठेलिया। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- दो महिलाओं को भी मारी टक्कर, मौके से ट्रक चालक हुआ फरार

अमृत विचार। शहर के सुभाष नगर इलाके में तेज रफ्तार ट्रक ने गन्ने के जूस की ठेलिया में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से ठेलिया और जूस की मशीन जूस पलट गई और जूस विक्रेता ट्रक की जद में आ गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद घबराया चालक ट्रक लेकर भागने के प्रयास करने लगा, तभी सड़क किनारे खड़ी दो महिलाओ को भी टक्कर मार दी, जिससे दोनो महिला घायल होकर जमीन पर गिर गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिलाओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचा और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं चालक घटना को अंजाम देन के बाद मौके पर ट्रक सहित भाग निकला।

शहर के मोहल्ला सुभाषनगर (जेल की पीछे) निवासी गजराज (30) गन्ना जूस की ठेलिया लेकर तहसील चौराहा लगाने के लिए जा रहा था, तभी छतरपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ठेलिया पर जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ठेलिया और जूस की मशीन पलटकर और जूस विक्रेता ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। दुर्घटना देख आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र होने पर ट्रक चालक खबरा गया और वाहन लेकर भागने लगा और कुछ दूरी पर ही बजरंग चौक निवासी रमा (52) पत्नी संतोष व मईया (70) पत्नी बरकत को भी टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने खून से लथपथ दोनो घायलों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर रमा की हालत नाजुक होने पर उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई नंदराम ने बताया कि मृतक उसका बड़ा भाई था, जो अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए ठेलिया लगाकर गन्ने का जूझ बेंचता था। पुलिस अज्ञात ट्रक चालक की तलाश में जुट गई गई।

स्वच्छता के लिए चला अभियान, मांगा सहयोग

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पालिका के अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में बंधानवार्ड से शुरूआत

अमृत विचार। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरुक करने के लिए उद्देश्य को जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के दौरान वार्ड वासियों से डोर टू डोर नियमित साफ सफाई के संबन्ध में फीडबैक लिया गया। आम जनमानस से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की गई।

स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद महोबा अवधेश कुमार तिवारी के आदेश एवं जिला कार्याक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिनश नगरीय जन्मेजय सिंह के कुशल निर्देशन में स्वच्छ महोबा सुंदर महोबा बनाने के उद्देश्य से जन जागरुकता अभियान की शुरूआत बंधानवार्ड क्षेत्र से की गई। वार्ड वासियों से भीषण गर्मी के दृष्टिगत अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा पानी की बर्बादी रोकने का अनुरोध किया गया साथ ही वार्ड वासियों से मेरा आंगन मेरी हरियाली कार्यक्रम के अंतर्गत घरों में अधिक से अधिक हरे पौधे एवं किचनहोम कम्पोस्टिग करने क लिए प्रेरित किया गया। अभियान दौरान डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए गीला एवं सूखा कूड़ा अलग अलग एकत्र करने के लिए जागरुक किया गया। यदि साफ सफाई डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, मार्ग प्रकाश व्यवस्था से शिकायत पर टोल फ्री नम्बर 3315 पर शिकायत करें।

उपकारागार : बंदियों ने ली नशामुक्ति की शपथ

कार्यालय संवाददाता, महोबा

उपकारागार में आयोजित कार्यक्रम में बंदियों को जानकारी देते अधिकारी।

- विश्व तंबाकू दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर
- अपर जिला जज ने बंदियों की सुनीं समस्याएं

अमृत विचार। विश्व तम्बाकू दिवस के मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में उपकारागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपकारागार में निरुद्ध बंदियों को तम्बाकू, सिगरेट से होने वाली हानि और बीमारियों के विषय पर जानकारी देते हुए इन वस्तुओं से परहेज करने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव तेन्द्र पाल ने की। सचिव ने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुनकर जल्द से जल्द निस्तारण किए जाने का आश्वासन भी दिया गया। कार्यक्रम में उपकारागार में निरूद्ध बन्दियां को जागरूक करते उपस्थित डाक्टरों ने कहा कि विश्व तम्बाकू दिवस को मनाने का मकसद लोगों को जागरूक करना है कि तम्बाकू खाने के सिर्फ नुकसान ही होता है। चिकित्सकों ने तम्बाकू सिगरेट आदि के उपयोग से होने वाली स्वास्थ्य सम्बन्धी गम्भीर बीमारियों के विषय पर जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित बन्दियों को नशामुक्ति के संबंध मे शपथ दिलायी गयी। इसके साथ ही उपस्थित बन्दियां कों उनके कानूनी अधिकारों के बारे मे बताया। प्राधिकारण सचिव ने कहा कि गरीब एवं असहाय बन्दियां जिनकी कोई पैरवी नही कर रहा है और वह अपने मुकदमे की पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त करने में अक्षम है तो उनके लिये विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क लीगल एड डिफेंस काउन्सिल उपलब्ध कराया जाता है। जिनके द्वारा बन्दियों की समस्त प्रकार की विधिक सहायता की जाती है। सचिव ने बताया कि 13 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी-सुलह समझौते के आधार पर आप अपने मुकदमे को निस्तारित करा सकते है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव द्वारा बन्दियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुनकर उनका निदान किये जाने का आश्वासन दिया। उनके अधिकार तथा प्राधिकरण द्वारा उन्हे क्या क्या विधिक सहायता प्राप्त हो सकती है, उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। जेलर शिवमूरत सिंह द्वारा कार्यक्रम के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में जेल में निरूद्ध बन्दियों को अपनी बात कहने का मौका मिलता है।

खेत की सुबह-शाम करें सिंचाई, पानी भी बचाएं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक ने किसानों को दी सलाह

अमृत विचार। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक ने बताया कि खेत की गहरी जुताई न करें। धान की नर्सरी 15 जून के आसपास डालें। जायद की फसलें उर्द, मूंग, मूंगफली, मक्का की फसलों को सूखने से बचाने के लिए खेतों में नमी बनाए रखना आवश्यक है। सिंचाई के लिए ड्रिप और स्प्रिंकल विधि का प्रयोग करें। सिंचाई प्रातः नौ बजे से पहले अथवा शाम पांच बजे के बाद ही करें। सिंचाई स्रोत ट्यबवेल, पंपिंग सेट की मरम्मत सिंचाई नाली, पाइप आदि को भी जांच-परख ले, जिससे पानी के नुकसान को कम किया जा सके।

भीषण गर्मी को देखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र बेलाताल के वैज्ञानिक डॉ. एसपी स्वर्णकार ने बताया कि किसानों को नियमित रुप से अपने खेतों ओर फसलों का सर्वेक्षण करने के साथ साथ पानी लगाने तथा खेत-मेड़ पर किसी भी प्रकार फसल अवशेष, खर-पतवार आदि को जलाने पर सख्ती से मनाही की है। उद्यान फसलों, फल सब्जी को किसान फसलों को छाया प्रदान करें। उन्होंने बताया कि माल्चिंग का प्रयोग फल सब्जी के जड़ क्षेत्र को पुवाल या फसल के अवशेषों को ढकना, जिससे कि जड़ में नमी संरक्षित रहे। जड़ क्षेत्र में स्तर तापमान बनाए रखने में मदद मिलती है। सूखे की स्थिति में फसलों पर रोक औ कीट का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे नियंत्रण के लिए उपायों का प्रयोग करें।

अहिल्याबाई की जयंती पर जुलूस

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर जुलूस निकालते युवा। अमृत विचार

- गर्मी व लू की परवाह किए बगैर उत्साह से चल रहे थे युवा

अमृत विचार। धर्म रक्षक राजमाता अहिल्या बाई होल्कर का शुक्रवार को सांई इंटर कालेज महोबा में धूमधाम से जन्मदिवस मनाया गया। इस मौके पर उनकी वीरता और कर्तव्य परायणता पर प्रकाश डाला गया। साथ ही उनके बताए गए रास्ते पर चलने का आह्वान किया गया। इस मौके पर क्षत्रिय समाज के लोगों के अलावा अन्य वर्ग के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। अहिल्या बाई होल्कर की जयंती के मौके पर शहर में भव्य जुलूस निकाला गया।

जुलूस साई इंटर कालेज परिसर में शुरू हुआ जो चंद्रशेखर आजाद चौराहा, अशोक चौक, पीपीएन चौराहा, रोजवेज तिराहा सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पुनः पक्षी बिहार मार्ग में स्थित सांई इंटर कालेज पहुंचकर समाप्त हो गया। तेज धूप और हवा के गर्म थपेड़ों के बीच युवा सिर पर पीली पगड़ी और हाथ में पीले झंडे लिए उछलते कूदते चल रहे थे। युवाओं को धूप और गर्म हवाओं की कोई चिंता नहीं सता रही थी।

जुलूस के पीछे पीछे युवाओं द्वारा बाइक जुलूस भी निकाला गया। एक बाइक में तीन लोग खड़े होकर थिरकते चल रहे थे। जुलूस में डीजे बज रह था। तहसील चौराहे के पास आधा घंटे के लिए जाम लग गया।

आंगनबाड़ी केंद्रों में चार तक छुट्टी

महोबा। भीषण गर्मी और लू के प्रकोप एवं बढ़ते तापमान से अत्याधिक गर्मी में इजाफा होने के कारण जिलाधिकारी के अनुमोदन पर जिले की बाल विकास परियोजनाओं की संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले तीन से छह वर्ष के बच्चों के लिए 31 मई से 4 जून तक अवकाश घोषित कर दिया गया है।

आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने की अवधि में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां व सहायिका द्वारा अनुपूरक पोषाहार वितरण गृह भ्रमण कर किया जाएगा। टीकाकरण और लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण संबन्धी कार्य पूर्व की तरह नियमानुसार संपादित किया जाएगा। बच्चों को तो गर्मी में छुट्टी मिल गई, लेकिन कार्यकत्रियों को राहत नहीं मिली।

प्यास बुझाने के लिए खोले गए 72 पौशाला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

पौशाला में पानी पीकर प्यास बुझाता राहगीर। अमृत विचार

- अब लोगों को चौराहों पर मिलने लगा पीने का ठंडा पानी

अमृत विचार। बुंदेलखंड में पड़ रही भीषण गर्मी और गर्म हवाओं के प्रकोप से आम आदमी को बचाने के लिए शासन प्रशासन द्वारा पहल तेज कर दी गई है। गर्मी से बचाने के लिए जिले की सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायते पूर्ण निष्ठा के साथ जुट गई है। जिले की निकायों द्वारा सभी 12 दर्जन पौशालाओं को संचालित कर राहगीरों एवं आम जनमानस को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे मुख्य चौराहो और बस स्टैंडों के आसपास खोले गए पौशालाओं से लोगों को ठंडा पानी मिल रहा है।

हीटवेव एवं पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन मे जिले की पांचों निकाय नगर पालिका परिषद महोबा, नगर पालिका परिषद चरखारी, नगर पंचायत कुलपहाड़, नगर पंचायत कबरई व नगर पंचायत खरेला में व्यापक स्तर पर पौशालाओं का संचालन शुरू कराया गया।

नगर पालिका परिषद महोबा में जिला चिकित्सालय पुरुष, जिला महिला चिकित्सालय, रोडवेज बस स्टैंड, नवीन प्राइवेट बस स्टैंड, आल्हा चौक, सुभाष चौक, कलेक्ट्रेट मोड, हमीरपुर चुंगी, सुभाष चौक, ऊदल चौक, शारदा देवी मंदिर, झल्कारीबाई तिराहा, रेलवे स्टेशन महोबा, तहसील चौराहा, शहर कोतवाली, रहेलिया सूर्य मंदिर, एआरटीओ कार्यालय, कृषि विभाग राठ रोड, विजय सागर पक्षी बिहार सहित कई प्रमुख चौराहों पर पौशालाएं संचालित की गई है।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि हीटवेवे से बचाने के लिए पालिका प्रशासन द्वारा तमाम कार्य कराए जा रहे हैं। बताया कि नगर पालिका नगर वासियों की पेयजल समस्या के निदान के लिए 24 फिट लम्बा और 60 फिट लम्बा कंट्रोल रूम संचालित किया गया। कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

समीक्षा की | हीटवेव और सूखा से संबंधित बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

जिन गांवों में जल संकट, वहां टैंकरों से पानी भेजने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हीटवेव एवं सूखा से बचाव के लिए विभागों द्वारा बनाई गई कार्य योजनाओं के तहत किए गए कार्यों की जिलाधिकारी ने समीक्षा की। समी7ा बैठक में जिलाधिकारी ने गर्मी से उत्पन्न हालातों से निपटने के निर्देश दिए। कहां कि जिन गांवों में पानी की समस्या हो रही है वहां तुरंत टैंकर भेजकर समस्या हल करें।

बैठक की जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में डीएम ने चिकित्सालयों, शहर के प्रमुख चौराहों में प्याऊ खोले जाने, सभी ग्राम पंचायत एवं नगर क्षेत्र में खराब हैंडपंपों को दुरूस्त कराए जाने के संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए साथ ही जिन गांवों में पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है, वहां पर टेंकरों के माध्यम से शीघ्र पानी पहुंचाया जाए, जिससे इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान न होना पड़े। बैठक में जिलाधिकारी नेमुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि चिकित्सालयों में प्याऊ खोले जाएं, जिससे लोगों को ठंडा पानी मिल सके तथा ओआरएस काउंटर स्थापित करे एवं लू से प्रभावित लोगों को अतिरिक्त बेड आरक्षित किए जाएं। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ, सभी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत एवं नगर क्षेत्र के समस्त बंद पड़े हैंडपम्पो का मरम्मत कार्य पूर्ण कराकर क्रियाशील किया जाए तथा जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में स्थापित पेयजल कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली पेयजल से संबंधित शिकायतों का अविलम्ब निस्तारण कराया जाए। राजकीय तथा निजी नलकूपों के माध्यम से तालाब एवं पोखर भरवाये जाने का कार्य किया जाए, जिससे गोवंशों को पीने का पानी मिल सके। उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों में सूखे की स्थिति में वाटर लेबिल अत्यंत कम हो गया है, वहां पर टैंकरों से पेयजल उपलब्ध कराने के लिए रूट चार्ट तैयार करने तथा यांत्रिक दोष से बंद पड़े नलकूपों की मरम्मत कराकर उन्हें क्रियाशील किया जाए।

उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिका ईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर के मुख्य चौराहों पर प्याऊ खोले जाए, जिससे राहगीरों को ठंडा पानी पीने के लिए मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन गांवों में पानी की कमी हो रही है वहां पर टैंकरों के द्वारा पानी की सप्लाई की जाए तथा विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत से संबंधित जो भी शिकायत आती है उसका तुरंत निस्तारण किया जाए।नगर पालिका ईओ जानकारी देते हुए बताया कि 18 टेंकरो के माध्यम से लोगों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। सलैया नाथूपूरा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत 25 एमएलडी डब्ल्यूटीपी का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।

अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी मृदुल चौधरी। अमृत विचार

डीएम ने लू से बचाव के लिए दिए सुझाव

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने लू के प्रकोप एवं गर्म हवाएं से बचाव के लिए सुझाव देते हुए कहा कि लू से जनहानि भी हो सकती हैं। इसके असर को कम करने और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए कड़ी धूप में बाहर न निकले, खासकर दोपहर 12 से 3 बजे तक के बीच में, जितनी बार हो सके पानी पिएं। प्यास न भी लगे तो भी पानी पिएं। हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहने, धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें, यात्रा करते समय अपने साथ पानी रखें, अगर आपकी तबीयत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छांछ, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। शराब, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थ का इस्तेमाल न करें।

गांव में की जा रही मुनादी। अमृत विचार

गांव-गांव कराई जा रही मुनादी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। जिले में हीटवेव और बढ़ते तापमान को देखते हुए प्रशासन ने सदर, कुलपहाड़, चरखारी तहसील के गांवों में मुनादी कराते हुए ग्रामीणों को भीषण गर्मी और लू से बचाव की जानकारी दी जा रही हैं।

ग्रामीणों को सुबह दस से शाम चार बजे तक घरों में ही रहने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, सूती और हल्के कपड़े पहनने, बच्चों और बुजुर्ग पर ज्यादा ध्यान रखने की अपील की जा रही है। तहसीलदार के आदेश पर गांव गांव में डुग्गी पिटवाकर यह जानकारी पहुंचाई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में हीटवेव से होने वाले स्वास्थ्य समस्याओं को कम करने के लिए कदम उठाया गया है।

लू बनी काल, एक दर्जन लोगों की लील गई जिंदगी

परिजनों की मांग पर पुलिस ने एक शख्स के शव का कराया पोस्टमार्टम

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

03 महिलाएं भी मरने वालों में शामिल | **01** बच्ची की भी गर्मी से हो गई मौत

अमृत विचार। गर्मी इस समय अपना रौद्र रूप दिखा रही है। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते तापमान व झुलसा देने वाली लू लगने से तीन महिलाओं व एक बच्ची समेत 12 लोगों की मौत हो गई। पिछले दो दिनों से हीट वेव में मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा। तेज गर्म हवाएं लोगों के लिए मुसीबत साबित हो रही हैं। जरा सी भी लापरवाही हीट वेव की चपेट में आकर लोग काल के गाल में समा रहे हैं या फिर अस्पताल पहुंच रहे हैं। पुलिस ने एक शव का पोस्टमार्टम कराया है।

इन घटनाओं से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है। इन मौतों से लोग दहशत में आ गए हैं। अधिकांश लोगों ने सूरज ऊपर चढ़ते ही घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया है। गुरुवार को दोपहर बाद खप्टिहा बांदा निवासी छेदीलाल (45) नगर के सेवानिवृत्त रेंजर जहूरूल्ला के फॉर्म हाउस में राजमिस्त्री का काम करता है। वह गुरुवार की दोपहर बाद फार्म हाउस जा रहा था। तभी वह तबियत बिगड़ने पर अरतरा मार्ग पर बनी झुग्गी के अंदर जाकर लेट गया। शुक्रवार की सुबह उसका शव झोपड़ी के अंदर मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। उसकी मौत का कारण अत्यधिक गर्मी या लू लगना माना जा रहा है। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि प्रथमदृष्टया देखने में लग रहा है कि गर्मी की वजह से मौत हुई है। परिजनों के प्रार्थना पत्र के बाद पोस्टमार्टम कराया जा रहा हैं।

वहीं गुरुवार शाम थाना क्षेत्र बिवांर के ग्राम लदार में फूला (48) पत्नी लल्लू ठेकेदार व सरस्वती (70) पत्नी मैदा वर्मा की लू लगने से मौत हो गई। लल्लू ने बताया कि गुरुवार की शाम फूला की अचानक हालत बिगड़ गई।

शुक्रवार की सुबह जब उसे सरकारी अस्पताल लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। वहीं लदार निवासी राजा भैया ने बताया कि उसकी 6 माह की नातिन अपने मां के साथ ननिहाल से गुरुवार को वापस आई थी। शाम अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। गांव में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नातिन की मौत का कारण लू लगना बता रहा है। इधर हिमौली निवासी शहीद ने बताया कि उसका पिता कल्लू धम्मा (72) गर्मी लगने के कारण घर के बाहर पेड़ के नीचे जाकर बैठ गया। जहां कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने से वह बेहोश हो गया। जब उसे अस्पताल ले जाने की व्यवस्था कर रहे थे। तभी उसकी मौत हो गई। शहीद भी अपने पिता की मौत लू लगने के कारण बता रहा है। इसी प्रकार अंजना (23) पुत्री राम विशाल निवासी रतौली की मौत लू लगने से हो गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ रजत रंजन तिवारी का कहना है कि वर्तमान समय में अस्पताल में लूज मोशन, हीट स्टोक के मरीज अधिक आ रहे हैं। अत्यधिक गर्मी व लू चलने के कारण सभी लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है। बुजुर्ग व बच्चों के अलावा बीमार लोग धूप में बिल्कुल न निकलें। जरूरी होने पर सिर पर बगैर अंगोछा डालें व खाली पेट कतई घर से बाहर न निकलें, पानी पीने में परहेज न करें, खूब पानी पियें और तबीयत बिगड़ने पर तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें। भीषण गर्मी में सावधानी न बरतने पर लोगों को हीट स्ट्रोक का शिकार होना पड़ सकता है।

सुमेरपुर में पांच लोगों की गई जान

सुमेरपुर (हमीरपुर) में गर्मी व लू के चलते क्षेत्र में एक नवजात शिशु एवं बच्ची सहित पांच लोगों की मौत हो गई। शुक्रवार को कैथी गांव निवासी अंशिका (5) पुत्री लक्ष्मी निषाद की लू की चपेट में आने से बुखार आने के बाद मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। इसी तरह कस्बे के इमलिया थोक में लू से तीन वृद्धो की मौत हो गई। इनमें शिवदेवी मिश्रा (70), रामअवतार तिवारी (75) व गायत्री वर्मा (65) शामिल है। परिजनों के अनुसार भीषण गर्मी एवं लू की चपेट में आकर मौत हुई है। इसी तरह भौरा गांव में हरीश चंद्र निषाद का छह दिन का नवजात पुत्र गर्मी के चलते दम तोड़ दिया। वहीं शुक्रवार को सुबह से तेज पछुवा हवाओं के चलने से लोग दिन भर लू के थपेड़ो से जूझते रहे। दोपहर में हाईवे सहित सभी मुख्य मार्ग में सन्नाटा पसरा रहा।

दोपहर में खेत जाते समय हो गई मौत

कुरारा (हमीरपुर) क्षेत्र के कुशौली पुरवा गांव निवासी युवक की दोपहर में खेत देखने जाते समय लू की चपेट में आने से हालत बिगड़ गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र के कुशौली पुरवा गांव निवासी कौशल किशोर (38) रामबली यादव गांव में जायद की फसल में मूंग की खेती की थी। उसमें पानी लग रहा था। दोपहर में वह खेत में पानी देखने गया था। वहा लू की चपेट मे आने से उसकी हालत बिगड़ गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। वही कस्बे के वार्ड नं नौ में रहने वाले क्षेत्र के जलाला भटपुरा गांव निवासी बब्बू 50 बीती रात अपने कमरे में थे। आज सुबह परिजनों ने देखा तो वह मृत अवस्था में मिले।

झुलसा देने वाली धूप से इस वक्त पशु-पक्षी भी बेहाल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- खुद के साथ पालतू पशुओं की करें विशेष देखभाल

अमृत विचार। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मई का अंत हो गया। वातावरण का तापमान सारे रिकार्ड तोड़ रहा है। झुलसा देने वाली धूप के कारण मानव, जीव, जंतु, पक्षी, फसलें एवं पालतू पशु सभी बेहाल हैं। सूखे मौसम व उच्च तापमान से फसलों की जल मांग बढ़ जाती है। ऐसे में किसानों को अपने खेतों और फसलों का नियमित रूप से सर्वेक्षण करते रहना चाहिए। उन्होंने खेती किसानी में कुछ बातों को ध्यान रखने की बात कही है।

खेत, मेड़ पर खलिहान कहीं भी किसी प्रकार का फसल अवशेष, खरपतवार आदि को जलाने की कोशिश न करें। खेत की गहरी जुताई न करें। धान की नर्सरी 15 जून के आस-पास डालें। जायद की फसलों उर्द, मूंग, मूंगफली, मक्का की फसलों को सूखने से बचाने के लिए खेतों में नमी बनाए रखना बहुत आवश्यक है। सिंचाई के लिए ड्रिप और स्प्रिंकलर विधि का प्रयोग लाभप्रद है। सिंचाई सुबह नौ बजे के पूर्व अथवा सांय पांच बजे के बाद ही करें। सिंचाई के स्त्रोंत टूयवबेल, पंपिग सेट की मरम्मत सिंचाई नाली पाइप आदि को भी जांच लें। उद्यान फसलों जैसे फल, सब्जी को किसान छायांकन संरचनाओं या जालों के माध्यम से फसलों को छाया प्रदान करने से प्रत्यक्ष सौर विकिरण को कम करने और पौधों के वातावरण के तापमान को कम करने में मदद मिलती हैं। उच्च तापमान एवं सूखा की स्थिति में फसलों पर रोग एवं कीट का प्रकोप बढ़ जाता है, जिसके नियंत्रण के लिए यांत्रिक एवं जैविक उपायों का प्रयोग करें। फल, फूल, सब्जी की तुड़ाई शाम को सूर्यास्त के बाद करें तुड़ाई के तुरंत बाद बोरे एवं अन्य तरीकों से पैकेजिंग न कर। तुड़ाई के तुरंत बाद किसी भी फल-सब्जी का सेवन न करें कम से कम 4 घंटे पश्चात ही प्रयोग करें।

तेज गर्मी में पशुओं की खास देखभाल जरूरी

संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। पर्याप्त और साफ पीने का पानी हमेशा उपलब्ध रखें। नवजात, गर्भवती एवं बीमार पशुओं के पानी में नमक और गुड़ मिलाकर पिलायें। पशुओं को छायादार स्थान में रखें। ज्यादा से ज्यादा हरा चारा खाने को दें। चराई के लिए सुबह जल्दी चारागाह भेजें। सुविधा हो तो शाम के समय स्नान कराएं। सड़ा- गला भोजन खाने को न दें। तेज सांस चलने, शरीर का तापमान ज्यादा होने पर चिकित्सक से परामर्श लें। भेड़, बकरी के बाल काट दें।

पशुशाला की सफाई करें। चूना का छिड़काव करें, इसके आस-पास पानी एकत्र न होने दें। चरही का पानी बदलते रहें तथा प्रत्येक सप्ताह चूना से चरही की पुताई करें। तेज गर्मी में टीकाकरण न कराएं। शरीर का तापमान ज्यादा होने पर गीला बोरा डालें।

धूप से बचाव के लिए क्या करें, क्या न करें

हल्का सफेद, सूती वस्त्र पहनें। धूप में कम से कम बाहर जाएं तो सिर को साफी से ढकें, छाता का प्रयोग करें। हमेशा साफ ताजा पानी अपने साथ रखे और थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें। भोजन हल्का करें और ताजा भोजन करें। आम का पना, बेल का शरबत और अन्य तरल पदार्थ का प्रयोग करें। हाथ, पैर और चेहरे को पानी से धोते या पोछते रहें। नमक, गुड़ पानी का धोल बनाकर पीएं। गर्भवती महिलाएं, छोटे बच्चे और बुर्जुग धूप से बचें। घबराहट हो तेज सांस चलें, पसीना आये तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर से संपर्क करें। पैर में चप्पल / जूता पहनें। तेज धूप से आने के तुरंत बाद न कुछ खाएं और न नहायें। हवादार, छायादार जगह में रहें।

सार-संक्षेप

सेवानिवृत्त आरक्षी व उसके परिवार के साथ एएसपी मायाराम वर्मा। अमृत विचार

सेवानिवृत्त होने पर आरक्षी को दी भावभीनी विदाई

हमीरपुर। अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त हुए मुख्य आरक्षी बृजपाल को सम्मानित किया। पुलिस विभाग में उनके द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण योगदान/उत्कृष्ट कार्य एवं उनकी कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की गई। साथ ही अन्य अधिकारी/कर्मचारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ भावभीनी विदाई दी गई। अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने पुलिस लाइन सभागार में जनपद के पुलिस पेंशनर्स के साथ मीटिंग की। पेंशनर्स से आग्रह किया कि अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति की सूचना प्राप्त हो तो वह तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराएं। जिससे कि कोई अप्रिय घटना घटित न हो पाए। सभी पेंशनर्स से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा तथा समस्याओं के तत्काल निस्तारण को निर्देशित किया। उधर इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन मौजूद रहे।

एसपी से मिलने आईं चेयरमैन व कर्मचारी। अमृत विचार

चेयरमैन ने सुरक्षा को लेकर चिंता जता कर मांगा गनर

हमीरपुर। फोन से मिली जान माल की धमकी से कुरारा कस्बे की नगर पंचायत अध्यक्ष खासी परेशान हैं। शुक्रवार को वह कर्मचारियों के साथ अपर पुलिस अधीक्षक से मिली और सुरक्षा को लेकर गनर की मांग की। इस मामले में पुलिस गुरुवार को ही रिपोर्ट दर्ज तहकीकात में जुट गई है। कुरारा कस्बे की भाजपा नेता/नगर पंचायत चेयरमैन आशारानी कबीर को पिछले दिनों एक अज्ञात ने अंतरराष्ट्रीय कॉल के जरिए पिछले मंगलवार की सुबह 10 बजे फोन आया। जिसमें अज्ञात व्यक्ति उनके व उनके परिवार के बारे में जानकारी लेने लगा। जब चेयरमैन ने कारण जानने व जानकारी न देने की बात कही तो आरोपी उनके व परिवार को घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देने लगा। तभी से नगर पंचायत अध्यक्ष व उनका परिवार खासा भयभीत है। शुक्रवार को नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ चेयरमैन अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा से मिली। उन्होंने सुरक्षा को लेकर एक गनर दिलाने की मांग की है। इस मौके पर नगर पंचायत के लिपिक नरेंद्र सिंह, अनिरुद्ध पांडेय, अमित द्विवेदी, हरिओम, सोनू, संकल्प, शेखर, विराट आदि तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

लखनऊ में अकबर अली को सम्मानित करते संयुक्त निदेशक पवन सचान।

राज्यस्तर पर शैक्षिक नवाचार के लिए अकबर अली सम्मानित

हमीरपुर। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, शिक्षा निदेशालय लखनऊ के संयुक्त निदेशक पवन सचान ने राज्य स्तर पर बच्चों को नवीन नवाचार एवं आधुनिक शिक्षा के प्रयासों के लिए जनपद के टिकरौली के उच्च प्रा .वि . में तैनात सहा .अध्यापक अकबर अली को प्रदेश स्तरीय शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन अधिवेशन लखनऊ में प्रमाणपत्र, अंगवस्त्र तथा मोमेंट शील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर संयुक्त निदेशक ने कहा कि बहादुर वह है जो कठिनाइयों का सामना करते हुए सफलता प्राप्त करें और बच्चे उसे अपना आदर्श मानते हुए लक्ष्य को पाकर स्वयं आदर्श बने। कार्यक्रम व शैक्षिक टीएलएम का आयोजन राज्य शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन ने अंबर होटल सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक उप निदेशक अजय गुप्ता, अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, सीएल रोज अध्यक्ष आल इंडिया फेडरेशन आफ टीचर आर्गेनाइजेशन तथा प्रदेश के सभी जनपद व मंडलों के नवाचारी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

नगर पंचायत के सफाई कर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

कुरारा (हमीरपुर)। कस्बे के नगर पंचायत में तीन सफाई कर्मचारी सेवानिवृत होने पर नगर पंचायत कर्मियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया। नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी श्री नरेश, विपाती, रामआसरे सेवानिवृत होने पर नगर पंचायत कर्मियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर, अधिशासी अधिकारी अभिमन्यु कुमार ने कहा कि तीनों सफाई कर्मियों का कार्य बहुत ही सराहनीय रहा। इन्होंने नगर पंचायत में अपनी सेवा बराबर दी। सफाई कर्मचारियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह, अमित द्विवेदी, अनिरुद्ध पांडेय, आशा देवी, स्नेहा आदि मौजूद रहे।

हादसे में किशोरी समेत दो गंभीर घायल

मौदहा (हमीरपुर)। क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में एक किशोरी सहित दो लोग घायल हो गए। सभी घायलों को लहू लुहान हालत है कस्बे के सरकारी अस्पताल से सदर अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के मांचा गांव निवासी सोना (15) पुत्री छोटा सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से सड़क पर गिर घायल हो गई। दूसरी घटना कस्बा निवासी रविंद्र प्रताप सिंह (55) पुत्र बलभद्र सिंह बाइक में सवार होकर बड़े चौराहा की ओर जा रहे थे। तभी बाइक का संतुलन बिगड़ने से गिरकर घायल हो गया।

निर्माण कार्य को लेकर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के अतरौलिया में प्लाट पर हो रहे निर्माण कार्य को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट कर दी। घटना में दो लोग घायल भी हुए हैं। मारपीट के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है।

कस्बे के अतरौलिया निवासी रामकुमार पुत्र भागीरथ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाला गुड्डू पुत्र भानु प्रताप उसके प्लाट के बगल में निर्माण कार्य करवा रहा है। बताया कि जिसके बाद वह बगल में पड़े उसके प्लाट पर भी निर्माण कार्य करवाने लगा। बताया कि जब अपने निर्माण कार्य का विरोध किया तो गुड्डू और उसके भाई दिनेश तथा पिता भानुप्रताप और उसकी मां पूनम देवी ने लाठी डंडों से उसके साथ जमकर मारपीट कर दी तथा जान से मारने की धमकी दे डाली।

वहीं दूसरी ओर गुड्डू पुत्र भानु प्रताप ने बताया कि वह अपने प्लाट पर निर्माण कार्य करवा रहा था। तभी मोहल्ले का दबंग रामकुमार उसके पास आकर निर्माण कार्य को लेकर गाली गलौज करने लगा। जब उसने विरोध किया तो दबंग रामकुमार ने अपने परिजनों के साथ मिलकर पिटाई कर दी। दोनों पक्षों ने कोतवाली में तहरीर दी है।

लो वोल्टेज से जूझ रहे पहाड़ी भिटारी के ग्रामीण

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

अमृत विचार। पावर कॉरपोरेशन की उदासीनता के चलते पहाड़ी भिटारी गांव के लोग नरकीय जीवन जीने के लिए विवश हैं। गांव में लगा हुआ 250 केवीए का जर्जर ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। महीनों से लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामवासी जूझ रहे हैं। घरों में लगे विद्युत उपकरण शोपीस बनकर रह गए हैं। शाम होने पर घर में लगे बल्ब जुगनू की तरह टिमटिमाते नजर आते हैं। ग्रामीणों ने दर्जनों बार विद्युत विभाग के आला अधिकारियों से जर्जर ट्रांसफार्मर बदलवाने की गुहार लगाई है। पर हालात जस के तस बने हुए हैं।

पहाड़ी भिटारी गांव में रखा 250 केवीए का जर्जर ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

विकासखंड के पहाड़ी भिटारी गांव के मुख्य चौराहे में पंचायत भवन के पास 250 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। जिससे गांव की आधी से अधिक आबादी को विद्युत आपूर्ति कराई जाती है। गांव निवासी जिला पंचायत सदस्य करण सिंह राजपूत ने बताया कि उक्त ट्रांसफार्मर महीनों पहले जर्जर हो चुका है। ग्रामवासी लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। लो वोल्टेज की समस्या के कारण घरों में लगे पंखे, कूलर आदि विद्युत उपकरण शोपीस बनकर रह गए हैं। गांव के पूर्व प्रधान विपिन राजपूत और प्रकाश नेता ने बताया कि लो वोल्टेज के कारण टुल्लू पंप नहीं चल पाते। जिससे ऊंचाई वाले इलाकों में पीने के पानी का घोर संकट छाया हुआ है। ग्रामीण हैंडपंपों से खींचकर पानी लाने को मजबूर है। गांव के ही केसरी राजपूत, धर्मपाल नेता, चंद्रशेखर, रामनरेश तिवारी, कल्लू सिंह आदि ने बताया कि भीषण गर्मी और बढ़े हुए तापमान एवं मच्छरों के प्रकोप से सारा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। वहीं नौनिहाल दुधमुंहे बच्चों की हालत बिगड़ रही है। कहा कि बिजली विभाग के जेई सहित अधिकारियों से जर्जर ट्रांसफार्मर बदलवाने की दर्जनों बार गुहार लगाई जा चुकी है। लेकिन कोरे आश्वासनों के अलावा कुछ नहीं मिला। उन्होंने चेतावनी दी है कि एक सप्ताह के अंदर जर्जर ट्रांसफार्मर को नहीं बदल गया तो पावर हाउस का घेराव कर आंदोलन करने के लिए ग्रामवासी विवश होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

- गांव में लगा 250 केवीए का जर्जर ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के लिए बना जी का जंजाल

मनमानी के खिलाफ शिक्षकों ने खोला मोर्चा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- मनमानी पर उतारू है बुंदेलखंड विश्वविद्यालय
- ब्रह्मानंद महाविद्यालय के शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

ब्रह्मानंद महाविद्यालय गेट पर प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

अमृत विचार। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की हठधर्मिता एवं मनमानी के खिलाफ शुक्रवार को ब्रह्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षकों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने 1 जून से विश्वविद्यालय परीक्षा के बहिष्कार संबंधी बूटा के निर्णय का समर्थन किया। इस दौरान शिक्षकों ने महाविद्यालय के गेट के बाहर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

गौरतलब है कि इस समय बुंदेलखंड क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत गर्म है। भीषण गर्मी और तापमान ने अपने सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय अपनी आधी अधूरी तैयारी के साथ उप्र शासन के शैक्षणिक कैलेंडर में दिए हुए ग्रीष्म अवकाश की अवहेलना करते हुए परीक्षा कराने पर आमादा है। बताया कि दूरदराज से परीक्षार्थी भी परीक्षा देने आ रहे हैं। भीषण गर्मी में परीक्षार्थियों की तबीयत बिगड़ रही है। जिससे छात्र छात्राओं में आक्रोश है। इस बार के प्रश्नपत्रों में सेट संख्या तक विश्वविद्यालय ने प्रिंट नहीं करवाया है। जिससे सभी विद्यार्थियों को एक ही पेपर का सेट प्रदान किया जा रहा है। जिससे परीक्षा की शुचिता भी संदेह के घेरे में है। प्रदर्शन के दौरान महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ.सरजू नारायण ने कहा कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने शासन के कैलेंडर के अनुरूप जून में अवकाश के लिए बार बार कुलपति को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष डा.सरजू नारायण एवं छात्र महामंत्री डॉ.जितेंद्र सिंह ने कहा कि 01 जून को होने वाली परीक्षा को विश्वविद्यालय परिवर्तित कर अवकाश के दिन 2 जून रविवार के दिन अचानक रख दिया है। जिससे शिक्षकों के साथ ही छात्रों को भी परेशानी होगी। यूजीसी विनियम 2018 के अनुसार शिक्षकों को दो माह का अवकाश देय है। शासन द्वारा वर्तमान सत्र में ग्रीष्म अवकाश के लिए 30 दिन तथा शीत अवकाश के लिए 15 दिन के अवकाश का प्रावधान किया गया है। विश्वविद्यालय अपनी हठधर्मिता के चलते शासन के आदेश को धता बता रहा है और न ही यूजीसी के विनियमन को। शिक्षक संघ के संयुक्त मंत्री डॉ. दीपक सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय पूरे वर्ष में 6 माह परीक्षा ही कराते रहता है। विगत सेमेस्टर की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा बहुत देर से कराई गई। जिसका खामियाजा हम शिक्षक और छात्र देख रहे हैं। वर्तमान सेमेस्टर के लिए विश्वविद्यालय आदेश निकालता है कि शिक्षक ऑनलाइन, ऑफलाइन, छुट्टी के दिन शिक्षण कार्य करके कोर्स पूरा कर लें और छात्रहित का हवाला देते हुए 02 माह में कोर्स पूरा नहीं होने पर भी परीक्षा शुरू करा देता है जो कि छात्र हित के खिलाफ है। महाविद्यालय शिक्षक संघ के अन्य पदाधिकारी और सदस्य डॉ.हल्के प्रसाद, डॉ.नरेश कुमार सिंह डॉ.विनोद पांडे, डॉ.के राम, डॉ.दशरथ सिंह, डॉ.एएन शुक्ला, डॉ.राजेंद्र कुमार, डॉ.यूसी त्रिपाठी, डॉ.उमाकांत, डॉ.दुर्गेश कुमार, डॉ.अनुराग दुबे, डॉ.वेद प्रकाश सिंह, डॉ.अतुल शुक्ला, डॉ.अंकित सैनी, डॉ.ज्योतिर्मय साहू सहित आदि शिक्षक मौजूद रहे।

भाइयों ने पड़ोसी का घर फूंक दिया, 10 लाख का नुकसान

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- आग बुझाने पहुंची फायर बिग्रेड पर ताना तमंचा, एक गिरफ्तार

अमृत विचार। बीती रात क्षेत्र के ग्राम मुंडेरा में दो सगे भाइयों ने पड़ोसी के बंद रिहायशी मकान को आग के हवाले कर दिया। आग लगने की सूचना पाकर बुझाने पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम पर दबंग भाइयों ने तमंचा तान दिया। इससे फायर ब्रिगेड की टीम सहम गई और घटना से थानाध्यक्ष को सूचित किया। थानाध्यक्ष दलबल के साथ गांव पहुंचे और एक भाई को मौके से दबोच लिया । तब कहीं जाकर फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने का कार्य शुरू किया। तब तक आग से करीब 10 लाख की गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

मुंडेरा गांव निवासी शीला ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार सहित ग्रेटर नोएडा में काम करते हैं। गांव के रिहायशी मकान में ताला बंद था। गुरुवार को शाम करीब 5:00 बजे पड़ोसी रघुवीर वर्मा ने अपने भाई रज्जन एवं भतीजे हनुमान के साथ मिलकर घर में आग लगा दी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना उसे फोन पर दी। पीड़िता ने घटना से फायर ब्रिगेड को अवगत कराया। फायर बिग्रेड जब गांव पहुंचा तब रघुवीर ने उस पर तमंचा तान दिया और आग बुझाने से मना किया। इसकी सूचना फायर बिग्रेड के साथ ग्राम प्रधान अनिरुद्ध सिंह ने थानाध्यक्ष राकेश कुमार को दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और रघुवीर को तमंचे के साथ दबोच कर थाने ले आई। इसके बाद फायर कर्मियों ने आग बुझाई। इस दौरान आग से करीब दस लाख की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रघुवीर, रज्जन, हनुमान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रज्जन व हनुमान भाग निकले थे।

बेतवा में नहाने के दौरान गहराई में जाने से किशोर की डूब कर मौत

हमीरपुर। दोस्तों के साथ बेतवा नदी नहाने गया 16 वर्षीय किशोर नदी की गहराई में डूब गया। साथियों की सूचना पर परिजन उसकी खोजबीन करने नदी किनारे पहुंचे। जिसके बाद गोताखोरों की मदद से खोजबीन की गई। करीब तीन घंटे के बाद शव नदी से निकाला गया।

मुख्यालय स्थित पटकाना मोहल्ला निवासी वली अहमद ने अपने साले के पुत्र साहिल को बचपन में ही गोद ले लिया था। साहिल वैल्डिंग का काम सीख रहा था। गुरुवार को साप्ताहिक बाजार बंदी का दिन होने से साहिल अपने हमउम्र साथियों के साथ सिटी फारेस्ट के नजदीक निर्माणाधीन पुल के समीप बेतवा नदी नहाने चला गया। साहिल और उसके साथी नदी में नहाने लगे। इसी दौरान साहिल नदी की गहराई में समा गया। साथ गए साथी भी उसे नहीं बचा पाए। साहिल के डूबने की सूचना मिलते ही परिजन घटना स्थल की और दौड़े। पुलिस को भी सूचना दी। गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की गई। तीन घंटे तलाश के बाद उसका शव बरामद हो गया।

पढ़ाई-लिखाई | विश्वविद्यालय से बीए 330 व एमए में 240 सीटों पर प्रवेश किया गया है निर्धारित

570 सीटों पर लें प्रवेश, ऑनलाइन किए जा रहे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। शहर के राजकीय महिला महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार छात्राओं को प्रवेश दिया जा रहा है। कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष के लिए विभिन्न वर्गों में 570 छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं।

शहर स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 1993 में कराई गई थी। प्राचार्य डॉ. राजकुमार के प्रयास के बाद यहां छात्राओं की संख्या में लगातार सुधार हुआ है। वर्तमान में यहां सभी विषयों के विशेषज्ञ शिक्षकों की तैनाती है। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय की गाइड लाइन के अनुसार शुरू कर दी गई है। कहा कि छात्राएं यहां प्रवेश लेकर बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सकती हैं।नई शिक्षा नीति के अनुसार अब स्नातक स्तर पर छह सेमेस्टर निर्धारित किए गए हैं। साल में दो सेमेस्टर की परीक्षा होंगी। तीन साल में छह सेमेस्टर में पास होने के बाद ही स्नातक का प्रमाणपत्र जारी किया जा सकेगा।

प्रमाण पत्रों की हार्ड कॉपी कॉलेज में जमा करानी होगी

प्राचार्य ने कहाकि 12वीं पास छात्राओं को ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। इसमें संबंधित कॉलेज का नाम दर्ज कर हार्ड कॉपी कॉलेज में जमा करानी होगी। जिसकी प्रक्रिया शुरू है। कहा कि बीए में आठ विषय हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, मनोविज्ञान, गृह विज्ञान, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र व शारीरिक शिक्षा हैं। जबकि एमए में चार विषय हिंदी, अंग्रेजी, गृह विज्ञान व मनोविज्ञान विषय पर छात्राएं प्रवेश ले सकती हैं।

किस विषय के लिए कितनी सीटें

330-बीए प्रथम सेमेस्टर

240-एमए प्रथम सेमेस्टर

महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर यहां आकर अपने जरूरी अभिलेख जमा कर सकती हैं।

-डॉ. राजकुमार, प्राचार्य

लू से सात लोगों की मौत 46.7 डिग्री पहुंचा पारा

गर्मी व लू के चलते लोगों का घर से निकलना हुआ दूभर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। जिले में भीषण गर्मी और लू के चलते मरने वालों की संख्या में दिन प्रतिदिन इजाफा हो रहा है। शुक्रवार को 7 लोगों की गर्मी व लू से और मौत हो गई। अधिकतम तापमान 46.7 व न्यूनतम 35.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

नौ तपे शुरू होने के बाद से जिले में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। पहाड़ जमीन और मकान पूरी तरह ताप रहे हैं। जिससे लोगों का पूरा हाल हो गया है। आसमान से बरस रही आग से जन जीवन अस्त व्यस्त होकर रह गया है।

पिछले कई दिनों से उल्लू के चपेट में आने वाले मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है शुक्रवार को पड़ोसी जनपद छतरपुर के थाना सरवई के ग्राम खडेहा निवासी सोनाक्षी 8, फतेहपुर चरखारी निवासी गिरिजा 70 कोतवाली चरखारी के ग्राम नतारा निवासी परमी 65 कोतवाली चरखारी के ही बमोरी कला निवासी राजा 72 इसी कोतवाली की प्यारी 65 सरकारी निवासी पार्वती 70 लू और गर्मी से पीड़ित होने पर जिला अस्पताल लाया गया जहां पर उनकी मौत हो गई इसी तरह ग्राम बरा निवासी राव रानी 72, इसी तरह जनपद छतरपुर के बिजौली गांव निवासी छोटेलाल पुत्र छेड़नी वाया महोबा होते हुए फतेहपुर लौट रहा था, तभी महोबा में रोडवेज के पास भीषण गर्मी के चलते उसे चक्कर आ गए जिससे वह चक्कर आने पर गिर गया। आसपास के लोगों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत

महोबा। जिले में अलग-अलग स्थान पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की परिजनों के घर में कोहराम मचा हुआ है। ब्लॉक पनवाडी के ग्राम महोबकंठ निवासी छोटेलाल रैकवार (65) गांव में ही पंचर की दुकान किए हुए थे। देर शाम को वह दुकान बंद करके पैदल अपने घर जा रहे ते। तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर कर बुरी तरह घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में थाना पनवाड़ी के ग्राम आफत पूरा में घटी फरवरी थाना क्षेत्र के जखा गांव निवासी पंकज राजपूत (19) पुत्र बृजेंद्र राजपूत बाइक से कस्बा गौहांड में सेमेस्टर के पेपर देने जा रहा था। तभी रास्ते में आफतपुरा के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर चालक में से टक्कर मार दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। तीसरी घटना थाना पनवाड़ी की ग्राम छतेसर के पास घटी। पनवाड़ी थाने के ग्राम भरवारा निवासी मातादीन कुशवाहा (36) बाइक से अपने गांव भरवारा वापस आ रहा था तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई।

गैंगस्टर की 80 लाख रुपये की अवैध संपत्ति हुई कुर्क

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- माफियाओं के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी
- पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाया जा रहा अभियान

अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर आपराधिक कार्यों में संलिप्त माफियाओं के विरूद्ध की जाने वाली कार्रवाई के तहत पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान में एक और आपराधिक कार्यों में संलिप्त रहकर 80 लाख से अधिक संपत्ति अर्जित करने वाले माफिया की संपत्ति कुर्क कर ली गई।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के डिग्गी चैराहा निवासी अभियुक्त शिवनारायण सिंह पुत्र स्व.महावीर द्वारा आपराधिक कार्यों में संलिप्त रहकर अवैध रुप से अर्जित की गई कुल 80 लाख 25 हजार रुपये की अवैध सम्पत्ति को कुर्क किया गया है।

अभियुक्त पर समाजविरोधी क्रियाकलाप करने तथा समाज में भय व्याप्त कर अवैध रुप से संपत्ति अर्जित करने के संबंध में नगर कोतवाली में गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 मामला पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष कोतवाली देहात सुखराम सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही थी। इसी क्रम में अभियुक्त के आपराधिक कृत्यों द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गई सम्पत्ति की पहचान कर कुर्की के लिए न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट भेजी गई थी, जिस पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 30 मार्च को अवैध संपत्ति की कुर्की के संबंध में आदेश निर्गत किए गए थे।

इस तरह गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 29 मई को अभियुक्त की अवैध रुप से अर्जित की गई लगभग 80 लाख 25 हजार रुपए रुपये की सम्पत्ति को जब्त कर लिया गया। पुलिस द्वारा जो संपत्ति कुर्क की गई हैं उसमें एक बजाज पल्सर मोटरसाइकिल कीमत लगभग 25 हजार रुपये व एक मकान अनुमानित कीमत 80 लाख रुपये शामिल हैं।

वृद्धाश्रम के खराब कूलरों को ठीक कराने के एडीजे ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- प्रबंधक को बीमार बुजुर्गों का उपचार कराने के निर्देश
- न्यायिक अधिकारियों ने वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण

अमृत विचार। शेल्टर होम मानीटिरंग कमेटी के अध्यक्ष एवं विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट तथा अपर जिला जज एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा संयुक्त रूप से नरैनी रोड स्थित वृद्धाश्रम का दोपहर में जाकर निरीक्षण किया गया, जहां बिगड़े पड़े दो कूलरों की मरम्मत न कराए जाने पर नाराजगी जताई गई और तत्काल ठीक कराए जाने के निर्देश प्रबंधक को दिए गए, ताकि संवासी राहत पा सके।

सेल्टर होम मानीटरिंग कमेटी के अध्यक्ष तथा विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट छोटेलाल यादव द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए अपर जिला जज एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीपाल सिंह तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवानदास गुप्ता के साथ नरैनी रोड स्थित वृद्धाश्रम का शुक्रवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे निरीक्षण किया गया, जहां सीलिंग फैन व कूलरों की जांच की गई। इनमें से दो कूलरों की मरम्मत नहीं कराने पर प्रबंधक को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए। संवासियों के उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी ली। जिस पर संवासी महती के चेहरे पर गिर जाने के आई चोटों का इलाज न कराए जाने और मुन्ना ने भी बताया कि उन्हें कई बार चक्कर आए, किन्तु इलाज नहीं कराया गया। इस पर अध्यक्ष ने तत्काल निर्देश दिए कि दोनों संवासियों का अविलंब इलाज कराया जाए।

आश्रम में बुजुर्गों से स्वास्थ्य की जानकारी लेते न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

वृद्ध संवासियों को लू से बचाव के लिए शुद्ध पीने का पानी, भेजन में सलाद की मात्रा अधिक देने और ग्लूकोज पाउडर बराबर दिए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में यह भी पाया कि पंजीकृत 127 संवासियों में 72 मौजूद पाए गए और 55 संवासियों के बारे में बताया गया कि वह निजी कार्यों से बाहर हैं। 16 कर्मचारी भी नियुक्त पाए गए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने स्टोर इंचार्ज को निर्देश दिए कि गर्मी को देखते हुए संवासियों को तरोई, लौकी व अन्य हरी पत्तेदार सब्जियां खाने में दी जाए। अपर जिला जज श्रीपाल सिंह ने साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश प्रबंधक को दिए।

महिला ने सामूहिक दुष्कर्म का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। थाना अजनर के एक गांव में पानी के बहाने घर में घुसे दो लोगों पर महिला ने गैंगरेप का आरोप लगाते हुए थाना अजनर में तहरीर दे दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। महिला ने तहरीर में बताया कि दबंगों द्वारा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता ने तहरीर देकर दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

थाना अजनर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला अपने मायके में रह रही थी, रात में वह अपने खेत में बने कच्चे में कमरे में थी, तभी बाइक सवार दो लोग उसके दरवाजे पर आए और पानी मांगा। महिला जैसे ही पानी लेकर आई दोनो ने उसे दबोच लिया और मुंह दबा दिया। महिला ने आरोप लगाया कि उसके बाद दोनो ने उसके साथ बारी बारी से दुष्कर्म किया और किसी से बताने पर जानसे मारने क धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता ने थाना अजनर में दबंगों के खिलाफ तहरीर दे दी है। पुलिस ने तहरीर लेने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अजनर का कहना है कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

किशोरी के साथ दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

चिल्ला। पैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासिनी 8 वर्षीय किशोरी को पड़ोसी किशोर पंद्रह वर्षीय ने घर बुलाकर दुष्कर्म किया। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने किशोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दुष्कर्म पीड़िता के पिता किशोरी की मां ने थाना अध्यक्ष पैलानी संदीप सिंह पटेल को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गुरुवार को उसकी 8 वर्षीय पुत्री अपने खेत में बकरियां चरा रही थी। पड़ोसी किशोर ने उसके साथ दुराचार किया। थाना अध्यक्ष पैलानी संदीप सिंह पटेल ने बताया कि किशोरी की मां की तहरीर घर दुष्कर्म करने,पाक्सो एक्ट उसके पिता एवं मां के विरुद्ध गाली गलौज व जांन से मारने को लेकर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

हादसे में घायल एक और महिला ने दम तोड़ा

नरैनी। तीन दिनों पहले ट्रक के पीछे सवारियों से भरी टेंपो घुस जाने से घायल हुई एक और महिला ने उपचार के दौरान कानपुर में दम तोड़ दिया। हादसे में मरने वालों की संख्या चार हो गई। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश थाना क्षेत्र के धर्मपुर के अमरछी गांव से एक ही परिवार के नौ लोग टेंपो से आ रहे थे। कोतवाली क्षेत्र के जमवारा गांव के पास ट्रक चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा दिए जाने से पीछे से आ रहा तेज रफ्तार आटो घुस गया। हादसे के बाद मुन्नू वीवी (70) पत्नी हाजी मुस्तफा खान, हाजरा (45) पत्नी इस्माइल तथा कोतवाली क्षेत्र के कबौली गांव निवासी नूरवीवी (50) की मौत हो गई थी। गंभीर रूप से तीन घायलों को कानपुर रेफर कर दिया गया। शुक्रवार को कानपुर में उपचार के दौरान घायल नफीसा (45) पत्नी बाकर ने दम तोड़ दिया।

प्रशिक्षण में मृदा स्वास्थ्य के प्रति किसानों को किया गया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। कृषि विज्ञान केंद्र के तत्वावधान में एक दिवसीय किसानों के प्रशिक्षण में किसानों को मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। बताया कि पौधों को 16 तत्वों में से कार्बन, हाईड्रोजन व आक्सीजन को छोडकर शेष 13 तत्वों का माध्यम मृदा ही है। मृदा में इन पोषक तत्वों की कमी या असंतुलन के कारण पौधों का पोषण प्रभावित होता है।

कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र के तत्वाधान में मृदा स्वास्थ्य अभियान के तहत सदर तहसील क्षेत्र के कनवारा गांव में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण आयोजित हुआ। केंद्र के वैज्ञानिक डा.श्याम सिंह ने बताया कि पौधों को आवश्यक 16 तत्वों में से कार्बन, हाईड्रोजन व आक्सीजन को छोडकर शेष 13 तत्वों का माध्यम मृदा ही है। मृदा में इन पोषक तत्वों की कमी या असंतुलन के कारण पौधों का पोषण प्रभावित होता है। फसलों की बेहतर पैदावार के लिये उनका पोषण प्रबन्धन महत्वपूर्ण होता है। पोषण प्रबंधन के लिए फसल की पोषक तत्वों की मांग, मात्रा और उपलब्धता की जानकारी जरूरी है। फसलों की मांग उनकी प्रजातियों के अनुसार वैज्ञानिकों द्वारा अनुमोदित होती है। मृदा में पोषक तत्वों की मात्रा और उनकी उपलब्धता जानने के लिए मृदा जांच कराना जरूरी है। बताया कि मृदा जांच प्रयोगशाला में की जाती है। इसके लिए खेत से मिट्टी के नमूने लिए जाते हैं। फसल काटने के बाद खाली खेत से नमूना लेना चाहिये। एक एकड़ समतल क्षेत्र से एक नमूना लेना चाहिये। एक नमूना बनाने के लिए खेत में चारों ओर मेड़ से 2 मीटर छोडकर 5-6 स्थानों से मिट्टी ली जाती है। कहा कि नमूने को रसायनों, खाद व धूप से बचाकर रखें। नमूना लेने वाले यंत्र खुरपी आदि पर जंग न लगी हो। खाद की बोरी का प्रयोग कभी न करें। नमूने को साफ कपडे की थैली या नई पोलीथीन में रखें। खड़ी फसल में नमूना लेने से बचें।

कनवारा गांव में चलाया जा रहा जागरुकता अभियान। अमृत विचार

- मृदा में पोषक तत्वों की कमी से प्रभावित होता है पौधों का पोषण

सार-संक्षेप

सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल

कुरारा (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों में सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थाना क्षेत्र के ददरी गांव निवासी जगभान (55) पुत्र रामआसरे अपने साथी लक्ष्मण (23) पुत्र जगभान निवासी ददरी, रिश्तेदार कैलाश (32) पुत्र राम प्रकाश निवासी बडेरा, अजीतमल औरैया के साथ बाइक से गुरुवार की रात्रि करीब दस बजे कस्बा से कदौरा (जालौन) की तरफ जा रहे थे तभी कालपी हमीरपुर हाईवे में सरसई के पास बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक में सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही कस्बे के मेन बस स्टैंड में भौली गांव निवासी मूलचंद (35) पुत्र रामगोपाल शुक्रवार की सुबह 7 बजे ई रिक्शा लेकर बाजार की तरफ जा रहा था। तभी मुख्य बस स्टॉप में थाने गेट के सामने ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे चालक मूलचंद गंभीर रूप घायल हो गया। राहगीरों की मदद से स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

युवती ने फांसी लगाकर जान दी

महोबा। कोतवाली चरखारी के ग्राम संतोषपुरा में एक युवती ने कच्चे मकान के लट्ठे में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि युवती की शादी 23 अप्रैल 2024 को जनपद हमीरपुर के थाना रात क्षेत्र के ग्राम जाखेड़ी निवासी जवाहर यादव के पुत्र राहुल के साथ भी थी आत्महत्या का कारण ज्ञात नहीं हो सका है।

अज्ञात कारणों से बस्ती के बगल में खेतों में लगी आग

कुरारा (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के भैंसापाली गांव में शुक्रवार की सुबह 11 बजे अज्ञात कारणों के चलते कुशवाहा बस्ती के बगल में एक खेत मे आग लग गई। बस्ती के पास खेत होने की बजह से हड़कंप मच गया और जैसे ही आग की लपटों को ग्रामीणों ने देखा तो एकत्र होकर आनन फानन आग बुझाने में जुट गए। घंटों आग बुझाने में लगे रहे, लेकिन आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पा सकें। इस पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने में जुट गई। ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया। गांव निवासी दुर्गा प्रसाद ने बताया कि कुशवाहा बस्ती के नजदीक एक खेत में आग लग गई थी। ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड की मदद से कड़ी मसक्कत से आग पर काबू पाया जा सका। अगर आग बस्ती तक पहुंच जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

हत्या के प्रयास के मामले में दोषी को सात वर्ष की सजा

हमीरपुर। हत्या के प्रयास के सात साल पुराने मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा की अदालत ने आरोपी को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को सात साल का कारावास व 12 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा काटनी होगी। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजेश कुमार शुक्ल ने बताया कि सुमेरपुर थानाक्षेत्र के पंधरी गांव निवासी पीड़ित अवधेश सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 16 मई 2017 को सुबह करीब नौ बजे वह व उसका बेटा सिद्धांत घर से आटा चक्की की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह लोग रोहित सिंह उर्फ मुखिया के दरवाजे के बाहर से निकले, तभी पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें देखते ही उसने जान से मारने की नीयत से चाकू से छाती, पैर, हाथ आदि जगह पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। उसने पिता पुत्र पर कई वार करते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की कोशिश की। जिससे वह दोनों बुरी तरह से लहूलुहान हो गए। बताया कि घटना में उसका बेटा सिद्धांत को गंभीर चोंटे आई हैं। मामले में पुलिस ने आरोपी रोहित उर्फ मुखिया सिंह के खिलाफ हत्या का प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोषी रोहित सिंह उर्फ मुखिया को सजा सुनाई है।

ऑडियो वायरल करने की धमकी देकर किया दुष्कर्म

सुमेरपुर। एक माह पूर्व बातचीत का ऑडियो वायरल करने की धमकी देकर एक युवक ने युवती के साथ उसके घर में घुसकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होते ही युवक भूमिगत हो गया है। कस्बे के बांकी मार्ग निवासी एक युवती ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला प्रद्युम्न उर्फ पंकज यादव ने बीते 30 अप्रैल को बातचीत का ऑडियो वायरल करने की धमकी देकर रात में घर में घुस आया और तमंचा लगाकर जबरिया दुष्कर्म किया और अपने मोबाइल से दुष्कर्म का वीडियो बना लिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करके युवती को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा है। युवक घर से भूमिगत है।

सचल ट्रांसफार्मर से 27 घंटे बाद विद्युत आपूर्ति

सुमेरपुर। कस्बे के वार्ड संख्या 16 में साहू चक्की के समीप रखा ट्रांसफार्मर खराब होने से वार्ड के कुछ हिस्से की आपूर्ति 27 घंटे ठप हो गई। साथ ही सुबह जलापूर्ति पर बुरा असर पड़ा। लोगों के आक्रोश के बाद विद्युत विभाग में सचल ट्रांसफार्मर लगाकर 27 घंटे बाद आपूर्ति बहाल की। वहीं दरियापुर में विद्युत ट्रांसफार्मर में आग लग जाने से आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को परेशानी हुई। कस्बे के वार्ड संख्या 16 में टॉकीज के पीछे की आबादी को सप्लाई देने के लिए साहू चक्की के सामने 100 केवी का ट्रांसफार्मर में सुबह करीब 10 बजे खराबी आने से आपूर्ति ठप हो गई।

आग से महिला झुलसी, जिला अस्पताल में हुई मौत

कुरारा। थाना क्षेत्र के भौली गांव निवासी संतोषी (40) पत्नी संतोष कुमार को अज्ञात कारणों के चलते गुरुवार की दोपहर 3 बजे आग लग जाने से गंभीर रूप से झुलस गई थी जिसे परिजन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए थे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था जहां उपचार के दौरान गुरुवार की रात मौत हो गई।

युवक ने साथियों के साथ मिलकर दो सगे भाइयों को पीटा

सुमेरपुर। ग्राम पंधरी में एक युवक अपने कुछ साथियों के साथ बियर ठेके के समीप एक दुकान पर मौजूद था। तभी पंधरी गांव निवासी अर्जुन दुकान के सामने से गुजरा और रास्ते में खड़ी बाइक हटाने को कहा। यह बात युवक और उसके साथियों को नागवार लगी और उन्होंने गाली गलौज कर शुरू कर दी। गाली देने का विरोध करने पर अभय सिंह उसके साथी शिवम गुप्ता, अंकित, राजकुमार ने मारपीट शुरू कर दी।

हवन-पूजन के साथ विष्णु महायज्ञ पूर्ण

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

अमृत विचार। बड़ी आबादी वाले पौथिया गांव स्थित बाबा ध्यानीदास आश्रम में सात दिवसीय चल रही विष्णु महायज्ञ के अन्तिम दिन शुक्रवार को सुबह हवन पूजन एवं पूजा अर्चना के बाद सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति ने संतों एवं कन्याओं को तिलक लगाकर दक्षिणा देकर सम्मानित किया। साथ ही संत भोज सहित कन्या भोज कराकर भंडारे की शुरुआत कराईं। भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए गांव सहित आस पास के गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुषों ने बाबा के आश्रम में माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री शिवचरण प्रजापति, प्रधान प्रतिनिधि आशीष सचान, धर्मेंद्र सचान बैंक मैनेजर, ब्रह्मदेव दीक्षित (कल्लू महाराज), वीरेंद्र सचान, आनन्द अशोक सचान, नेता सचान, योगेश सचान सहित समस्त ग्राम व क्षेत्र वासियों का विशेष योगदान रहा। ग्राम प्रधान वंदना सचान ने श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

संतों को तिलक कर विदाई देते सदर विधायक डॉ .मनोज प्रजापति। अमृत विचार

- भंडारे का प्रसाद हजारों भक्तों ने किया ग्रहण

सुबह आठ बजे से होगी मतगणना, तैयारी तेज

महोबा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कहा कि मतगणना 4 जून को सुबह 8 बजे से प्रारंभ की जानी है। इसके लिए तैयारी जोरों पर है। सीसीटीवी कैमरे व पैरामिलिट्री फोर्स की उपस्थिति में मतगणना की जाएगी।

लोकसभा समान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना सकुशल एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश ने राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर में बनाये गए स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल पहुंच कर चल रही तैयारियो का मौके पर जाकर जायजा लिया।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ईवीएम लाने व ले जाने के लिए प्रत्येक मशीन के साथ सुरक्षा कर्मी अनिवार्य रूप से साथ में आएं। उन्होंने कहा कि मतगणना कर्मियों एवं एजेंट के लिए निर्धारित प्रवेश स्थलों से प्रवेश दिया जाए। राजकीय पॉलिटेक्निक में बिना आईडी कार्ड के प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

कर्मचारी व एजेंट मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक सामान मतगणना परिसर में नहीं लायेगा।

शराब देने से इंकार पर सेल्समैन को पीटा

राठ (हमीरपुर)। जरिया थाने के छिबौली गांव में देर रात शराब न देने पर नाराज युवक ने शराब ठेके के सेल्समैन के साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारा पीटा। चिकासी थाने के रिहुंटा गांव निवासी विनोद कुमार ने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह जरिया थाना क्षेत्र के छिबौली गांव में स्थित देसी शराब के ठेके का सेल्समेन है। बताया कि देसी शराब का ठेका बंद होने के बाद गांव का रोहित उसके पास आकर शराब की मांग करने लगा। जब उसने शराब देने से मना कर दिया तो युवक ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए उसे मारापीटा एवं जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

उदासीनता | पालिका का नाला सफाई अभियान नहीं चला, 15 दिन बाद मानसून दे सकता है दस्तक

नालों की सफाई नहीं, बारिश में होगी आफत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। इस बार 15 जून तक मानसून आने की संभावना है। इसके बाद भी पालिका प्रशासन मुख्य नालों की सफाई शुरू नहीं की है। न ही ऐसी कोई पहल होती दिख रही है। नालों के सिल्ट सफाई के लिए न तो टीम गठित हुई और न ही अभियान शुरू किया गया है।

एक दो जगहों पर शिकायत के बाद जेसीबी से नाले से कचरा निकालकर कर्तव्यों की इतिश्री कर ली गई है। यदि यही हाल रहा तो बारिश में शहर की करीब 70 हजार की आबादी को जलभराव के संकट से जूझना पड़ सकता है।

शहरी क्षेत्र की जलनिकासी के लिए मुख्य नालों का निर्माण करीब 10 किमी लंबाई में किया गया है। हर बार बारिश शुरू होने से पहले इन नालों से सिल्ट की सफाई कराई जाती है। इसके लिए पांच से 10 लाख का टेंडर होता है। मजदूरों की टीम बुलाकर महीने भर तक सफाई अभियान चलाया जाता है। मगर, पिछले दो सालों से नालों के सफाई के लिए टेंडर प्रक्रिया नहीं पूरी की गई है।

शहर के प्रधान डाकघर से विवेक नगर व आदर्श नगर मोहल्लों में मुख्य नाले की दशा दयनीय हो चुकी है। काफी दिनों से सफाई न होने के कारण नाला सिल्ट से भर गया है। कई जगहों पर पानी का बहाव नहीं हो पा रहा है। कांशीराम कॉलोनियों में जलभराव का संकट पूरे साल बना रहता है। जेल तालाब में नाले का पानी अभी से जाम है। वहीं रहुनियां धर्मशाला, पटकाना मोहल्ला में बारिश के दौरान एक दर्जन से अधिक मोहल्लों की जलनिकासी का भार संभालने में यह मुख्य नाला अक्षम साबित हो जाएगा।

शहर के पटकाना मोहल्ला निवासी राकेश गुप्ता ने बताया कि आबादी के बीच से निकले मुख्य नाले को अभी तक ढकने की व्यवस्था नहीं कराई जा सकी है। वहीं कई सालों से सफाई न होने से गंदगी से पटा है। अंधेरे के समय इसमें गिरने का खतरा बना रहता है।

एक दशक से नहीं हुई सफाई

रमेड़ी मोहल्ला निवासी अरविंद द्विवेदी कहते हैं कि मानसून आने में 15 दिन ही बचे हैं। ऐसे में मानसून आने पर शहर की जलनिकासी व्यवस्था ध्वस्त हो सकती है। जबकि मुख्य नालों की स्थिति अभी से बिगड़ी हुई है।

गंदगी के चलते नहीं हो पाता पानी का बहाव

शहर के आदर्श नगर मोहल्ला निवासी संतोष ने बताया कि सिल्ट और कचरा जमा होने से जगह-जगह नालों में पानी का बहाव नहीं हो पा रहा है। सफाई न होने से बदबू अलग उठ रही है। जिससे भीषण गर्मी में संक्रमण फैलने का भी खतरा है।

> अभी नाला सफाई के लिए कोई टेंडर नहीं कराए गए हैं। चुनाव में मतगणना के बाद नालों की साफ सफाई कराई जाएगी।
>
> -हेमराज, ईओ सदर

प्रधान न्यायाधीश की कार पेड़ गिरने से हुई क्षतिग्रस्त

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। शुक्रवार सुबह दूरसंचार कार्यालय गेट पर खड़ा यूकेलिप्टस का भारी भरकम पेड़ परिवार न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश मुनव्वरजहां की पार्किंग में खड़ी कार के ऊपर गिर गया। जिससे कार चकनाचूर हो गई।

न्यायाधीश मुनव्वर जहां की जनपद में अभी हाल ही में तैनाती हुई है। वह अभी एक होटल में ही रुकी थीं। प्रतिदिन होटल से कार से कोर्ट जाना था। उनकी कार होटल के बाहर बीएसएनएल कार्यालय के बाहर पार्क हो रही थी। 31 मई शुक्रवार को ही सेवानिवृत्त होने की सुबह से ही तैयारी में लगीं थीं। चालक उपेंद्र ने कार को हमेशा की तरह बीएसएनएल कार्यालय के बाहर पार्किंग में लगा दिया और उतरकर नीचे न्यायाधीश के आने की प्रतीक्षा करने लगा। तभी अचानक कार के ऊपर बीएसएनएल कार्यालय के अंदर लगा भारी-भरकम यूकेलिप्टस का पेड़ जड़ से उखड़कर जा गिरा। जिससे पूरी कार चकनाचूर हो गई। घटना के बाद मौके पर भीड़ लग गई।

यूकेलिप्टस पेड़ के नीचे दबी कार।

सीएचसी में चल रहा कमीशन का खेल!

निजी लैब संचालकों से चल रही साठगांठ, मरीज को जांच के लिए अस्पताल परिसर से ही पकड़कर ले जाते हैं

संवाददाता जालौन

अमृत विचार। सीएचसी जालौन में इन दिनों कमीशनबाजी का खुलेआम खेल चल रहा है। यहां के चिकित्सकों की शह पर प्राइवेट पैथोलॉजी के संचालकों इस कदर बोल बाला है कि इनके गुर्गे मरीजों को जबरिया हाथ पकड़ कर चिकित्सक द्वारा लिखी गई जांच करने के लिए अपनी लैब ले जाते हैं, और मनमानी रकम वसूल कर रहे हैं। वहीं चिकित्सक खुलेआम मरीजों को सादे कागज पर बाहर की दवाएं लिखने के साथ ही चिह्नित मेडिकल स्टोर पर भेज रहे हैं। मामला संज्ञान में आने के बाद अस्पताल प्रशासन ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में चिकित्सकों की शह पर निजी लैब संचालक के गुर्गे का दबदबा कायम हैं, जो जांच के नाम पर मरीजों से हजारों की वसूली कर रहे हैं। शुक्रवार को भी एक बार प्राइवेट पैथोलॉजी कर्मचारियों का अस्पताल से मरीजों का हाथ पकड़ कर ले जाते देखा गया। इस दौरान किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया हालांकि अमृत विचार किसी भी विडियो की पुष्टि नहीं करता है।



सादे कागज पर डॉक्टर ने कथित तौर पर लिखी बाहर की दवा।

अस्पताल परिसर से बच्ची को जांच के लिए ले जाते परिजन।

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन का मामला
- सादे कागज में बाहर से लिखी जा रहीं दवाएं

बोले जिम्मेदार

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी कपिल गुप्ता ने बताया कि फोटो, वीडियो उनके संज्ञान में आया है। वह मामले की जांच कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

चिह्नित पैथोलॉजी से ही जांच कराने पर होता है दबाव

- अस्पताल के कुछ चिकित्सक महंगी-महंगी बाजार से दवा लेने के लिए अलग से पर्ची लिखती हैं। इतना ही नहीं वह दवाई एक चिह्नित दवाई की दुकान से ही लेने का दबाव देते हैं और इसके अलावा जांच भी एक चिह्नित पैथोलॉजी पर ही कराए जाने का दबाव बनाते हैं। जिससे उन्हें कमीशन के तौर पर मोटी रकम मिले। दो दिन पूर्व पैथोलॉजी की जांच को लेकर एक मरीज तथा उनके तीमारदार के साथ अभद्रता तथा मारपीट का भी मामला प्रकाश में आया था। इसके बावजूद शुक्रवार को फिर से प्राइवेट पैथोलॉजी कर्मचारियों को अस्पताल से मरीज को ले जाते हुए देखा गया।

तीन दिन पहले भी हुआ था बवाल

- तीन दिन पहले एक प्राइवेट पैथोलॉजी के कर्मचारियों की खीचतान से गर्भवती महिला के तीमारदारों के बीच गाली-गलौज और मारपीट की घटना सामने आई थी, जिसपर 7 माह की गर्भवती बहू संध्या पत्नी सुशील कुमार, निवासी ग्राम उद का चिकित्सीय परीक्षण करने सास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन लेकर गई थी, जहां महिला डॉक्टर ने संध्या को अल्ट्रासाउंड करने के साथ होम्योग्लोबिन, आरबीएस, एचआईबी, एचबीएस, ब्लड ग्रुप समेत कई जांचें कराने के लिए पर्चे मं। लिखा था। गर्भवती महिला के पति सुशील कुमार ने आरोप लगाया कि महिला चिकित्सक ने एक प्राइवेट लैब में जांच कराने के लिए कहा, जांच कराने के बाद निजी लैब के संचालक के गुर्गे ने मनमाने रुपये मांगे और न देने पर गर्भवती और उसकी सास से अभद्रता की। जिसपर कोतवाली जालौन पहुंचकर शिकायत की, बाद में मामला दबा दिया गया।

बैरकों में निरुद्ध बंदियों से जानीं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

अमृत विचार। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश शिवकुमार द्वितीय ने जिला कारागार उरई का मासिक भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरूद्ध बन्दियों से जानकारी करते हुए उनकी समस्यों को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर सचिव, अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन एवं जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे। निरीक्षण में जिला जज ने बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता, सलाह और महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान-पान इत्यादि के बारे में जाना-परखा। उन्होंने कई बन्दियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत ढंग से न्यायालय में पैरवी न हो पा रही हो को विधिक सहायता दिलाये जाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। विचाराधीन बन्दी को पैरवी के लिए सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो न्यायालय में बन्दी की ओर से प्रार्थनापत्र दिलवाएं ताकि लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम की सुविधा उपलब्ध हो सके। इसी प्रकार जो बन्दी दोषसिद्ध हो चुके हैं, की अपील न हो पाने की स्थिति में नियमानुसार जेल अपील कराई जाये। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आवश्यक समन्वय बनाकर ऐसे प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाये ताकि अपील की मियाद समाप्त न होने पाये। जेल अपील कराये जाने में यदि कोई विधिक समस्या आ रही है तो उसको सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संज्ञान में लाते हुए आवश्यक पत्राचार किया जाए। जेल अधीक्षक नीरज देव, कारापाल प्रदीप कुमार, कारागार चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल बर्मन, उप कारापाल तारकेश्वर सिंह एवं अमर सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन डीईओ दीपक नरायण उपस्थित रहे।

कारागार का निरीक्षण कर बाहर आते न्यायाधीश शिवकुमार। अमृत विचार

- न्यायाधीश ने जिला कारागार का किया मासिक निरीक्षण

कागज फैक्ट्री के गोदाम समेत दो जगह लगी आग

संवाददाता कालपी(जालौन)

अमृत विचार। शुक्रवार को कालपी क्षेत्र में कागज फैक्ट्री समेत दो स्थानों में अग्निकांड की घटनाएं हो गई। आग बुझाने के लिये उरई तथा कालपी की दमकल वाहन को लाकर कर्मियों को मेहनत काफी करनी पड़ी। अग्निशमन अधिकारी एमपी वाजपेई ने बताया कि 31 मई की दोपहर को तनजीम अहमद निवासी मोहल्ला उदनपुरा की निकासा रोड में स्थित निजी कागज फैक्ट्री के गोदाम में आग सुलगने लगी धीरे-धीरे आग ने बिकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर अग्निशमन केंद्र कालपी से दमकल वाहन के साथ मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने पानी का छिड़काव किया, आग के बिकराल रूप को देखकर उरई से एक अन्य दमकल वाहन मौके पर पहुंचा। काफी देर के बाद तत्परता पूर्वक कर्मचारियों ने आग पर नियंत्रण किया। इसी तरह गुरुवार शाम को कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जयरामपुर क्षेत्र के एक घर में आग में लग गई। सूचना मिलने पर अग्निशमन केंद्र कालपी से पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाने में कड़ी मशक्कत की।

आग पर काबू पाते दमकल कर्मी।

'अहिल्याबाई के इतिहास को पढ़ कर उनके आदर्शों को आत्मसात करें'

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के निर्देशन पर जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी कार्यालय उरई में अहिल्याबाई होल्कर की जयंती श्रद्धा भाव से मनाई गई। समाजवादी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। होल्कर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र प्रान्त के चौढ़ी गांव में हुआ था। उनके पिता मान्कोजी सिंदे एक किसान थे। अहिल्याबाई बचपन से शिव की उपासका रहीं। अहिल्याबाई की शादी 10-12 वर्ष की उम्र में मालवा साम्राज्य के संस्थापक मल्हार राव के पुत्र खण्डेराव के साथ हुआ था। अहिल्याबाई के एक बेटा और एक बेटी भी हुए लेकिन समय गुजरते परिवार के सभी लोगों का निधन हो गया और अहिल्याबाई होलकर को राज सिंहासन की बागडोर संभालनी पड़ी। अहिल्याबाई ने बहुत ही कुशलता से शासन का संचालन किया और उन्हें इतिहास की कुशल शासिका का दर्जा प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि हमें राजमाता अहिल्याबाई के इतिहास को पढ़ना चाहिए और उनके आदर्शों पर चलकर समाज और देश की सेवा करनी चाहिए। पूर्व मंत्री रामपाल ने मधुसूदन द्वारा लिखित होलकरों का इतिहास नामक पुस्तक को दिखाते हुए कहा कि भारत देश में होल्करों का इतिहास रहा है लेकिन साजिश से उसे दबा दिया था। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूरे उत्तर प्रदेश के समाजवादी पार्टी कार्यालयों में अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाने का निर्देश दिया। इस दौरान वरिष्ठ सपा नेता अशोक महाबली, सपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामपाल, पूर्व विधायक शिवराम कुशवाहा, पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद यादव, नारायण दास अहिरवार, जमालुद्दीन, ज्ञानू निरंजन, लाखन सिंह कुशवाहा आदि मौजूद थे।

अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण करते सपा पदाधिकारी। अमृत विचार

जयंती मनाते होल्कर सेना के पदाधिकारी। अमृत विचार

- सपा ने मनाई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

होल्कर सेना ने मनाई जयंती, निकाली शोभायात्रा

जालौन। शहर के आम्बेडकर चौराहे पर शर्बत वितरण का आयोजन किया गया। इससे पहले शहर के चुर्खी बाईपास चौराहा से अहिल्याबाई होल्कर की विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो जिला परिषद होते हुए आम्बेडकर चौराहा, शहीद भगतसिंह चौराहा, घंटाघर, माहिल तालाब होते हुए कोंच बस स्टैंड की ओर रवाना हुई। इस मौके पर शहर के आम्बेडकर चौराहा पर शीतल शरबत पिलाये जाने का काम संगठन के लोगों के द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रवेन्द्र पाल सिंह, उमेशचंद्र सिंह, अरविंद खाबरी, बृजनारायण, देवेंद्र जाटव, नरेश गौतम, चंद्रशेखर, विकास कुमार प्रधानाचार्य, रामौतार सिंह गौतम, संतकुमार, रामेन्द्र कुमार, सुनील कुमार, सुन्दर लाल शास्त्री, अखिलेश कुमार, शशिकांत प्रभाकर, रामबिहारी प्रजापति, विजयशरन सहित दर्जनों संगठन के लोग मौजूद रहे। जिन्होंने शोभायात्रा में चल रहे या फिर सड़क से निकल रहे राहगीरों को इस भीषण गर्मी में शीतल शर्बत पिलाने का काम किया।

गर्मी से राहत नहीं, तापमान 48 डिग्री

संवाददाता कालपी, जालौन

अमृत विचार। तेज तपिश से शुक्रवार को भी लोगों को राहत नहीं मिली। शुक्रवार को दूसरे दिन भी तापमान 48 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। इससे बाजार और सड़कों पर सुबह 11 बजे के बाद से ही सन्नाटा पसरना शुरू हो गया, जो शाम पांच बजे तक बना रहा। इधर गर्मी के चलते बिजली व्यवस्था में सुचारु ढंक से नहीं चल पा रही हैं। बीते तीन दिन से रेलवे स्टेशन पर लगे ट्रांफार्मर व केबल खराब होने से बिजली की आपूर्ति बाधित है। बिजली आपूर्ति न होने से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। गर्मी के चलते लोगों को पूरी-पूरी रात जागरण करना पड़ रहा है तथा पीने के पानी का संकट पैदा हो गया है। बूंद-बूंद पानी के लिये यहां के निवासी तरस रहे हैं। नगर के रेलवे स्टेशन में रखे ट्रांसफार्मर तथा इस ट्रांसफार्मर से जमीन के नीचे डाली गई केबल के खराब होने से स्टेशन चौराहे रावगंज तथा गणेशगंज का कुछ हिस्सा अंधेरे में है तथा बिजली की किल्लत के चलते लोगों को पीने के पानी की भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वही उपखण्ड अधिकारी आदर्शराज के मुताबिक लोड अधिक है कुछ हिस्सों में केबल गड़बड़ है टीम लगाकर व्यवस्था सुचारु करने का प्रयास कर रहे हैं।

केबल सही करते बिजली कर्मचारी।

रोक के बाद भी शेरगढ़ घाट से गुजर रहे ओवरलोड वाहन

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। शेरगढ़ घाट स्थित यमुना पुल की जर्जर हालत के चलते भारी वाहनों को बंद कराने के आदेश औरैया की डीएम नेहा प्रकाश ने जारी किया था। शेरगढ़ घाट स्थित यमुना नदी के पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने के कारण इन वाहनों को झांसी व उरई जाने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के रास्ते लगभग 24 किलोमीटर अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है। इस दूरी से बचने के लिए भारी वाहन चालक चोरी छिपे यमुना नदी के रास्ते जालौन की सीमा में आ रहे हैं। लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से पुल को खतरा और बढ़ा है। रोकने के लिए लगाया गया गेज भी भारी वाहन चालकों ने तोड़ दिया।

शेरगढ़ घाट के पुल से गुजरता डंपर।

नहरों में पानी छोड़ने के निर्देश

उरई जालौन। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायती राज विभाग, नगर विकास, ग्राम्य विकास विभाग एवं जल संबंधी जिला स्तरीय अधिकारियों की डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने बैठक ली। अधिकारियों को न केवल दिशा निर्देश दिए वरन रोस्टर अनुसार नहरों में पानी पहुंचाने के साथ पेय जल स्रोत वाले कुओं को गहरा करके पानी की व्यवस्था हर हालत में करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिला धिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव रहे।

गड्ढे में गिरी बाइक, मां की मौत, पुत्र घायल

जालौन। शादी समारोह में शामिल होकर वापस भिंड जा रहे मां बेटे की बाइक गड्ढे में गिरने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में मां की मौत हो गई।

मध्य प्रदेश के भिंड से जालौन एक शादी समारोह में शामिल होने आई सोमवती 42 वर्ष अपने बेटे शनि के साथ मोटर साइकिल से शुक्रवार सुबह वापस भिंड जा रही थी, सुबह 5 बजे मां बेटा मोटर साइकिल से भिंड के लिए रवाना हो गए, मुश्किल से 6 किलो मीटर चलने के बाद जालौन भिंड रोड पर स्थित सुढार गांव के पास शादी में रात भर जागते रहेने के कारण बाइक चालक बेटे सनी को झपकी आ गई और उसकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे खंदक में जा गिरी, जिससे मां और बेटा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना डायल 112 को दी गई, पुलिस ने पहुंच कर एम्बुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान मां सोमवती की मृत्यु हो गई।

- शादी समारोह में शामिल होने भिंड से जालौन आए थे

विश्व तंबाकू निषेध दिवस | पूर्व सैनिकों ने चलाया जागरुकता अभियान, डब्ल्यूएचओ का हवाला देकर बोले – विश्व में 80 लाख लोगों को लील रही तंबाकू

'युवा पीढ़ी तंबाकू सेवन से अपने जीवन को नर्क में धकेल रही'

संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन की टीम ने विश्व तंबाकू दिवस के मौके पर ग्राम चुर्खी में तंबाकू से होने वाले कैंसर आदि जैसी भयानक बीमारियों के बारे में जागरुकता अभियान चलाया। लोगों को जागरूक करते हुए कैप्टन अखिलेश ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी तंबाकू सेवन से अपने जीवन को नर्क में धकेल रही है। विश्व में से सबसे अधिक 70 प्रतिशत लोग हमारे देश में तंबाकू का सेवन कर रहे हैं और दांत के रोगों के अलावा मुंह का कैंसर, गले का कैंसर तथा फेफड़े आदि की भयानक बीमारियों से जूझ रहे हैं। लोगों को समाज में एक दूसरे को जागरूक करने की आवश्यकता है। एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूबेदार उदय पाल सिंह ने लोगों से आह्वान किया कि अगर हर व्यक्ति कम से कम पांच लोगों को तंबाकू से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करने की मन में ठान ले तो समाज अवश्य जागरूक होगा। उपाध्यक्ष हवलदार रविंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार विश्व में लगभग 80 लाख लोग हर वर्ष तंबाकू के सेवन से मर रहे हैं, जिसमें 70 लाख सीधे तंबाकू का सेवन करने वाले लोग होते हैं तथा 10 लाख लगभग उनके पास रहने वाले होते हैं। संगठन के उरई संयोजक कैप्टन संतोष कुमार रायकवार ने उपस्थित लोगों को नशा से दूर रहने कि शपथ दिलाई और पूर्व सैनिकों को डीएससी अकाउंट की जानकारी दी। चुर्खी क्षेत्र संयोजक हवलदार अमर सिंह पाल ने लोगों को केंद्रीय सैनिक बोर्ड से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। हवलदार राजकुमार वर्मा ने उरई के मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। इस मौके पर सूबेदार अशोक कुमार विश्वकर्मा, हवलदार अरविंद सिंह चौहान, हवलदार जितेंद्र सिंह सरदार सरसेला, कैप्टन छेदा सिंह, आनंद महाराज उर्फ लल्लू द्विवेदी पुत्र स्व. केदारनाथ द्विवेदी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, नरेश चौहान, हवलदार मारकंडेय चौहान, अनिल सिंह चौहान, राजबीर उर्फ भूरे चौहान पूर्व प्रधान, धरमबीर सिंह, जितेंद्र सिंह, नन्ही देवी, लल्ला राजा आदि मौजूद रहे।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरुकता अभियान चलाते पूर्व सैनिक। अमृत विचार

तंबाकू सेवन नहीं करने की दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। शपथ दिलाते हुए कहा अपने जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों का उपयोग या सेवन नहीं करेंगे एवं अपने परिजनों, मित्रों या परिचितों को भी तम्बाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक जुबेर बेग, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, उप जिलाधिकारी अतिरिक्त सौरभ पांडे, प्रोबेशन अधिकारी अमरेंद्र पोत्स्यायन सहित सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

चिकित्सकों ने ली तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ: उरई। राजकीय मेडिकल कालेज उरई में मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. आरके मौर्य के कुशल मार्गदर्शन एवं डॉ. रीना कुमारी, प्रधानाचार्य, नर्सिंग कॉलेज की देख-रेख में टीबी एवं चेस्ट विभाग, दन्तरोग विभाग के सम्मिलित सहयोग से विश्व तंबाकू दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में तम्बाकू के सेवन से होने वाली गम्भीर बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अवसर पर बीएससी नर्सिंग, पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर, चार्ट एवं नाटक के माध्यम से तम्बाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज ऑफ नर्सिंग से नर्सिंग ट्यूटर ओम प्रकाश शर्मा व डॉक्टर केपल वाला के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. प्रशान्त निरंजन के द्वारा सभी को तम्बाकू सेवन न करने के सम्बन्ध में शपथ दिलवाई गयी। इस अवसर पर चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. आरके मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रशान्त निरंजन, नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कर्मचारियों को शपथ दिलाते डीएम राजेश कुमार।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मेरा हाई स्कूल अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 2725645 वर्ष 2020 यूपी बोर्ड वास्तव में कहीं खो गया है। **प्रीति यादव पुत्री रमेश यादव निवासी एलो पोस्ट एलो पयागपुर बहराइच**

सूचना
मेरा हाई स्कूल अंक पत्र जिसका अनुक्रमांक 2725615 वर्ष 2020 यूपी बोर्ड वास्तव में कहीं खो गया है। **लक्ष्मी यादव पुत्री रमेश यादव निवासी एलो पोस्ट एलो पयागपुर बहराइच।**

सूचना
सूचित हो कि मेरा बीएड वर्ष 2006 रोल नं0 6311089 का अंकपत्र कहीं गिर गया है। **सुनीता पुत्री मुलायम सिंह पता– नगला विहारी, पोस्ट सलेमपुर सौरिख, कन्नौज**

शीघ्र चाहिए
कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर–नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना–खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ **105 दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0– 8896030769 / 9554377000**

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सच्चिदानंद पाठक पुत्र आदित्य प्रसाद पाठक निवासी गायत्रीपुरम सिविल लाइन्स, गोंडा, उत्तरप्रदेश 271001 है। मेरे आधार में मेरा नाम सच्चिदानंद पाठक और शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम सच्चिदानंद है। सच्चिदानंद व सच्चिदानंद पाठक दोनों एक ही व्यक्ति हैं और भविष्य में मुझे सच्चिदानंद पाठक के नाम से जाना पहचाना जाए।

सूचना
सूचित हो कि मेरे पुत्र आकर्ष कुमार के विद्यालय दस्तावेजों में उसका नाम त्रुटिवश आकर्ष कुमार मौर्या एवं मेरा नाम प्रेम नारायण मौर्या दर्ज हो गया है जो गलत है। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम आकर्ष कुमार तथा मेरा सही नाम प्रेम नारायण है जो कि मेरे व मेरे पुत्र के आधार कार्ड पर भी दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के विद्यालय दस्तावेजों में उसका व मेरा सही नाम दर्ज किया जाये। **प्रेम नारायण पुत्र भगौती प्रसाद निवासी ग्राम परसेहरा खुर्द पोस्ट मजलिसपुर थाना खैराबाद तहसील व जिला सीतापुर।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे माता जी शशिबाला यादव पत्नी स्व. श्याम नारायण यादव के नाम एक प्लाट के बैनामा स्टाम्प जो की सब रजिस्ट्रार कार्यालय सदर बलरामपुर मे बही संख्या 1 जिल्द संख्या 810 पृष्ठ संख्या 130 से 131 पर क्रमांक 1285 दिनांक 26.07.1971 पर दर्ज है, जो कि कहीं खो गया है। **अनुराग यादव पुत्र स्व. श्याम नारायण यादव, मो. तुलसीपार्क, तहसील व जनपद बलरामपुर**

हीटस्ट्रोक की चपेट में आए छह लोगों ने तोड़ा दम

गर्मी व लू का कहर : चार विजयीपुर, एक -एक बकेवर व असोथर में शिकार, पुलिस को सूचना दिए बिना किया अंतिम संस्कार

संवाददाता, किशनपुर/फतेहपुर

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के विजयीपुर गांव में हीट स्ट्रोक के चलते चार बुजुर्ग लोगों की मौत हो गई। बकेवर थाना क्षेत्र के आलमपुर में गुरूवार की दोपहर बाजार जा रहे भट्ठा मजदूर की अचानक हालत बिगड़ गई। जिसकी रोड किनारे ही गिरकर मौत हो गई। मृतक के परिजनों के अनुसार उसकी लू लगने से मौत हुई है। असोथर नगर पंचायत में हीट स्ट्रोक से एक महिला की मौत हो गई।

विजयीपुर में हीट स्ट्रोक के चलते हुई चार मौतों से लोग घबराए हुए हैं। विजयीपुर कस्बा निवासी संतोष सिंह (65) शुक्रवार की सुबह खाना खाकर घर के बाहर बने छप्पर के नीचे लेट गए। इस दौरान गर्मी के चलते उनकी मौत हो गई। कुछ देर बाद छप्पर के नीचे धूप आ गई उस दौरान वह चारपाई से नहीं उठे। तब परिजन उनके पास पहुंचे जहां वह मृत अवस्था में पाए गए। इसी प्रकार शिवपुरी मजरे विजयीपुर गांव निवासी सरोज देवी पत्नी अमृतलाल सिंह (60) सुबह खाना खाकर बाग की तरफ घूमने गई थी। जहां अचानक वह जमीन में गिर गई और उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि सुबह ठीक-ठाक थी खाना खाकर बगीचे की तरफ घूमने गई थी। कुछ देर बाद उनको लोगों द्वारा जानकारी मिली जानकारी के बाद परिजन मौके पर पहुंचे जहां वह मृत पाई गई। इसी तरह विजयीपुर निवासी शिवगोपाल गुप्ता (60) व ननका निर्मल (55) की भी गुरूवार की देर रात हीट स्ट्रोक की चपेट में आकर मौत हो गई। सुबह परिजनों ने देखा तो वह मृत पाए गए। बताया जा रहा है कि ननका निर्मल के शरीर में गर्मी के चलते बड़े बड़े फफोले पड़ गए थे। इसी प्रकार किशनपुर थाना क्षेत्र के भावनापुर मजरे गढ़ा गांव में भी जयपाल शुक्रवार की दोपहर जानवरों को पानी पिलाने यमुना किनारे गए थे। जहां वह वापस लौटते समय जमीन पर गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। परिजनों ने पहुंच कर देखा तो तेज धूप की वजह से उनके शरीर में फफोले पड़ गए थे। सभी के परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शवों का अंतिम संस्कार कर दिया है।

बकेवर के आलमपुर गांव निवासी केशन का पुत्र राजेश भट्ठे में मजदूरी करता था। गुरूवार दोपहर वह बाजार करने के लिए घर से निकला था तभी रोड किनारे उसकी अचानक हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर से गुजर रहे गांव के लोगों ने राकेश को देख उसके परिजनों को सूचना दे दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के परिजनों ने बताया कि उसकी मौत लू लगने से हुई है। जो अपने पीछे पत्नी सुफला देवी व बेटे सुधीर व अतुल छोड़ गया है।

असोथर संवाददाता के अनुसार नगर पंचायत के प्रताप नगर झाल निवासी स्वर्गीय बाबूलाल मोदनवाल की 65 वर्षीय पत्नी माया देवी की तबीयत हीट स्ट्रोक के चलते गुरुवार रात्रि 12 बजे अचानक बिगड़ गयी। हालत गंभीर होने पर परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती किया। जहां पर डाक्टरों ने हालत नाजुक देखकर कानपुर रिफर कर दिया जिसके बाद कानपुर ले जाते समय रास्ते में माया देवी ने दम तोड दिया। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के पति के नाम से प्रताप नगर झाल तिराहे मे बाबूलाल मिष्ठान भंडार के नाम से प्रतिष्ठान चल रहा है।

मौके पर लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

बुजुर्ग महिला का शव मिला, लू से मौत की आशंका

- **खागा।** खखरेरु थाना क्षेत्र के बरहटा रोड भीटा तालाब के पास एक अज्ञात बुजुर्ग महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पहचान कराने के प्रयास में जुट गई है। खखरेरू थाना क्षेत्र के दामपुर मार्ग के बरहटा गांव समीप एक बुजुर्ग महिला का शव रोड किनारे देख लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ स्थानीय लोग व पुलिस भी अज्ञात शव को देखकर लू लगने की आशंका जताई जा रहीं है। फिलहाल अभी तक पुलिस बुजुर्ग महिला के शव की शिनाख्त में जुटी हुई है। खबर लिखें जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। वहीं मामले को लेकर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया की जानकारी होते ही मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया गया है। जिसको पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है और मौत किस कारण हुई है यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता लग पाएगा।

मिट्टी के घड़े व सुराही की बढ़ रही मांग

फतेहपुर। भीषण गर्मी में आधुनिकता के दौर में भी मिट्टी के घड़ों की मांग बढ़ती जा रही है। गरीबों के फ्रिज के नाम से मशहूर मिट्टी से बने घड़ों की दुकाने गांव, कस्बे व शहरो के चौराहे पर सजी हुई है। गर्मी के दिनो में कई किस्म के घड़े बाजार में बेचे जा रहे हैं। घड़ों की मांग बढ़ने के साथ इनकी कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है।बाजार में एक घड़े की कीमत 100 से 200 रुपए है। सुराही का भी काफी चलन है समय बदलने के साथ टोटी लगे मटके लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। गर्मी के दिनों में काफी लोग फ्रिज का पानी पीने की बजाए मटके के पानी से गला तर करना पसंद करते हैं। शहर के शादीपुर निवासी खुशीराम गुप्ता बताते हैं कि अच्छी मिट्टी से बने घड़े काफी ठंडक देते हैं। इस बार मटकों और सुराहियों की कीमत 60 से डेढ़ सौ रुपए तक है। घड़े के पानी की सोंधी सुगंध जो आती है। घड़े का पानी जमीन से ताजा पानी जैसा एहसास कराता है। गर्मियों में जब घड़ों की मांग बढ़ती है तो कुम्हारों का व्यवसाय भी खूब फलने फूलने लगता है। मटकों की बढ़ती मांग को देखकर अब आनलाइन डिलीवरी देने वाली कंपनियां भी इस व्यवसाय में कूद पड़ी है। जो कुम्हारों को आर्डर देकर मटकी बनवाते हैं और फिर ज्यादा दाम में कंपनियां आनलाइन भेजते हैं।

ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता

- फिजीशियन डा पवन बाजपेयी के अनुसार मटके का पानी ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करके कोलेस्ट्राल कम करता है। घड़े का पानी ब्लड सर्कुलेशन बनाए रखने में मदद करता है। बताया कि मिट्टी के घड़े का पानी उत्तम होता है। गर्मी आते ही लोगों को देसी मटके की याद आनी शुरू हो जाती है।

गर्मी में बिक्री के लिए सजाकर रखे गए मिट्टी के घड़े। अमृत विचार

सार-संक्षेप

झोपड़ी में आग से दो दर्जन मुर्गियां जलकर मरीं

किशनपुर। थाना क्षेत्र के महावतपुर असहट मजरे पिपरहा डेरा गांव में देर रात अज्ञात कारणों से एक झोपड़ी में आग लग गई। जिसमें करीब दो दर्जन मुर्गियों की जलकर मौत हो गई। वहीं आग लगने से पीड़ित की उपयोगी सामग्री भी जलकर स्वाहा हो गई। पिपरहा डेरा गांव निवासी प्रकाश निषाद गांव में ही तालाब के पास झोपड़ीनुमा मकान बनाकर रहता है। उसी झोपड़ी में वह मुर्गी पालन का भी काम करता है। गुरूवार की देर रात करीब दस बजे के आसपास अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई। झोपड़ी में लगी आग से उठता हुआ धुआं देख प्रकाश निषाद के होश उड़ गए। कुछ देर बाद शोर शराबा सुन मौके पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। कुछ देर बाद सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस व ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने सबमर्सिबल व हैंडपंप से पानी लाकर आग पर काबू पाया। इस दौरान पीड़ित प्रकाश निषाद की करीब दो दर्जन मुर्गियां आग की चपेट में आ गई। जिससे उनकी जलकर मौत हो गई। वहीं झोपड़ी में पीड़ित परिवार की अन्य सामग्री व खाने पीने की सामग्री भी जल गई।

संदिग्ध हालत में महिला ने खाया जहर, मौत

जाफरगंज। एक महिला ने गुरूवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर पहुंचे मायकेपक्ष ने ससुरालियों पर जहर खिलाकर मार डालने का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के डिघरूवा गांव निवासी सुनील उर्फ छोटू सोनकर की पत्नी पूनम (25) ने गुरुवार देर शाम करीब नौ बजे के करीब घरेलू कलह के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत खराब होने पर ससुरालीजन आनन फानन जहानाबाद लेकर गए, जहां महिला को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि पूनम अपने चार साल के बेटे अंकेश को छोड़कर गई है। मौत की खबर पाकर बिंदकी कोतवाली के गांव जनता निवासी मृतका के पिता मिठाई लाल सोनकर परिजनों के साथ बेटी की ससुराल पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाते हुए बताया कि करीब छह साल पूर्व हिंदू रीति रिवाज से बेटी की शादी से की थी। सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। पति सुनील उर्फ छोटू, जेठ, देवर, ननद, सास ट्रैक्टर खरीदने के लिए तीन लाख रुपए की मांग कर बेटी को प्रताड़ित करते थे। गुरुवार को भी बेटी के साथ मारपीट किया था। आरोप है कि उसे जहर खिला कर मार डाला गया है। घटनास्थल पर पहुंचे सीओ जाफरगंज पड़ोसियों से घटना की जानकारी ली। थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि पिता की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मृतका

एसपी ने किया परेड का निरीक्षण

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया गया, पीटी करायी गई। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन परिसर में भ्रमण कर परिवहन शाखा, भोजनालय, वर्दीस्टोर, क्वार्टरगार्द, घरैया लाइन की साफ-सफाई आदि का निरीक्षण कर संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

उमस भरी गर्मी में हीट स्ट्रोक व हार्ट अटैक का बढ़ा खतरा

संवाददाता, फतेहपुर

- शुक्रवार को जिला अस्पताल पहुंचे 11 सौ मरीज
- वार्ड फुल होने के चलते दवा देकर टरकाए जा रहे मरीज

अमृत विचार। जनपद में बीते कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। गर्मी के चलते लोगों की सेहत खराब हो रही है। उल्टी-दस्त व बुखार से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में जिला अस्पताल में पहुंच रहे हैं। जबकि हीट स्ट्रोक व हार्ट अटैक का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है। मरीजों की भारी भीड़ जुटने से जांच व समुचित उपचार नहीं मिलने से पीड़ित मरीज भटकने को विवश हैं।

जिले में सुबह से ही तेज धूप व गर्म हवा के थपेड़ों से लोग बीमार पड रहे है बढ़ती गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहा है। गर्मी के कारण अस्पतालों में बड़ी संख्या मं. मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार गर्मी के मौसम में डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, वायरल फीवर, माइग्रेन, किडनी व आंखों में इंफेक्शन और पेट की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। शरीर में पानी की कमी होने पर डिहाइड्रेशन की नौबत बन जाती है। जबकि तेज धूप व लू के थपेड़े कमजोर इम्यूनिटी के अलावा डायबिटीज, किडनी या दिल की बीमारियों से पीड़ितो के लिए घातक है। इससे हीटस्ट्रोक व हार्टअटैक का खतरा रहता है। मौजूदा समय में नौतपा के चलते तल्ख हुए मौसम में जहां उल्टी दस्त, बुखार, पेट दर्द सीने में दर्द का प्रकोप पांव पसार रहा है। शुक्रवार को भी जिला अस्पताल की ओपीडी में नौ सौ नए व करीब दो सौ पुराने मरीज इलाज कराने पहुंचे। इससे पंजीकरण कराने, दवा लेने व जांच कराने के लिए मरीजों के बीच मारामारी की स्थिति रही। यहां गंभीर मरीजों को ही भर्ती किए जाने के बावजूद वार्डों में बिस्तर फुल हो गए हैं। मरीजों को दवा लिखकर टरकाए जाने से वह घरों को लौट रहे हैं।

जांच कराने के लिए नंबर के इंतजार में बैठे मरीज। अमृत विचार

ड्यूटी पर मुस्तैद रहें डॉक्टर

- सीएमओ डॉ. इस्तियाक अहमद ने बताया कि गर्मी में उल्टी दस्त बुखार हीट स्ट्रोक को देखते हुए सभी स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध कराई जा चुकी है। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को डॉक्टरों कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा वार्डों को ठंडा रखने के लिए निर्देशित किया गया है। बिजली के न आने पर कूलर चलाने के लिए जनरेटर संचालित कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होने लोगों से धूप से बचने तथा अधिकाधिक मात्रा में पानी पीने के साथ ही छाछ, लस्सी, नीबू पानी आदि का सेवन करने के लिए जागरूक करने को भी कहा गया है।

15.75 लाख रुपये की धोखाधड़ी

औंग। थाना क्षेत्र के बसावनपुर गांव निवासी जितेन्द्र सिंह व एक अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि 15 लाख 75 हजार रुपए कीमत की महिन्द्रा स्कार्पियो-एस गाड़ी की खरीददारी करवाने में कूटरचना करते हुए फर्जी एग्रीमेंट के सहारे गाड़ी अपने नाम करवाने के आरोप में भरत सिंह निवासी इन्दिरा नगर थाना गाजीपुर लखनऊ ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है। बताया कि एग्रीमेंट में लखनऊ आरटीओ ऑफिस के किसी ब्रोकर की मदद से वादी के फर्जी हस्ताक्षर करके आरोपी ने गाड़ी अपने नाम करवाई और फतेहपुर आरटीओ को ट्रांसफर भी कराई गई है।

ग्रामीणों को लू से बचाने के लिए दवाएं वितरित

नशामुक्ति की शपथ लेते ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा विनोबा नगर में नशामुक्ति के लिए शुक्रवार को जागरुकता अभियान हेतु गोष्ठी व लू के प्रकोप से बचाव के लिए होमियोपैथिक औषधि वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

डॉ अनुराग ने कहा कि ऐसी वस्तुओं का सेवन कदापि न करें जिन्हें हमें थूकना पड़े। अपने मुख को कूड़ादान न बनाएं। उसी पैसे से अच्छी वस्तुएं खाएं व ऊर्जा प्राप्त करें तथा समाज मे भी अपना योगदान दे। अपने जीवन को स्वस्थ व सुखमय बनाने हेतु नशे की किसी भी प्रकार की वस्तुओं का उपयोग बिल्कुल न करें। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के संरक्षक महेंद्र शुक्ल ने कहा कि तम्बाकू उत्पादों के सेवन से कैंसर जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है जिसका इलाज भी बहुत महंगा है। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों की उपस्थिति में सभी नागरिकों व बच्चों को लू के प्रकोप से बचाव के लिए होमियोपैथिक औषधि प्रदान की। इसके बाद उन्होंने नशामुक्ति के लिए संकल्प दिलाया। फिर सभी ग्रामीणों के साथ मिलकर नशामुक्ति का संदेश देने के लिए विनोबा नगर गांव में रैली निकाली। सभी ग्रामीण हम सबने मिलकर ठाना है...के नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस मौके पर सर्वेश गुप्ता, आचार्य रामनारायन, चैतन्य कुमार मौजूद रहे।

आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

औंग। कानपुर प्रयागराज हाईवे स्थित थाना क्षेत्र के थानपुर मोड़ के पास पिछले दिनों पुलिस ने अवैध डीजल भंडारण के तहत धाराओं में रिपोर्ट तो दर्ज कर ली है लेकिन आरोपी पुलिस की पकड़ बाहर हैं या फिर यूं कहें कि कुछ नेताओं से संरक्षण प्राप्त आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और यह कहते हुए सुने जा रहे हैं कि कोई कुछ भी जोर लगा ले इसमें कुछ होने वाला नहीं है।

बता दें कि ठीक इसी तरह जिस तरह गांव में अप्रैल 2023 में स्वाति वाल्व कैरियर ट्रांसपोर्टर के चालक व खलासी सहित छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट तो दर्ज हुई थी लेकिन आज तक काला बाजारी करने वालों के नाम का न तो खुलासा हुआ और न ही कोई गिरफ्तारी हुई। उस बार भी डीएम के आदेश पर ही एफआईआर दर्ज की गई थी लेकिन पूर्ति निरीक्षक के दांवपेंच से बड़ी सफाई के साथ आरोपियों को बचाया गया।

अस्पताल में ठंडे पानी का अभाव, मरीज परेशान

संवाददाता, फतेहपुर

- चार साल बाद भी आरओ प्लांट नहीं हुआ शुरू

अमृत विचार। बढ़ते तापमान के चलते जिला अस्पताल से लेकर जिला महिला अस्पताल तक शीतल जल का अभाव है। यहां सिर्फ कहने भर को ही दो आरओ प्लांट लगे हुए हैं। एक आरओ प्लांट पूरी तरह से खराब पड़ा हुआ है, तो दूसरे आरओ प्लांट से गर्म पानी निकल रहा है।

जिला अस्पताल व जिला महिला अस्पताल मिलाकर देखा जाए तो रोजाना तीन हजार से ज्यादा लोगों का आवागमन रहता है। डॉक्टर कर्मचारी भी रहते हैं। इन सभी के लिए बढ़ते तापमान के दौर में शीतल जल का अकाल पड़ा हुआ है। यहां तक कुछ लोग तो अपना शीतल जल घर से ही लेकर आ रहे हैं, तो वहीं तीमारदार व कर्मचारी दुकानों से खरीद कर ठंडा पानी पीने को मजबूर हैं। सीएमएस डा पीके सिंह ने बताया कि आरओ प्लांट की दुरुस्तीकरण के लिए पत्र लिखा गया था लेकिन टेक्नीशयन नहीं भेजा गया। जल्द ही टंकियों की सफाई भी दुरुस्त कराई जाएगी और आरओ प्लांट ठीक कराए जाएंगे जिससे लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध हो सके।

महिला अस्पताल में बेकार पड़ा आरओ।

विश्व तम्बाकू निषेद्य दिवस | तंबाकू युक्त मंजन की अधिक लती हैं महिलाएं, युवाओं को हो रही दिक्कतें

तंबाकू खाने से एक साल में 26 को कैंसर, फिर भी नहीं चेत रहे

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। परिवार स्वास्थ्य सर्वे 2019-21 की रिपोर्ट के अनुसार जिले की कुल आबादी का 9.5 प्रतिशत महिलाएं गुटका, सिगरेट, बीड़ी जैसे तंबाकू उत्पादों का सेवन करती हैं। वहीं 50.9 प्रतिशत पुरुष भी इन उत्पादों के आदी हैं। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा जिले की आधी आबादी तंबाकू की लती है।

इसमें सिर्फ पुरुष ही नहीं काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं। यही वजह है कि एक साल में 26 लोग तंबाकू से जुड़े कई प्रकार के कैंसर की चपेट मे हैं। हर साल किसी न किसी की कैंसर से मौत होती है इसके बाद भी लोग तंबाकू की लत छोड़ने का नाम नहीं ले रहे हैं। लोगों को तंबाकू उत्पादों की लत छुड़ाने के लिए सरकार भी प्रयासरत है। इसके तहत तंबाकू उत्पादों की पैकिंग पर होने वाली भयावह तस्वीरें छापी जाती हैं जो दिल को दहला देती हैं। इसके बाद भी लोगों पर इसका असर नहीं पड़ रहा है। शहर के हर नुक्कड़ चौराहे पर तंबाकू के उत्पाद बेचें जा रहे हैं। तलब मिटाने के लिए कई बार किशोर भी तंबाकू का सेवन करते पाए जाते हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार मौन हैं। जिला अस्पताल के दंत रोग विभाग में तैनात डॉ. एसके सिंह बताते हैं कि यहां हर दो या तीन माह में चार से पांच मरीजों में कैंसर के लक्षण पाए जाते हैं। जिला अस्पताल में मुंह के कैंसर के इलाज की व्यवस्था नही है। ऐसे में मरीजों को लखनऊ के लोहिया कैंसर इंस्टीट्यूट, किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज रेफर किया जाता है। इन अस्पतालों में मरीजों की जांच और ऑपरेशन जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। बताया कि ओपीडी में कई ऐसे मामले भी आते हैं जिनमें मरीज तंबाकू का सेवन तो नहीं कर रहा होता है लेकिन तंबाकू युक्त मंजन जैसी चीजें प्रयोग कर रहा होता है। महिलाएं ऐसे मंजन का अधिक प्रयोग करती हैं। ऐसे में दांत साफ करने के बहाने मंजन आपको जानलेवा बीमारी भी दे रहा है। ऐसे में मरीजों को इन उत्पादों का प्रयोग न करने की सलाह दी जाती है।

तंबाकू निषेध दिवस 2024 की थीम

प्रतिवर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस एक खास थीम पर आधारित होता है। युवाओं में तंबाकू उत्पादों की बढ़ती हुई मांग को देखकर इस साल की थीम प्रोटेक्टिंग चिल्ड्रेन फ्रॉम टोबैको इंडस्ट्री यानी बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है की रखी गई है।

इतना घातक है तंबाकू

- करीब 7000 रसायनों का होता है प्रयोग
- 60 प्रकार के रसायन कैंसर और दिल की बीमारियों की बनते हैं वजह
- प्रतिवर्ष 70 लाख लोगों की कैंसर की चपेट में आकर होती है मौत

तंबाकू छोड़ते ही शरीर में होने लगते बदलाव

- पहले 3 माह में फेंफड़े मजबूत होने लगते हैं, ब्लड फ्लो में सुधार आता है
- 12 महीने में दिल की बीमारी का जोखिम 50 प्रतिशत तक कम हो जाता है
- 05 साल में लकवा, सर्वाइकल का जोखिम काफी हद तक कम हो जाता है
- 10 साल बाद लंग कैंसर से मौत का जोखिम 50 प्रतिशत कम हो जाता है

मेडिकल छात्रों ने तंबाकू का सेवन न करने की ली शपथ

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विश्व तम्बाकू दिवस का आयोजन अमर शहीद जोधा सिंह अटैया ठाकुर दरियाव सिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं डीन डा. आरपी सिंह की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 1987 में तम्बाकू निषेध दिवस मनाने का फैसला लिया। इसका मुख्य कारण था कि उस दौर में तम्बाकू का सेवन से होने वाली मौतों की संख्याओं की बढ़ोतरी होना रहा। उन्होंने सभी छात्रों को तम्बाकू के प्रयोग न करने की शपथ दिलायी।

इस कार्यक्रम में 200 मेडिकल छात्र-छात्राओं एवं फैकल्टी मेम्बर्स ने विश्व तम्बाकू नियंत्रण पर उद्बोधन दिया। साथ ही डा प्रदीप कुमार, एचओडी मेडिकल कालेज ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुये बताया कि युवाओं को आगे आकर इस तम्बाकू निषेध के दिन प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। साथ ही लोगों को बताना चाहिए कि तम्बाकू हम सब के लिये किस प्रकार हानिकारक है। इसी क्रम में डा राजीव जायसवाल उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि तम्बाकू हमारे शरीर के प्रत्येक भाग को प्रभावित करता है। बताया कि धूम्रपान मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही शारीरिक सेहत पर भी नकारात्मक असर डाल सकता है। इसे किसी भी रूप में सेवन करने पर जीवन पर खतरा पड़ सकता है। उन्होंने कोटपा अधिनियम की सभी धाराओं पर प्रेजेंटेशन दिया। साथ ही नोडल अधिकारी, तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डा सुरेश कुमार ने बताया कि तम्बाकू का सेवन रोकने के लिये इससे होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष दुनियाभर में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इसी के साथ-साथ मुख्य चिकित्सालय अधिकारी डा इश्तियाक अहमद ने हस्ताक्षर अभियान कर समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को तम्बाकू न सेवन करने की शपथ दिलायी। साथ ही उन्होंने बताया कि तम्बाकू के उपयोग से फेफड़ों का कैंसर दिल से जुड़ी बीमारियों, सांस से जुड़ी बीमारियां आदि होती है।

शपथ लेते मेडिकल कालेज के छात्र व स्टाफ। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते ।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से, और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है ।

संपादकीय

शहरी विकास की चुनौतियां

शहरीकरण वैश्विक विकास की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति बनकर पूरी दुनिया में उभरा है। वैश्वीकरण के उपरांत शहरी विकास की अवधारणा समावेशी विकास की एक अनिवार्य शर्त बन गई है। शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में विश्व की आधी आबादी शहरों में रहने लगी है और 2050 तक भारत की आधी आबादी महानगरों और शहरों में रहने लगेगी। भारत में शहरी क्षेत्रों में रहने वाली आबादी में तेजी से वृद्धि, अवसर और चुनौतियां दोनों है। शहरीकरण के कुछ सकारात्मक प्रभावों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर पैदा करना और आय के स्तर में वृद्धि शामिल है। शहरी जीवन में साक्षरता और शिक्षा का उच्च स्तर, बेहतर स्वास्थ्य, लंबी जीवन प्रत्याशा, सामाजिक सेवाओं तक अधिक पहुंच एवं सांस्कृतिक एवं राजनीतिक भागीदारी के अधिक अवसर प्राप्त होते हैं। भारत में शहरीकरण के नकारात्मक प्रभाव, मनोसामाजिक स्वास्थ्य समस्याएं, कचरा संग्रहण और निपटान, ध्वनि प्रदूषण और सड़क दुर्घटनाएं जैसी कई समस्याएं पैदा हुई हैं। साथ ही भारत के शहरी क्षेत्र गंभीर वायु प्रदूषण स्तर से जूझ रहे हैं, जिसका मुख्य कारण वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, औद्योगिक गतिविधियां और निर्माण परियोजनाएं हैं।

विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार विश्व के शीर्ष 10 प्रदूषित शहरों में से नौ भारत में हैं। तीव्र शहरीकरण और निजी वाहनों के बढ़ते चलन के कारण यातायात भीड़ बढ़ गई है, यात्रा समय की वृद्धि हुई है और उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। तीव्र शहरीकरण और हरित स्थानों की कमी के कारण 'अर्बन हीट आइलैंड इफेक्ट' उत्पन्न हुआ है, जिससे तापमान और ऊर्जा की मांग में वृद्धि हुई है। शहरी विकास के साथ होने वाला एक बड़ा बदलाव ऊर्जा और पानी की बढ़ती मांग है। पानी और बिजली की खपत में यह अनुमानित वृद्धि सीधे भविष्य की शहरी आबादी की वृद्धि से संबंधित है - शहरी लोग काफी अधिक पानी और ऊर्जा का उपयोग करते हैं। कहा जा सकता है कि शहरी विकास के कारण होने वाले तीव्र परिवर्तन भी अस्थिर करने वाले हो सकते हैं, यदि उनका प्रबंधन ठीक से न किया जाए। ऐसे में भारत के शहरी परिदृश्य से संबंद्ध चुनौतियों की बात की जाए तो भारत में शहरी नियोजन के लिए एक ऐसे सूक्ष्म दृष्टिकोण को अपनाना समय की मांग है, जो आर्थिक विकास, सुरक्षा और नागरिकों के हित के बीच संतुलन स्थापित करता हो। यानि भारत में शहरी विकास की चुनौतियों से निपटने के लिए व्यापक रणनीतियों की आवश्यकता है।

जैविक खेती की बढ़ती स्वीकार्यता

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुतः जैविक या आर्गेनिक खेती के लिए पहला वैज्ञानिक दृष्टिकोण उतर वैदिक काल 1000 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व के वेदों में देखा जा सकता है। वास्तव में यह पारंपरिक भारतीय खेती ही है, जो सदियों से हम अपनाते आ रहे थे। वैश्विक स्तर पर इसका प्रारंभ 20 वीं सदी की शुरुआत में तेजी से बदलती कृषि पद्धतियों की प्रतिक्रिया स्वरूप हुई। आज जैविक कृषि लगभग 70 मिलियन हेक्टेयर में की जाती है।

खेती के आधुनिकीकरण, मशीनीकरण और अधिक उत्पादन के लिए अपनाए जाने वाले रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से एक ओर खाद्यान्न उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है, जो बढ़ती जनसंख्या को खिलाने के लिए आवश्यक भी था, परंतु दूसरी ओर इसने पर्यावरण, भूमि प्रदूषण, जल प्रदूषण और खाद्य स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाकर मनुष्य के स्वास्थ्य पर खतरनाक असर भी डाला है।

कीटनाशकों का व्यापक स्तर पर प्रयोग, मिट्टी का कटाव और अन्य समस्याएं जलवायु परिवर्तन में विनाशकारी भूमिका निभा रहा है। मिट्टी भी रासायनिक पदार्थों के अत्यधिक उपयोग के चलते काफी अम्लीय हो गई है। इसने मनुष्य जाति को बाध्य किया है कि वो फिर से प्राकृतिक खेती या जैविक खेती या आर्गेनिक खेती की ओर अपना रुख करे। जैविक कृषि अर्थात् कृषि की ऐसी प्रणाली जिसमें रासायनिक खादों एवं कीटनाशक दवाओं का प्रयोग न हो, बल्कि उसके स्थान पर जैविक खाद या प्राकृतिक खादों का प्रयोग किया जाए। यह कृषि की एक ऐसी पारंपरिक विधि है जिसमें भूमि की उर्वरता में सुधार होने के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण भी कम होता है। जैविक खेती से जैव विविधता के संरक्षण में सहायता मिलती है।

जैविक खेती के तीन मूलाधार हैं। पहला है परस्पर निर्भरता। जैविक खेती में एक खेत को पारिस्थिकी तंत्र के रूप में देखा जाता है और यह माना जाता है कि एक खेत पर किया गया परिवर्तन दूसरे खेत में प्रभाव अवश्य डालेगा। जैविक खेती का दूसरा सिद्धांत है विविधता। यह जैविक खेती मृदा में पोषक तत्वों में संतुलन बनाए रखने के लिए किया जाता है। जैविक खेती का तीसरा सिद्धांत है पुनः चक्रण है अर्थात् दुबारा से प्रयोग करना। इसमें पौधों व पशुओं के अवशेष पुनः प्रयोग में आ जाने के कारण खेतों के पोषक तत्वों को बनाए रखने में सहायक होते हैं। जैविक खेती में पानी का उपयोग कम होता है, जो जल संरक्षण को बढ़ावा देता है। रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होने से लागत में कमी आती है और सरकार पर सब्सिडी का बोझ कम होता है। बढ़ती स्वास्थ्य चिंता के दृष्टिगत बाजार में जैविक उत्पादों की मांग निरंतर बढ़ने से किसानों की आय में भी निरंतर वृद्धि हो रही है।

जैविक खाद के उपयोग करने से भूमि की गुणवत्ता में सुधार आता है। भूमि की जल धारण क्षमता एवं भू जल स्तर में वृद्धि होती है। मिट्टी, खाद्य पदार्थ और जमीन में पानी के माध्यम से होने वाले प्रदूषण में कमी आती है। कचरे से खाद बनाने के चलते उससे होने वाली बीमारियों में कमी आती है।

वस्तुतः जैविक या आर्गेनिक खेती के लिए पहला वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्तर वैदिक काल 1000 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व के वेदों में देखा जा सकता है। वास्तव में यह पारंपरिक भारतीय खेती ही है, जो सदियों से हम अपनाते आ रहे थे। वैश्विक स्तर पर इसका प्रारंभ 20 वीं सदी के शुरुआत में तेजी से बदलती कृषि पद्धतियों की प्रतिक्रिया स्वरूप हुई। आज जैविक कृषि लगभग 70 मिलियन हेक्टेयर में की जाती है जिसमें से आधे से अधिक ऑस्ट्रेलिया में ही हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान जैविक खेती के अंतर्गत क्षेत्र, शोध तथा प्रकृति में उल्लेखनीय परिवर्तन दर्ज किया गया है।

2003-04 के दौरान प्रामाणिक जैविक खेती के अंतर्गत भारत में 42 हजार हेक्टेयर खेत आता था, जो 2008-09 में लगभग 25 गुना बढ़कर 1.2 मिलियन हेक्टेयर हो गया। मार्च 2022 तक लगभग 4.7 मिलियन हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जो दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा है। कुल कृषि भूमि में जैविक खेती के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि का हिस्सा 1.5 प्रतिशत है और पिछले दस वर्षों में भारत ने खेती के अंतर्गत अपनी जैविक कृषि भूमि में 145.1 प्रतिशत की वृद्धि की है। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-2023 के अनुसार भारत में 4.43 मिलियन जैविक किसान हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक हैं। भारत में मध्य प्रदेश जैविक खेती के क्षेत्रफल में सबसे आगे है। उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में भी पिछले एक दशक में किसानों का जैविक खेती के प्रति आकर्षण बढ़ा है और सरकारी व गैर सरकारी प्रयासों के परिणामस्वरूप जैविक खेती का क्षेत्रफल 13 गुना से ज्यादा बढ़ गया है। बीते छह सालों में जैविक खेती करने वाले किसानों की संख्या में भी 10 गुना से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जनवरी 1994 की सेवाग्राम घोषणा के बाद से भारत में जैविक खेती का तेजी से विस्तार हुआ है। राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत मानक और प्रमाणीकरण कार्यक्रम स्थापित किया गया है।

राष्ट्रीय जैविक खेती परियोजना के अंतर्गत जैविक प्रबंधन के प्रचार-प्रसार तथा जैविक खेती क्षेत्र के विस्तार हेतु अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। नौ से अधिक राज्यों ने जैविक खेती संबंधित कार्यक्रम को अपनाया। उत्तराखंड, नागालैंड, मिजोरम, सिक्किम आदि राज्यों में इसका तेजी से विस्तार हुआ है। किसानों को अपनी जैविक उत्पादों की जानकारी, विक्रय और विपणन के लिए जैविक खेती पोर्टल बनाया गया है, जहां लगभग 6.23 लाख किसानों ने पंजीयन किया है। पूंजी निवेश सब्सिडी योजना जिसके तहत आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ कचरा प्रबंधन, जैविक अवशेषों को उर्वरक व खाद में परिवर्तन की विधि का ज्ञान दिया जाता हैं। जैविक उत्पादों की पहचान हेतु सरकार द्वारा जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण के उपरांत 'इंडिया ऑर्गेनिक' मार्क लगाया जाता है, जो उत्पादों के जैविक मानकों पर खरा होने की गारंटी है। जैविक खेती के विस्तार और विकास में एफपीओ और एफपीसी सदृश कृषि उत्पाद संगठनों का महत्वपूर्ण योगदान है।

प्रोत्साहन के बावजूद जैविक खेती किसानों में लोकप्रिय नहीं हो पा रही है, क्योंकि ऐसी अवधारणा है कि रासायनिक खेती छोड़कर आर्गेनिक खेती करने पर शुरुआती सालों में फसल की उत्पादकता कम हो जाती है। हालांकि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने 'जैविक खेती से उत्पादन की कमी' की बात तो सिरे से नकार दिया है। वस्तुतः केमिकल फार्मिंग के मुकाबले जैविक खेती की उत्पादकता 20 से 25 प्रतिशत तक ज्यादा है। जैविक विधि से चावल की 12.82 प्रतिशत, गेहूं की 28.57 प्रतिशत, मूंगफली की 28.57 प्रतिशत, सोयाबीन की 45.09 प्रतिशत और फल-सब्जियों की उत्पादकता में 7.14 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

शोधों के अनुसार रसायनों के बढ़ते प्रयोग से ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा कम होती जा रही है। हरित क्रांति से पहले गंगा के मैदानी इलाकों में 0.5 प्रतिशत ऑर्गेनिक कार्बन उपलब्ध था, जो आज घटकर 0.2 प्रतिशत ही रह गया है। ये बंजर होती जा रही भूमि का सूचक है, जिसे जैविक खेती करके ही ठीक किया जा सकता है। जैविक खेती का सबसे बड़ा लाभ है कि रासायनिक उर्वरकों, पेस्टीसाइड्स के उपयोग न होने से खेती की लागत कम हो जाती है और दूसरी ओर बाजार में ऑर्गेनिक उत्पाद ज्यादा दाम पर बिकते हैं। जैविक खेती करने से ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा बढ़ती है, मिट्टी में जीवांशों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ उर्वरता भी बढ़ जाती है। जैविक खेती से जमीन में भूजल स्तर बेहतर बनता है और मिट्टी में नमी कायम रहती है। मिट्टी से पानी का वाष्पीकरण भी नहीं होता और सिंचाई की कम ही आवश्यकता होती है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2014-2020 अर्थात् 6 वर्ष की अवधि में जैविक उत्पादों की मांग 8.7 प्रतिशत तक बढ़ गई है जिसमें हर साल वृद्धि दर्ज हो रही है। यह किसानों के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि उनके खेत से निकले जैविक कृषि उत्पादों को सिर्फ भारत में ही नहीं, विदेशों में भी पसंद किया जा रहा है। भारत में जैविक खेती का उत्पादन पूर्व वर्षों की तुलना में वर्ष 2022-23 में बढ़कर 2.90 मिलियन मीट्रिक टन हो गया है।

जैविक उत्पादों की मांग में इसी प्रकार वृद्धि होती रही तो अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार भारत का जैविक उत्पाद बाजार-खाद्य और पेय पदार्थ, स्वास्थ्य और कल्याण, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल, तथा वस्त्र सहित, वर्ष 2026 तक बढ़कर 10.1 बिलियन डॉलर का हो जाएगा। जैविक खाद्य पदार्थों का वैश्विक बाजार लगभग 135 बिलियन डालर का जिसमें भारत का योगदान अभी सिर्फ 700 मिलियन डॉलर का है। स्वाभाविक रूप से इसमें विस्तार और वृद्धि की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

प्रसंगवश

ध्यानःशास्त्रीय और राजनीतिक

अष्टांग योग मार्ग में 'ध्यान' सप्तम सोपान है। महर्षि पतंजलि के अनुसार इसके पहले के सोपान यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार और धारणा हैं। ध्यान के बाद अंतिम सीढ़ी है 'समाधि', जहां आत्मा का परमात्मा से तादात्म्य हो जाता है, संसार छूट जाता है और जीव अखंड आनंद की स्थिति में हो जाता है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भगवान कृष्ण से बड़ा कोई योगविद नहीं हुआ। वे योगेश्वर हैं। गीता में उन्होंने ध्यान के लिए व्यवस्था दी है कि एकांत और शुचि स्थान में वस्त्र नीचे, फिर मृगचर्म और ऊपर कुश रखकर आसन लगाएं। शास्त्रीय व्यवस्था तो यही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार समाप्त करके कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर 30 मई की शाम से 45 घंटे के लिए ध्यानावस्थित होने चले गए। यह विश्व भर में प्रचारित हुआ और कैमरों ने पल-पल के फोटो कैद किए। सर्वविदित है कि यदि देश का सबसे बड़ा शासक न चाहे तो यह कैमरेबाजी नहीं हो सकती, लेकिन ऐसा हुआ और पिछले लोकसभा चुनाव के बाद का केदारनाथ गुफा का उनका ध्यान भी कैमरे की नजर से नहीं बचा था। ऐसे में ध्यान की अनिवार्य शर्त एकांत और शुचिता तो भंग हो ही गई। साथ ही पहले के छह सोपानो यम, नियम आदि का तो कहीं जिक्र आया नहीं। वे तो चुनाव प्रचार में लगे रहे। वे इन सोपानों का पालन कर ही नहीं सकते थे। यौगिक क्रियाओं, मंत्र और बीच में होने वाली अनुभूतियों को बहुत गोपनीय रखने के लिए आचार्यों और मनीषियों ने कहा है। "गोपनीयं गोपनीयं यथा हाटक पेटकम्"।

वन मार्ग में जाते हुए जैसे पथिक स्वर्ण पेटिका को गुप्त रखता है, वैसे ही यह क्रियाएं गुप्त रखी जाती हैं। अन्यत्र कहा गया है कि स्त्री अपनी योनि को जितना प्रच्छन्न रखती है, उतना ही उक्त क्रियाओं, अंतर्वर्ती अनुभवों को प्रच्छन्न रखा जाता है। यह प्रचार और फोटो वायरल कराने के विषय नहीं हैं। एक बात और, ध्यान के बाद वैसे अंतिम सीढ़ी समाधि होती है, किंतु इस केस में ऐसा नहीं होगा। वे फिर से सांसारिकता और राजकाज में लग जाएंगे। ऐसे में हमें शास्त्रीय और राजनीतिक ध्यान पद्धति को अलग-अलग करके देखना होगा।

कौन बनेगा प्रधानमंत्री, किसकी बनेगी सरकार

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

योगेंद्र यादव के मुताबिक इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं।

अब कयास लगेंगे कि देश में आने वाले समय में कौन सी पार्टी या गठबंधन की सरकार बनेगी? देश का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा? पहले की तरह से लोकसभा चुनावों की घोषणा के समय से ही राजनीतिक विश्लेषकों से लेकर ज्योतिषियों ने बताना शुरू कर दिया था कि देश को किस तरह के नतीजे मिलेंगे। सभी दलों के अपने-अपने दावे हैं।

पहले बात करते हैं चोटी के राजनीतिक चिंतक बताने वाले योगेंद्र यादव की। वे राहुल गांधी की एक पदयात्रा में भी शामिल हुए थे। योगेंद्र यादव के मुताबिक इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं। देश में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए। इस बीच मुंबई के जाने-माने लेखक और ज्योतिषी और स्तंभकार पंडित जेपी त्रिखा पिछले कम से कम दो लोकसभा चुनावों की सटीक भविष्यवाणी कर चुके हैं। उन्होंने 2014 और 2019 में एनडीए की सफलता की भविष्यवाणी कर दी थी। उन्होंने ज्योतिष विद्या के आधार पर 2024 के लोकसभा चुनावों के परिणामों पर भी गहन शोध के बाद अपनी भविष्यवाणी कर दी है।

पंडित त्रिखा कहते हैं, "मेरा ज्योतिष अध्ययन स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटें जीतने वाली पार्टी बनने जा रही जा रही है। हां, नई सरकार के सामने लगातार चुनौतियां आती रहेंगी। नई सरकार को चुनौतियां का संभलकर सामना करना होगा।" इस बीच लोकनीति के संदीप शास्त्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर तो इस बार देश में 'मोदी लहर' देखने को नहीं मिली, लेकिन राज्यों में छोटी-छोटी लहरें जरूर हैं। राज्यों में 'मोदी हवा के झोंके', जरूर चल रहे हैं। 2004 का चुनाव परिणाम सामने आने के बारे में अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था- "कौन क्यों जीता पता नहीं और कौन क्यों हारा वो भी पता नहीं"। इस बार भी कुछ ऐसी ही स्थिति देखने को मिल रही है। वहीं, भाजपा का आंकड़ा 304 से ऊपर रहता है या नीचे जाता है, यह दो राज्य तय करेंगे। ये राज्य महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल हैं। संदीप शास्त्री ने इशारों ही इशारों में बता दिया कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार आ सकती है।

हालांकि ये भी सच है कि इंडिया गठबंधन के नेता जैसे राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद, समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव वगैरह सब दावा कर रहे हैं कि देश में इस बार मोदी सरकार नहीं बनने जा रही है। इनका कहना है कि गठबंधन को 300 सीटें मिलने जा रही हैं। ये कह रहे हैं कि भाजपा को सिर्फ 220 सीटें मिल सकती हैं। प्रख्यात पॉलिटिकल कमेंटेटर और डेटा साइंटिस्ट सुरजीत भल्ला कह रहे हैं कि भाजपा को इस चुनाव में 350 तक सीटें मिल सकती हैं।

पंडित त्रिखा के अनुसार, " नरेंद्र मोदी की चंद्र राशि वृश्चिक है। उनका जन्म 17 सितंबर, 1950 को हुआ था। वे मंगल ग्रह से शासित हैं। वृश्चिक राशि वाले बहुत बुद्धिमान और चतुर होते हैं और उनमें नेतृत्व करने के गुण होते हैं। वे जन्मजात नेता होते हैं। मोदी जी ने इसे बार-बार साबित किया है।" बता दें कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी वृश्चिक राशि के हैं। वृश्चिक राशि के नेताओं को अक्सर उनके दृढ़ संकल्प के लिए जाना जाता है।

इस बीच चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर कांग्रेस को लेकर दावा कर रहे हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी तीन अंकों के आंकड़े तक नहीं पहुंचेगी। इसके साथ ही वे इस बात पर भी जोर दे रहे हैं कि भाजपा इस बार 2019 के आम चुनावों में प्राप्त अपनी सीटें दोहराने जा रही है या उससे भी आगे निकल सकती है। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें भाजपा की तरफ से कितनी सीटें जीतने की उम्मीद है तो प्रशांत किशोर ने कहा कि मेरे पास जो भी अवलोकन और अनुभव है, उसके आधार मुझे नहीं लगता कि भाजपा की संख्या 2019 में जहां थी, वहां से कम हो जाएगी। वे दावा कर रहे हैं कि 2019 में भाजपा के पास जो संख्या थी, कमोबेश वही संख्या मुझे दोहराती हुई दिख रही है या शायद यह और भी बेहतर हो जाएगी।

यद्यपि उनके दावों पर बहुत बवाल भी मचा हुआ है। उनकी राय से इत्तेफाक न रखने वाले उन पर तमाम तरह के आरोप भी लगा रहे हैं। वैसे लोकसभा चुनाव के नतीजों की आधिकारिक घोषणा से पहले तो सिर्फ अनुमान ही लगाए जा सकते हैं। ये सब लोकतंत्र का हिस्सा हैं।

सोशल फोरम

एक स्वस्थ्य समाज के लिए

मेरा स्पष्ट मानना है कि बच्चों की सारी पढ़ाई कोएड में ही होनी चाहिए। लड़के-लड़कियों के अलग स्कूल खत्म हो जाने चाहिए। सातवीं क्लास तक मैंने भी कोएड में ही शिक्षा ग्रहण की। जब विपरीत लिंग को सही में समझने की जरूरत थी। तब मुझे केवल लड़कों के स्कूल में भर्ती होना पड़ा। वहां जिस बात से सबसे पहले वास्ता पड़ा वो थी गालियां, लेकिन इतने विशाल ज्ञान भंडार के होते हुए भी आज तक कभी गाली निकालने का साहस नहीं कर पाया। ये सारा ज्ञान और समृद्ध शब्दकोश बेकार ही जा रहा है। खैर तो मैं बात कर रहा था कोएड की शिक्षा की। आप एक बात नोट कीजिए कि पुरुषों के समूह में एक स्त्री या स्त्रियों के समूह में एक पुरुष को रख दीजिए। तो पूरे समूह के व्यवहार में अभूतपूर्व परिवर्तन आ जाता है। लोग थोड़ा ज्यादा सलीकेदार, सभ्य और शरीफ दिखने की कोशिश करने लगते हैं और दोनों लिंगों को एक दूसरे को समझने बुझने के बेहतर मौके मिलते हैं। एक झिझक, एक संकोच सा जो दोनों के मन मे एक दूसरे के लिए होता है, वो दूर हो जाता है। लोग प्रेमी प्रेयसी के अतिरिक्त मित्रता के धरातल पर भी संबंध बनाने की सोचते हैं।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

दोनों को अलग-अलग बाड़ों में रख पढ़ाने-लिखाने से बेहतर इन्हें एक ही बाड़े में रख एक दूसरे के लिए बेहतर समझ विकसित करने के मौके दिए जाएं, ताकि मानसिक रूप से एक परिपक्व समाज का निर्माण हो सके। मेरी पीढ़ी के बहुत लोग इस आपसी समझ को विकसित करने से वंचित रह गए। हमारे साथ के मित्रों को तो लड़की किसी एलियन के समान लगती थी। क्या बात करूं, कैसे करूं, कहां से शुरू करूं... तब तक लड़की ये जा और वो जा। ऐसा ही हाल कुछ उधर भी रहता था। आज के बच्चों में ये झिझक देखने को नहीं मिलती। उस वक्त कुछ एक्स्ट्रा स्मार्ट लड़के लड़की ही इससे बरी थे। वरना बाकी सब तो विपरीत लिंगी को देख मिमियाने लगते थे।

आज दोनों के बीच का भेद जब मिट रहा हो तो कोएड को शुरुआत से ही बाध्यकारी कर दोनों को एक दूसरे के प्रति एक बेहतर नजरिया विकसित करने के अवसर दिए जाने चाहिए। एक स्वस्थ्य समाज के लिए ये आज की जरूरत है। **-फेसबुक वॉल से**

ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है



अनूप शुक्ल
कानपुर

एक बच्ची के हाथ में एक छोटा पक्षी दुबका सा बैठा था। बच्चों ने उसे रास्ते से उठाया था। पक्षी की पीठ में हल्का सा घाव था। उसकी हड्डियां दिख रहीं थीं। शायद किसी बड़े पक्षी ने उस पर हमला किया होगा।

सुबह नींद खुली साढ़े तीन बजे। मतलब तब जब ब्रह्ममुहूर्त भी ड्यूटी पर हाजिर नहीं हुआ था। कई लिखाई-पढ़ाई के काम याद आए। उनको याद करके फिर पलट के सो गए। सोचा थोड़ा और सो लिया जाए फिर उठा जाएगा। मतलब नींद की 'एक बाइट' और ले ली जाए। थोड़ा सोने के बाद नींद खुली तो पांच बज गए थे। मतलब नींद की 'एक बाइट डेढ़' घंटे की हुई।

'नींद की बाइट' भी हर एक के लिए अलग-अलग होती है। किसी की घंटे भर की, किसी की पांच मिनट की। यह तो बात हुई नींद की। उनके क्या हाल होते होंगे जिनको नींद नहीं आती या कम आती है। उनकी भी क्या 'उनींदे' की 'अनींद' की बाइट होती होगी? जगने के बाद टहलने निकले। सड़क पर इक्का-दुक्का लोग टहल रहे थे। पंछी हल्ला मचा रहे थे। क्या पता कह रहे हों हमारा नाम लेते हुए -'निकल लिया, निकल लिया आज भी टहलने निकल लिया।' सामने से एक महिला बीच सड़क पर टहलती आ रही थी। हाथ में छुटका तौलिया लिए थी। शायद पसीना पोंछने के लिए। पसीना अभी आया नहीं था, लेकिन महिला तौलिया चेहरे पर घुमाती जा रही थी। शायद पसीना सुखाने की नेट प्रैक्टिस कर रही हो। यह भी हो सकता है संभावित पसीने को धमका रही हो-'खबरदार, जैसे ही निकले, सुखा दिए जाओगे।'

एक दूसरी महिला टहलते हुए बगल से गुजरी तो दिखा की उसके कान में ईयरप्लग ठुंसा था और वह कोई प्रवचन टाइप सुन रही थी। बगल से गुजरते हुए प्रवचन के बोल मेरे भी कानों में जबरियन धंस गए। प्रवचनिया कह रहा था-'काम, क्रोध, मद, लोभ से बचकर रहना चाहिए।' महिला जब यह सुन रही थी तब वह इन सभी तथाकथित विकारों से एकदम मुक्त थी। कोई इंसान जब काम, क्रोध, मद, लोभ आदि विकारों से मुक्त हो तब उसको उनसे बचने के लिए कहा जाए तो सहज रूप से इनके बारे में सोचेगा। आगे के पार्क के बाहर पुलिया पर बैठे कुछ लोग अपने शरीर को टेढ़ा-मेढ़ा करते हुए बतिया भी रहे थे। एक की आवाज सुनाई पड़ी -'ईमानदार आदमी को कमजोर समझते हैं। सब समझते हैं कि ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है। पहले ऐसा नहीं होता था।' 'ईमानदार' को 'ईमानदार' कहते हुए पूरे आत्मविश्वास से ईमानदारी को बेवकूफी का सीधा कनेक्शन करवा रहे थे। अगले ने भी कुछ कहा होगा। हम सुन नहीं पाए। हमको बस यही दिखा कि वह अपने पेट को कपड़े की तरह निचोड़ते हुए कसरतिया रहा था। वहीं सामने के पार्क में कुछ महिलाएं भी बच्चों के साथ हाथ और पेट घुमाते हुए कसरत कर रहीं थीं। चौराहे पर एक 'स्लिमिंग सेंटर' वाले अपना होर्डिंग लगाए खड़े थे। पतला होने की तरकीब बताने के लिए। कोर्स करवाने के लिए। एक आदमी ने अपना पुराना फोटो दिखाया जिसमें वह काफी स्वस्थ दिख रहा था। अभी वह 'स्लिम-ट्रिम' टाइप दिख रहा था। बताया कि ये थे ये हो गए हैं। हमको बोला -'खाली टहलने से नहीं होगा। खानपान ठीक करना होगा।' अपन आगे बढ़ गए। हड़बड़ी में वजन नहीं कम करना। फैट बुरा मान जाएगा। आहिस्ते से कम करेंगे। फुसलाते हुए। इतने दिन साथ दिया उसने मेरा। अब हम उसको झटके से दफा कर दें। ऐसे बेवफा हम हरगिज नहीं। लौटते हुए एक रेलिंग पर कुछ बच्चे बैठे दिखे। कल भी दिखे थे, लेकिन कल बात नहीं हुई थी। आज पास खड़े होकर बात की। पता चला कि स्कूल के घरों में रहते हैं। टहलने आए हैं तो आराम करने के लिए बैठ गए रेलिंग पर। रेलिंग पर बैठना बच्चों के थकने से ज्यादा बतियाने की मंशा से रहा होगा। तसल्ली से बतिया रहे थे वे। एक बच्चा अपना मोबाइल में कोई वाल पेपर छांट रहा था। हमने सबको रेलिंग पर बिठाकर फोटो खींचा। दिखाकर कहा -'इसे बना लो वाल पेपर। बच्चे मेरी बात पर हंसने लगे। हमको लगा कि देश में हमारा जिक्र करते हुए इस बात पर बहस न छिड़ जाए कि एक और भी नमूना है देश में जिस पर लोग हंसते हैं। एक बच्ची के हाथ में एक छोटा पक्षी दुबका सा बैठा था। बच्चों ने उसे रास्ते से उठाया था। पक्षी की पीठ में हल्का सा घाव था। उसकी हड्डियां दिख रहीं थीं। शायद किसी बड़े पक्षी ने उस पर हमला किया होगा। बच्ची कह रही थी-'इसे घर ले जाएंगे। इलाज करेंगे।' बच्चों से बात करने के बाद घर लौट आए। हमको पुलिया पर बैठे आदमी की बात याद आ रही है-'ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है।' क्या सच में ऐसा होता है?

गांधीजी ने ग्यारह बार देखी काशी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी का वाराणसी से आत्मीय लगाव था। 1902 से 1942 तक चार दशक के कालखंड में राष्ट्रपिता ने वाराणसी का 11 बार दौरे किए थे। इस दौरान उन्होंने करीब सवा महीने तक काशी की पवित्र धरा पर विश्राम किया था। गांधी जी का काशी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रेणता महामना मदनमोहन मालवीय जी एवं बीएचयू के साथ विशेष लगाव था। आत्मीयता थी। गांधी जी 22-23 फरवरी, 1902 में पहली बार काशी पधारे। तब वे काशी के एक पंडे के निवास स्थान में रुके। गांधीजी ने गंगा स्नान किया। भगवान श्रीविश्वनाथ जी के दर्शन किए और एनी बेसेंट से भेंट की।



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

गांधीजी ने काशी का दूसरा दौरा 1916 में किया। तब वे बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना समारोह में भाग लेने के लिए 3 फरवरी, 1916 को वाराणसी गए। गांधीजी ने 3 फरवरी को भगवान श्री विश्वनाथ जी के दर्शन किए। 4 फरवरी, 1916 को उन्होंने हिन्दू विश्वविद्यालय स्थापना समारोह में प्रतिभाग किया। वहां भाषण दिया। 5 फरवरी को काशी में नागरी-प्रचारिणी सभा में भाषण दिया। 8 फरवरी, 1916 तक गांधीजी काशी में ही रहे। चार साल बाद 21 फरवरी, 1920 को गांधीजी ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों की सभा में भाग लिया और विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित किया। इसी साल 30 मई, 1920 को गांधीजी वाराणसी गए। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लिया। दो दिन तक वाराणसी में रहे। इसी वर्ष नवंबर के महीने में गांधीजी पुनः वाराणसी गए। 25 से 27 नवंबर, 1920 तक यहीं रहे। इस दौरान उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों की सभा में भाग लिया। 9 फरवरी, 1921 को गांधीजी ने वाराणसी के टाउन हॉल के मैदान में आयोजित सार्वजनिक सभा में भाषण दिया और अगले दिन 10 फरवरी, 1921 को काशी विद्यापीठ के शिलान्यास कार्यक्रम में शिरकत की। गांधीजी 17 अक्टूबर, 1925 को वाराणसी के दौरे पर गए। यह उनका सातवां काशी दौरा था। उन्होंने काशी विद्यापीठ की सभा में भाषण दिया। करीब डेढ़ साल बाद फरवरी, 1927 को गांधीजी काशी गए। 7 एवं 8 फरवरी, 1927 को वहीं रहे।

इस दौरान उन्होंने गांधी आश्रम के वार्षिक समारोह में भाग लिया। गांधीजी का 1934 का वाराणसी दौरा सबसे अधिक दिनों का था। इस वर्ष वे 27 जुलाई से 2 अगस्त, 1934 तक वाराणसी में रहे। 28 फरवरी को गांधीजी काशी विद्यापीठ गए। 29 फरवरी को उन्होंने जिलों के प्रतिनिधि मंडलों से भेंट की। गांधीजी ने 30 जुलाई, 1934 को काशी में 'मौन दिवस' मनाया। अगले रोज सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। 1 अगस्त, 1934 को हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों ने गांधीजी को मानपत्र भेंट किया। इसी दिन गांधीजी ने कांग्रेस पार्टी की बैठक में भाग लिया। महिलाओं की सभा की। 2 अगस्त को गांधी जी ने कबीर मठ का निरीक्षण किया। इसी दिन काशी की पंडित मंडली ने गांधीजी को मानपत्र भेंट किया। अक्टूबर, 1936 में गांधी जी ने वाराणसी में भारत माता मंदिर का उदघाटन किया। कला भवन का निरीक्षण भी किया। जनवरी, 1942 में गांधी जी पुनः वाराणसी दौरे पर गए। यह गांधी जी की ग्यारहवीं काशी यात्रा थी। 21 जनवरी, 1942 को उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की जयंती समारोह में प्रतिभाग किया। 22 जनवरी, 1942 को कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

किसको मिलेंगी कितनी सीटें और किसकी बनेगी सरकार

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार: आज आखिरी चरण के मतदान के साथ देश चार जून का इंतजार शुरू कर देगा, जब 18 वीं लोकसभा के लिए वोटों की गिनती शुरू होगी और चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। हालांकि इससे पहले मतदान खत्म होने के बाद शाम साढ़े छह बजे से विभिन्न मीडिया चैनल और सर्वे एजेंसियां एग्जिट पोल के माध्यम से अपने अनुमानों का आंकड़ा जारी करेंगी। लेकिन कौन सरकार बनाएगा और किस दल को कितनी सीटें मिलेंगी, इसके लिए सबकी नजरें चुनाव आयोग पर ही रहेंगी, जो मंगलवार को 543 सदस्यीय लोकसभा में 542 सीटों के परिणाम जारी करने के लिए सुबह आठ बजे से मतगणना का काम शुरू कराएगा। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा के मुकेश दलाल को पहले ही निर्विरोध निर्वाचित किया जा चुका है। इस बार भाजपा ने जहां अपनी जीत की हैट्रिक के साथ पार्टी के लिए 370 सीटें जीतने और एनडीए गठबंधन के लिए 400 पार का नारा दे रखा है, वहीं तीसरे चरण के मतदान के बाद से उत्साहित इंडिया गठबंधन भी अब सरकार बनाने की बात कर रहा है। अब इसे जीत के लिए इंडिया गठबंधन का आश्वस्त होना कहा जाए या उतावलापन कि उसने अंतिम चरण के मतदान के दौरान ही प्रधानमंत्री के चेहरे का चुनाव करने के लिए बैठक बुला ली है। इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े घटक दल कांग्रेस को 2019 के चुनाव में 52 और भाजपा को 303 सीटें मिली थीं।

भाजपा ने दिया है चार सौ पार का नारा, इंडिया गठबंधन ने प्रधानमंत्री का चेहरा तय करने को बुलाई बैठक

यूपी में सातवें चरण का गणित

- 13 में 11 सीटें एनडीए ने जीती थीं 2019 में
- 2 सीटों पर बसपा को मिली थी जीत
- 2 सीटें 15 हजार के अंतर से ही जीती थी भाजपा
- 6 सीटों पर 2 से 4.79 लाख तक था भाजपा की जीत का अंतर

- 2019 में कांग्रेस को मिलीं थीं 52 लोकसभा सीटें
- भाजपा ने 2019 में 303 सीटों पर जीत दर्ज की थी, इस बार पार्टी का लक्ष्य 370 सीटों पर जीत दर्ज करने का है

75 दिन प्रचार के – किसने कितना लगाया जोर

- 206 – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैलियों को संबोधित किया। इसमें रोड शो और प्रचार अभियान से जुड़े कार्यक्रम भी शामिल रहे।
- 188 – गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी रैलियां और रोड शो किए।
- 101 – रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रोड शो और चुनावी रैलियां कीं
- 160 – मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रैलियां, सभाएं, रोड शो किए।
- 87 – भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनावी रैलियां कीं
- 107 – राहुल गांधी ने चुनावी रैलियां, सभाएं और रोड शो किए
- 108 – प्रियंका गांधी ने रैलियां और रोड शो किए
- 102 – मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष ने की सभाएं और रैलियां
- 251 – तेजस्वी यादव ने जनसभाओं को संबोधित किया
- 73 – सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रैलियां और रोड शो किए।
- 75 – मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रैलियां, रोड शो और पद यात्राएं कीं

11 सौ का एक वोट, सवा लाख करोड़ चुनाव खर्च

- देश में इस समय 96.8 करोड़ मतदाता हैं और इस बार चुनाव का खर्च सवा लाख करोड़ के आसपास रहने वाला है। इस लिहाज से एक वोट पर करीब 1100 रुपये खर्च बैठता है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के मुताबिक हर लोकसभा चुनाव अपना पिछला रिकार्ड तोड़कर दोगुने खर्च तक पहुंच जाता है। साल 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री चुने गए थे, लोकसभा चुनाव कराने में 3870 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। सेंटर आफ मीडिया स्टडीज (सीएमएस) की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले आम चुनाव साल 2019 में लागत बढ़कर 50 हजार करोड़ से ऊपर चली गई थी। इस बार अब तक हुए चुनावी खर्च के आधार पर ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि पिछले चुनाव के दोगुना से भी ज्यादा खर्च होगा। अंतिम आकलन अभी नहीं आया है, लेकिन माना जा रहा है कि साल 2024 के चुनाव में एक लाख 20 हजार करोड़ रुपये से कम नहीं खर्च होने वाले हैं।

डिजिटल प्रचार में इस बार कांग्रेस ने किया भाजपा का मुकाबला

- देश में लोकसभा चुनाव भले ही हर दल ने अपनी सियासी जमीन पर झंडे, बैनर और डोर टू डोर जनसंपर्क के जरिए लड़ा हो, लेकिन इस बार चुनाव डिजिटल मोड में इंटरनेट पर भी जमकर लड़ा गया है। 2014 और 2019 के चुनाव में डिजिटल प्रचार में भाजपा सब पर भारी पड़ी थी, लेकिन इस बार कांग्रेस भी मुकाबले में नजर आई। प्रचंड गर्मी के कारण इस बार के लोकसभा चुनाव में सड़क पर राजनीतिक दलों के बीच छिड़ा घमासान थोड़ा कम दिखाई दिया हो, लेकिन ऑनलाइन और सोशल मीडिया पर डिजिटल चुनाव प्रचार चरम पर रहा है।

39 करोड़ रुपये खर्च करने के साथ कांग्रेस डिजिटल विज्ञापन देने के मामले में दूसरे नंबर पर है

100 करोड़ रुपये भाजपा ने जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक गूगल को डिजिटल विज्ञापन के लिए दिए

ऑन लाइन प्रचार में दो तिहाई से ज्यादा हिस्सा वीडियो विज्ञापन का

- लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए मीडिया स्रोत के मुताबिक गूगल ने इस साल पहली जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक केवल राजनीतिक विज्ञापनों से करीब 265 करोड़ रुपये की कमाई की है। अप्रैल और मई में ही 160 करोड़ रुपये से अधिक के राजनीतिक विज्ञापन अकेले गूगल को दिए गए। इनमें दो-तिहाई से अधिक वीडियो विज्ञापन हैं। गूगल के एड ट्रांसपेरेंसी डेटा के अनुसार भाजपा ने जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक गूगल विज्ञापनों पर 100 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इसमें 40 करोड़ रुपये से अधिक केवल मई माह में ही खर्च किए गए। कांग्रेस डिजिटल विज्ञापन देने के मामले में 39 करोड़ रुपये खर्च करने के साथ दूसरे नंबर पर है। मई माह में कांग्रेस ने करीब 12 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

दुद्धी में भाजपा पर जीत दोहराने का दबाव

अमृत विचार । उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित दो विधानसभा सीटों में से एक दुद्धी पर उपचुनाव के लिए भी पहली जून को मतदान होना है। यहां 2022 के चुनाव में पहली बार रामदुलार गोंड ने भाजपा को जीत दिलाई थी। लेकिन वह कार्यकाल पूरा नहीं कर सके और किशोरी से दुष्कर्म के मामले में जेल चले गए। उपचुनाव में भाजपा ने युवा चेहरे श्रवण सिंह गोंड को मैदान में उतारा है। उनके सामने सपा से विजय सिंह गोंड की चुनौती है। विजय सिंह गोंड इस सीट से लगातार सात बार विधायक रह चुके हैं। दुद्धी में आदिवासी मतदाताओं की सबसे ज्यादा आबादी है। उप चुनाव जीतकर सपा खोया जनाधार वापस पाना चाहती है तो भाजपा पर विश्वास जीतने की चुनौती है।

बिहार की आठ सीटों पर किसके पक्ष में झुकेगा पलड़ा

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। सातवें और अंतिम चरण में बिहार की आठ सीटों पर भी वोट पड़ेंगे, जिनमें इस बार मुकाबला कठिन नजर आ रहा है। बिहार में मतदान वाली सभी आठ सीटों पर भाजपा व जदयू काबिज है। भाजपा को उम्मीद है कि वह जदयू के साथ मिलकर सभी सीटों पर फिर से जीत दर्ज कर लेगी। जबकि महागठबंधन के दलों को उम्मीद है कि वे सभी सीटें जीतकर भाजपा को एक बार फिर से केंद्र की सत्ता में आने से रोक लेंगे। इस चरण में सासाराम, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र और पटना साहिब सीट पर भाजपा के उम्मीदवार लड़ रहे हैं तो नालंदा और जहानाबाद पर जदयू और काराकाट सीट राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। इंडिया महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले ने काराकाट, आरा और नालंदा सीट तो राजद ने जहानाबाद, पाटलिपुत्र और बक्सर से उम्मीदवार उतारे हैं। यहां मतदाता मौन दिख रहे हैं।

मीसा भारती को हार का सिलसिला टूटने की आस

- पाटिलपुत्र सीट से मैदान में उतरीं मीसा भारती को उम्मीद है कि वह इस बार हार का सिलसिला खत्म करने में कामयाब होंगी। उनके सामने भाजपा से रामकृपाल यादव मैदान में हैं जो लगातार दो बार से जीत रहे हैं और इस बार हैट्रिक लगाने के लिए मैदान में हैं। मीसा भारती इस सीट पर रामकृपाल से 2014 और 2019 में हारीं। 2009 में लालू प्रसाद यादव को हार का सामना करना पड़ा था। तब जदयू के रंजन प्रसाद यादव ने उनहें हराया था। लालू को लगता है कि बेटी मीसा भारती इस बार जरूर जीतेंगी। इसीलिए लालू प्रसाद यादव ने यहां प्रचार में कुछ ज्यादा ही फोकस किया है। यहां के मतदाताओं से उन्होंने संविधान बचाने के नाम पर वोट मांगा है।

काराकाट में कुशवाहा की राह में पवन सिंह का कांटा

- काराकाट लोकसभा सीट इस बार कुछ ज्यादा ही चर्चा में है। यहां से भाजपा के बागी एवं फिल्म अभिनेता पवन सिंह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। पवन सिंह यहां साथी फिल्म अभिनेताओं और अभिनेत्रियों से प्रचार कराते रहे। सभाओं और रोड शो में जुटी भीड़ से विरोधी परेशान हैं। यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। राजग से उम्मीदवार होने के नाते उनकी जीत के लिए मुख्यमंत्री नितीश कुमार हों या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां सभाएं कीं। लेकिन कहा जा रहा है कि उनकी जीत की राह में सबसे बड़ा कांटा पवन सिंह हैं। यहां से महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले के राजाराम सिंह उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

सासाराम में भाजपा को हैट्रिक की उम्मीद

- भाजपा ने सासाराम लोकसभा सीट से शिवेश राम के मैदान में उतारा है। शिवेश राम को यहां मोदी के नाम का सहारा है। पार्टी के उम्मीदवार छेदी पासवान यहां से लगातार दो बार सांसद बने पर उनके स्थान पर इस बार शिवेश उतरे हैं। कांग्रेस ने मनोज भारती को टिकट दिया है। हालांकि कांग्रेस उम्मीदवार को यहां भितरघात का सामना करना पड़ रहा है। मनोज भारती बसपा से आए हैं। ऐसे में कार्यकर्ता उन्हें पचा नहीं पा रहे हैं। यहां भाजपा जीत की हैट्रिक न लगा पाए इसके लिए महागठबंधन ने पूरी ताकत झोंक दी है।

अश्विनी चौबे की नाराजगी न पड़ जाए मिथिलेश पर भारी

- भाजपा ने बक्सर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का टिकट काट काटकर मिथिलेश तिवारी को मैदान में उतारा है। टिकट कटने पर अश्विनी चौबे भी सार्वजनिक रूप से नाराजगी जता चुके हैं। पार्टी के कार्यक्रमों में वे मंचों पर दिखते हैं पर उनकी नाराजगी किसी से छिपी नहीं है। उनके समर्थक भी नाराज बताए जाते हैं। ऐसे में भाजपा के रणनीतिकार भी इस बात से डरे हुए हैं कि कहीं यहां भितरघात न हो जाए। हालांकि मिथिलेश तिवारी को उम्मीद है कि मोदी के नाम और विकास कार्यों के दम पर वे इस सीट को जीत लेंगे।

पिछली बार आधा दर्जन सीटों पर हुआ था कड़ा मुकाबला

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। साल 2019 के पिछले चुनाव में सातवें चरण की जिन छह लोकसभा सीटों पर काफी कड़ा मुकाबला हुआ था, उनमें पंजाब में जालंधर, बठिंडा, उत्तर प्रदेश की बलिया और चंदौली तो ओडिशा की बालासोर और बिहार की जहानाबाद सीट शामिल है। इन सीटों पर जीत-हार का अंतर दो प्रतिशत से भी कम रहा था। बिहार के जहानाबाद में जनता दल (यू) के चंद्रशेखर ने सिर्फ 1,751 वोटों से जीत दर्ज की थी।

उत्तर प्रदेश की चंदौली लोकसभा सीट पर भाजपा के महेंद्रनाथ पांडेय ने 13,959 वोटों से जीत हासिल की थी। ओडिशा की बालासोर सीट पर भाजपा के प्रताप चंद्र 12,956 वोटों से जीते थे। उत्तर पर्देश की बलिया सीट पर भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त को 15,519 वोटों से जीत मिली थी। पंजाब की बठिंडा सीट पर अकाली दल की हरसिमरत कौर ने 21,772 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी, जबकि जालंधर लोकसभा सीट पर कांग्रेस के संतोख सिंह 19,491 वोटों से चुनाव जीते थे।

11 सीटों पर होता रहा है जीत-हार का उलटफेर

- सातवें चरण के मतदान वाली लोकसभा सीटों में 11 सीटें ऐसी रही थीं, जहां पिछले तीन चुनाव में कोई दल अपनी सीट नहीं बचा पाया था। इसमें उत्तर प्रदेश की गाजीपुर, घोसी, रॉबर्ट्सगंज और मिर्जापुर सीट हैं। पंजाब में आनंदपुर साहिब, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब और पटियाला सीट हैं। इसके अलावा ओडिशा में बालासोर और बिहार की जहानाबाद और काराकाट सीट है। 2019 में इनमें दो सीटें भाजपा, 2 सीटें अपना दल (एस), दो सीटें बसपा जबकि 4 सीटें कांग्रेस ने जीती थीं। एक सीट जेडीयू को मिली थी।

पोस्टर-पंपलेट, बिल्ला-बिंदी गायब, इस बार छाया रहा डिजिटल प्रचार

अमृत विचार। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने अपने स्टार प्रचारकों की रैलियों और सभाओं के बाद चुनावी अभियान में सबसे ज्यादा डिजिटल प्रचार पर भरोसा जताया। इसके चलते परंपरागत प्रचार माध्यमों में सिर्फ झंडों और फ्लेक्स होर्डिंग का बाजार तो ऊंचा रहा, लेकिन पोस्टर, पंपलेट, हैंड बिल, बिल्ला, बैनर और स्टीकर आदि गायब जैसे नजर आए। पिछले दो दशक से प्रचार का बड़ा हिस्सा बनी टोपी और टी-शर्ट की मांग भी बीते दो चुनावों के मुकाबले इस बार कमजोर दिखी। साफ नजर आया कि पिछले दस साल में तेजी से बढ़े डिजिटल माध्यम ने चुनाव प्रचार के परंपरागत बाजार को कोने में समेट दिया है।

- डिजिटल कैंपेनिंग के लिए बड़ी कंपनियों के साथ युवाओं के नयी सोच वाले स्टार्ट अप भी आगे आए
- प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा मांग रही, सभाओं और रैलियों की रील्स में हुए नए प्रयोग
- इस बार के चुनाव में यूनीपोल पर फ्लैक्स की मांग साल 2019 के मुकाबले 30 से 35 फीसदी तक घटी
- झंडों का बाजार रहा बेअसर पर टीशर्ट व टोपी पहले से हुई कम, आयोग की सख्ती से शोर पर लगी लगाम

चुनाव को कारोबार के लिहाज से सहालग जैसा मानने वाले प्रिंटिंग कारोबार को सियासी प्रचार के बदले चलन से सबसे बड़ी चोट पहुंची है। इस बार के चुनाव में डिजिटल कैंपेनिंग के लिए कई बड़ी कंपनियों के साथ युवाओं के नयी सोच वाले स्टार्ट अप भी उपलब्ध थे। पहले चुनाव के दौरान दीवारों पोस्टर चस्पा किए जाते थे। लेकिन अब इनकी जगह मीम्स और डिजिटल पोस्टर ने ले ली है। प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा डिमांड है। चुनावी सभाओं और रैलियों की रील्स में नए प्रयोग कर तैयार हो रहे हैं।

इसी तरह पिछले चुनाव तक यूनीपोल से प्रचार की भारी मांग रहती थी। पहले से इसके लिए प्रमुख स्थानों की बुकिंग हो जाती थी। लेकिन विज्ञापन एजेंसियों की माने तो इस बार के चुनाव में यूनीपोल पर फ्लैक्स की मांग साल 2019 के चुनाव के मुकाबले करीब 30 से 35 फीसदी तक घट गई। सबसे बड़ा झटका प्रिंटिंग प्रेस को लगा, प्रचार सामग्री छपवाने के आर्डर पिछले चुनाव की अपेक्षा आधे से भी कम रह गए। डिजिटल प्रचार के दौर में इंटरनेट मीडिया से कैंपेनिंग का प्रभाव बढ़ने से ऐसा देखने को मिला। कानपुर, आगरा और मेरठ के कई प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के मुताबिक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस बार डिजिटल प्लेटफार्म का दायरा काफी बढ़ गया। इस बदलते ट्रेंड का प्रभाव परंपरागत तरीकों से प्रचार में प्रयुक्त होने वाले प्रिंटिंग कारोबार पर सबसे ज्यादा पड़ा है। चुनाव प्रचार के बाजार में झंडा, बैनर, बिल्ला और स्टीकर जैसी प्रचार सामग्री की मांग तेजी से घट गई है। चुनाव प्रचार सामग्री के थोक कारोबारियों का कहना है कि पहले राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की तरफ से झंडे, बिल्ले, टोपी, टी शर्ट और महिलाओं के लिए पार्टी के चुनाव चिह्न वाली बिंदी जैसी सामग्री के ऑर्डर खूब मिलते थे। प्रत्याशी अपनी और पार्टी के बड़े नेता की फोटो के साथ पोस्टर या कपड़े के छोटे बैनर छपवाने के लिए परेशान रहते थे। लेकिन इस बार ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। पहले चुनाव के दौरान पोस्टरों को दीवारों पर चस्पा किया जाता था। लेकिन अब इसे लेकर चुनाव आयोग ने कई नियम लागू कर दिए हैं, जिसके चलते प्रत्याशी इससे किनारा करने लगे हैं। वैसे भी अब मीम्स और डिजिटल पोस्टर का जमाना है। इसी की मांग बाजार में ज्यादा दिखाई देती रही। प्रत्याशियों की ओर से भी रील्स बनाने की मांग खूब आती रही है। ऐसे में चुनावी सभाओं और रैलियों की रील्स तैयार करने में नए प्रयोग किए गए। कहीं भीड़ को इस अंदाज में दिखाया गया कि मानो जन सैलाब उमड़ आया हो, तो कहीं उन्हें पार्टी के गीतों से जोड़ दिया गया। कुल मिलाकर डिजिटल कैंपेनिंग ने प्रचार का तरीका पूरी तरह बदल दिया, जिसके कारण बाजार में परंपरागत नहीं नवाचर की मांग ज्यादा रही।

सातवें चरण की 57 में 30 सीटें एनडीए ने जीती थीं

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। सातवें और आखिरी चरण में शनिवार को 57 सीटों पर मतदान होने जा रहा है। साल 2019 में इन 57 सीटों में भाजपा ने 25 सीटें जीती थीं और एनडीए ने 30 सीटों पर अपना परचम फहराया था। इस चरण में सबसे बड़ा चुनाव वाराणसी में हो रहा है, जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने अपनी उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय को मैदान में उतारा है।

प्रधानमंत्री मोदी के अलावा जिन सीटों पर सबकी नजर है, उनमें गोरखपुर से अभिनेता रवि किशन के खिलाफ सपा से काजल निषाद मैदान में हैं। हिमाचल की मंडी सीट से फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य कांग्रेस उम्मीदवार हैं। हिमाचल की ही हमीरपुर सीट से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर चुनाव लड़ रहे हैं। पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर सीट से ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जालंधर और हरसिमरत कौर बादल भटिंडा से चुनाव लड़ रही हैं।

- सबसे बड़ा चुनाव वाराणसी में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार मैदान में

एक नजर

गोवंशों को हीट वेव से बचाने के लिए करें निगरानी

अमृत विचार, लखनऊ : गोवंशों को हीट वेव से बचाने के लिए गोशालाओं की दिन-रात निगरानी करें। आग की घटना रोकने के इंतजाम करने के साथ फायर स्टेशन के नंबर दर्ज कराएं। गोवंशों को छायादार जगह पर रखें। यह निर्देश शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन से सभी खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी को दिए हैं। कहा कि गोवंशों को गर्मी व लू से बचाएं। टीनशेड, तिरपाल, टाटपट्टी, बोरे आदि परिसर में लगाएं और बराबर पानी का छिड़काव करें। ताजा पानी ही पिलाएं। बीमार गोवंश को अलग छायादार जगह पर रखें। रात में चौकीदार लगाकर निगरानी कराएं। आगजनी की घटना को रोकने के इंतजाम करें और गोशालाओं पर फायर स्टेशन के नंबर लिखाएं। बिजली व पानी की आपूर्ति बराबर रहे। फोटो समेत गोशालाओं की तीन दिन में रिपोर्ट दें।

राजस्व ग्रामों को मॉडल बनाने का सीखा तरीका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीपीआरओ ने 16 गांवों का किया प्रस्तुतिकरण
- जिले के 322 राजस्व ग्रामों को बनाना है मॉडल

अमृत विचार : स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत राजस्व ग्राम को मॉडल बनाने का प्रस्तुतिकरण किया गया। वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक व सफाई कर्मियों ने अभियान को जाना और गांवों में कार्य कराने के तौर-तरीके सीखे।

जिले में इस वर्ष 322 राजस्व ग्राम मॉडल बनाए जाने हैं। इनमें शुक्रवार को विकास भवन स्थित कार्यालय से जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से 16 राजस्व ग्राम को मॉडल बनाने का प्रस्तुतिकरण किया। निदेशालय के अधिकारी भी जुड़े। संबंधित गांवों के प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक व सफाई कर्मियों को प्रदेश में मॉडल बने राजस्व ग्रामों की तस्वीर और कार्यों को दर्शाकर जानकारी दी गई। गांव में मनरेगा के तहत अधिक से अधिक जल संरक्षण को लेकर सोखपिट, नाडेफ व वर्मी कंपोस्ट बनाने पर जोर दिया। इससे गांव की आय बढ़ना बताया। जिला समन्वयक अभिनव त्रिपाठी व अभिषेक गुप्ता ने बताया कि तालाब में जो नाली के सहारे गंदा पानी जाता है वहां फिल्टर चैंबर लगाएं।

जुर्म की कमाई से संपत्ति नहीं बना पाए पांच हजार गैंगस्टर

पुलिस की छानबीन में सामने आई सच्चाई, अपराधियों पर लगातार हो रही कार्रवाई

विनय सिंह, लखनऊ

- सवा दो वर्षों में 1,555 गैंगस्टर के मामले दर्ज किए गए
- दर्ज मामलों में अपराधियों की कुल संख्या 5,819 है

685 गैंगस्टर पर लखनऊ जोन की पुलिस ने की कार्रवाई

911 करोड़ की अवैध संपत्ति की जा चुकी है जब्त

अमृत विचारः लखनऊ जोन में पाच हजार ऐसे गिरोहबंद अपराधी हैं जो अपराध के दम पर संपत्ति नही अर्जित कर पाए। गैंगस्टर की सूची में शामिल इन अपराधियों की संपत्ति जब्त करने के लिए पुलिस ने छानबीन की तो यह सच सामने आया। पुलिस अब पता लगा रही कि इन अपराधियों ने जुर्म की कमाई को रिश्तेदारों या करीबियों के जरिए तो नहीं निवेश किया है।

पुलिस की जांच में अब तक सामने आया कि इन अपराधियों ने अलग-अलग गिरोह में शामिल होकर घटनाओं को तो अंजाम दिया, लेकिन किसी तरह की संपत्ति नहीं बना पाए। हालांकि पुलिस ऐसे अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए 911 करोड़ की संपत्तियों को जब्त भी किया है।

लखनऊ जोन के अयोध्या एवं लखनऊ परिक्षेत्र में विगत सवा दो वर्षों में 1,555 गैंगस्टर के मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में अपराधियों की कुल संख्या 5,819 है। दोनों परिक्षेत्रों की पुलिस गैंगस्टर पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई में अब तक गैंगस्टर एक्ट के तहत 658 बदमाशों की संपत्तियों को जब्त किया गया। कार्रवाई में अब तक 911.29 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई। 5,134 अपराधी ऐसे हैं, जिनकी संपत्तियों का पता नहीं चल सका है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इन अपराधियों के पास कोई संपत्ति नहीं पाई गई है। यह सभी गिरोह से जुड़कर घटनाओं को अंजाम तो दे रहे थे, लेकिन संपत्ति नहीं बना सके। इनमें किसी अभियुक्त के खिलाफ चार मुकदमें दर्ज हैं तो किसी के खिलाफ पांच से छह मुकदमें।

सर्वाधिक गैंगस्टर बाराबंकी में

गैंगस्टर की संख्या पर गौर किया जाए तो सर्वाधिक 1,203 गैंगस्टर बाराबंकी में हैं। यहां की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 308 करोड़ की संपत्तियां जब्त की। अमेठी में गैंगस्टर की संख्या सबसे कम 230 हैं। यहां की पुलिस ने 11.23 करोड़ की संपत्ति जब्त की। इसी तरह हरदोई में 450, खीरी में 823, रायबरेली में 448, सीतापुर में 858, उन्नाव में 530, अयोध्या में 452, सुल्तानपुर में 424 और अंबेडकरनगर में 401 गैंगस्टर एक्ट के अपराधी है। इनमें से अधिकतर अभियुक्त जेलों में बंद हैं।

ओएचई लाइन टूटी, पांच घंटे तक खड़ी रहीं चार ट्रेनें

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे के मैलानी से बांकेगंज रेलखंड पर गुरुवार की रात करीब 8:30 बजे पेड़ गिरने से ओएचई लाइन टूट गई, जिसकी वजह से इस रेलखंड पर चल रही रही चार ट्रेनें अलग-अलग जगहों पर बीच रास्ते खड़ी हो गई।

जानकारी के मुताबिक रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से ओएचई लाइन टूट गई थी। इस दौरान चार ट्रेनों को विभिन्न स्थानों पर रोकना पड़ा। इस वजह से ट्रेन नंबर 15010 मैलानी-गोरखपुर एक्सप्रेस, 15060 आनंद विहार लालकुआं एक्सप्रेस, 05493 शाहगढ़-डालीगंज एक्सप्रेस पांच-पांच घंटे लेट पहुंची। जबकि ट्रेन नंबर 05492 डालीगंज-शाहगढ़ पैसेंजर ढाई घंटे लेट रही।

7वां चरण: मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां पहुंचीं

भीषण गर्मी और लू से मतदाताओं व मतदान कर्मियों को बचाने के लिए किए गए व्यापक इंतजाम

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को मतदान केंद्रों पर पहुंच गईं। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं व मतदान कर्मियों को भीषण गर्मी व लू से बचाव के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 13 लोकसभा सीटों व दुद्धी विधानसभा के लिए मतदान होना है। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है।

इस चरण में प्रदेश के महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व रॉबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा क्षेत्रों के साथ ही विधानसभा उपनिर्वाचन क्षेत्र दुद्धी में मतदान होगा। लोकसभा सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से लेकर शाम छह बजे तक चलेगा, जबकि दुद्धी विधानसभा सीट पर मतदान सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा।

राबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्रों में से तीन में मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक, जबकि दो विधानसभा राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र व दुद्धी निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। मतदेय स्थलों पर जो मतदाता मतदान अवधि के अंत में पोलिंग बूथ पर कतार में उपस्थित रहेंगे, वे सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

अंतिम चरण के निर्वाचन की जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

दो करोड़ 50 लाख 56 हजार 877 मतदाता

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में लोकसभा सीटों पर कुल दो करोड़ 50 लाख 56 हजार 877 मतदाता हैं, जिसमें एक करोड़ 33 लाख 10 हजार 897 पुरुष व एक करोड़ 17 लाख 44 हजार 922 महिला और 1058 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक 20 लाख 97 हजार 202 मतदाता गोरखपुर व सबसे कम 17 लाख 76 हजार 982 मतदाता सलेमपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 144 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरुष व 10 महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व सबसे कम सात प्रत्याशी देवरिया व वाराणसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।

निगरानी के लिए प्रेक्षक तैनात

मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर तीन विशेष प्रेक्षक, 13 सामान्य प्रेक्षक, 8 पुलिस प्रेक्षक व 14 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 1861 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 243 जोनल मजिस्ट्रेट, 130 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 2550 माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं।

उप निर्वाचन में 3.44 लाख से अधिक मतदाता

विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र दुद्धी में कुल 3 लाख 44 हजार 840 मतदाता हैं, जिसमें एक लाख 81 हजार 250 पुरुष, एक लाख 63 हजार 581 महिला व नौ थर्ड जेंडर मतदाता हैं। 361 मतदेय स्थल हैं, जिनमें 80 संवेदनशील हैं। कुल 216 मतदान केन्द्र हैं। कुल छह प्रत्याशी मैदान में हैं।

मिश्रित आबादी में भेजी गई अतिरिक्त फोर्स

अमृत विचार, लखनऊः अंतिम यानी सातवें चरण के चुनाव में पुलिस चौकन्नी हो गई है। पुलिस मुख्यालय को आशंका है कि मिश्रित आबादी होने के कारण कहीं कोई अनहोनी न हो जाए। ऐसे में प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के अलावा चंदौली, गाजीपुर और मिर्जापुर में अतिरिक्त फोर्स भेजी गई है।

डीजीपी मुख्यालय स्तर से भी पुलिस अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी में मुस्तैद किया गया है। प्रचार थमते ही सोशल मीडिया की निगरानी भी बढ़ा दी गई है। भ्रामक व भड़काऊ संदेशों पर नजर रखी जा रही है। डीजीपी मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी जिलों में चल रही गतिविधियों व घटनाओं की जानकारी ली जा रही है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने छोटे विवाद को भी पूरी गंभीरता से लेकर आरोपियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

ऊंचाहार व सिंगरौली में इकाइयां ठप, बिजली संकट गहराया

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ, रायबरेली

- उप्र समेत कई राज्यों की भी बिजली आपूर्ति प्रभावित

अमृत विचार: भीषण गर्मी में बढ़ी हुई बिजली की मांग के बीच एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में पांच सौ मेगावाट की इकाई व सिंगरौली की पांच सौ मेगावाट की इकाई तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई है। इस कारण प्रदेश समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बिजली संकट गहरा गया है।

ऊंचाहार परियोजना में पांच सौ मेगावाट क्षमता वाली इकाई संख्या छह में शुक्रवार की सुबह खराबी आ गई। इकाई के ब्वायलर ट्यूब में गैस रिसाव हो रहा था। यह रिसाव गुरुवार से शुरू हुआ था, पर शुक्रवार की सुबह रिसाव इतना बढ़ गया कि इकाई को बंद करना पड़ा। इसके बंद होने से उन राज्यों में बिजली आपूर्ति पर असर पड़ा है, जिन राज्यों को ऊंचाहार परियोजना से बिजली आपूर्ति की जाती है। इकाई बंद होने के बाद ब्वायलर के तापमान को सामान्य किया जा रहा है ताकि इसके मरम्मत का काम हो सके।

ऊंचाहार परियोजना में कुल छह इकाइयां स्थापित है। इसमें पांच इकाइयों में प्रत्येक इकाई की उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट है, जबकि छठी यूनिट की उत्पादन क्षमता पांच मेगावाट है। ऊंचाहार परियोजना से देश के उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश समेत कुल नौ राज्यों को बिजली आपूर्ति की जाती है। बंद हुई दोनों इकाइयों के तीन जून तक चालू होने की संभावना जताई जा रही है।

दो एसीएस, एक कमिश्नर और 25 सचिवालय सेवा के अधिकारी सेवानिवृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विदाई समारोह में पहुंचे मुख्य सचिव, नई पारी की दी शुभकामनाएं

अमृत विचार: शुक्रवार को तीन आईएएस अधिकारी एवं सचिवालय सेवा के 25 कार्मिक सेवानिवृत्त हो गए। इस दौरान आयोजित विदाई समारोह में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता एवं अनीता सिंह सहित विशेष सचिव राकेश कुमार मिश्रा तथा सचिवालय सेवा के 25 कार्मिकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं देवीपाटन मंडल के कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्रा भी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए।

मुख्य सचिव ने कहा कि रिटायरमेंट का समय निश्चित है, लेकिन व्यक्ति रिटायर कभी नहीं होता है। हमारे शरीर का धर्म है कर्म, इसलिए कर्म जरूर करते रहें। अपने शरीर और मस्तिष्क को क्रियाशील रखें, ताकि चैतन्यता बनी रहे। अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता ने कहा कि लगभग 36 वर्ष 9 माह के सेवाकाल में अनुभव का पिटारा मिला है। समस्या में ही समाधान छिपा होता है। अपर मुख्य सचिव अनीता सिंह ने कहा कि यह हम सभी के लिए विशेष अवसर है। इस सेवा से बेहतर और कोई सेवा नहीं है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन के रवीन्द्र नायक, प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र। अमृत विचार

नरेंद्र को प्रमुख सचिव ऊर्जा का अतिरिक्त प्रभार

अपर मुख्य सचिव अनीता सिंह के रिटायर होने के पश्चात आईएएस पी गुरुप्रसाद को एफएसडीए का भी प्रभार दिया गया है जबकि आईएएस नरेंद्र भूषण को प्रमुख सचिव ऊर्जा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

तीन आईपीएस सेवानिवृत डीजीपी ने भेंट किया मोमेंटो

उधर तीन आईपीएस अधिकारी भी शुक्रवार को सेवानिवृत हो गए। पुलिस मुख्यालय में आयोजित समारोह में डीजीपी प्रशांत कुमार ने सेवानिवृत हो रहे अफसरों को मोमेंटो भेटकर उन्हें नई पारी की शुभकामनाएं दी। रिटायर होने वाले अफसरों में विनोद कुमार मिश्रा डीआईजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन, शफीक अहमद डीआईजी आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन एवं रामयज्ञ पुलिस अधीक्षक विशेष जांच शामिल हैं।

अवैध निर्माण कर टीले वाली मस्जिद को विस्तार देने का आरोप

विधि संवाददाता, लखनऊ

- याचिका के लम्बित रहने से अवैध निर्माण हटाने के आदेश पर असर नहीं
- जनहित याचिका में अवैध निर्माण हटाने की गई है मांग

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक जनहित याचिका दाखिल कर आरोप लगाया गया है कि लक्ष्मण टीला स्थित टीले वाली मस्जिद के विकास के नाम पर अवैध निर्माण कर के मस्जिद को विस्तार दे दिया गया है। इस सम्बंध में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का आदेश प्रस्तुत कर, उक्त कथित अवैध निर्माण को हटाने की मांग की गई है। याचिका पर न्यायालय ने एएसआई व राज्य सरकार समेत जिलाधिकारी लखनऊ को जवाबी हलफ़नामा प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। साथ ही न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि वर्तमान याचिका के लम्बित होने से अवैध निर्माण हटाने सम्बंधी एएसआई के आदेश पर कोई असर नहीं होगा।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने रिषी कुमार त्रिवेदी व अन्य की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याचियों की ओर से पेश होते हुए, अधिवक्ता हरी शंकर जैन ने दलील दी कि 20 सितंबर 2016 को एएसआई ने उक्त अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण का आदेश पारित कर रखा था, जिसका अनुपालन नहीं किया गया, तत्पश्चात पुनः 6 दिसम्बर 2023 को एएसआई ने आदेश जारी किया, हालांकि इसका भी अनुपालन अब तक नहीं हो सका है। याचिका में एएसआई के आदेश का अनुपालन कराने की मांग की गई है। वहीं राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि एएसआई के आदेश के अनुपालन की जिम्मेदारी जिलाधिकारी, लखनऊ की है, हालांकि इस सम्बंध में कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। इस पर न्यायालय ने विपक्षी पक्षकारों को जवाबी हलफ़नामा दाखिल करने का आदेश दिया और साथ ही एएसआई से मस्जिद के मौलाना फजलुल मन्नान राहमानी को नोटिस तामीला सम्बंधी साक्ष्य भी देने का आदेश दिया है।

वर्ग पहेली-87

बाएं से दाएं

1. जिसकी आयु सबसे अधिक हो।
3. 1. अवतार ग्रहण करने वाला 2. अवतार या अवतार-ग्रहण से संबंधित 3. ईश्वर या किसी देवता के अवतार के रूप में जिसकी प्रसिद्धि हो 4. अवतार की तरह का चमत्कारी अथवा प्रभाव रखने वाला।
4. बलि देने की जगह, वह स्थल जहां पूजा या यज्ञ आदि में पशु की बलि दी जाती है।
6. रास्ते में पड़ने वाला उतार, ढाल।
7. आंख की पलक के ऊपर होने वाली फुंसी, बिलनी।

ऊपर से नीचे

1. 1. प्रकट, स्पष्ट 2. खुला हुआ।
3. जहां प्रकाश न किया गया हो, अंधेरा
4. वन या जंगल में उपजने वाले पेड़-पौधों के फूल।
5. देवताओं का राजा, इंद्र।
6. 1. हिमालय की पुत्री, पार्वती, गौरी, शिव की पत्नी 2. कांति, शोभा।



वर्ग पहेली -86 का हल

		1 अ	नि	य	मि	2 त
3 आ	जा	नु				र
		बो		4 ता		फ़
5 सं	बं	ध	यो	ज	क	
व		क		दा		
ह				6 र	7 का	बी
न		8 छाँ	द		ठा	

सुडोकू -166

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1								
				3				
7								
		2		8				
						4		
		9						
					3			
								1
	5							

सुडोकू -165 का हल

1	6	5	7	8	2	3	9	4
2	7	8	9	3	4	5	1	6
3	4	9	5	1	6	7	8	2
6	8	7	4	9	3	1	2	5
5	9	3	6	2	1	8	4	7
4	2	1	8	5	7	9	6	3
9	5	2	3	6	8	4	7	1
8	1	4	2	7	5	6	3	9
7	3	6	1	4	9	2	5	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 07.24 तक तत्पश्चात दशमी 2 जून 05.04 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 2 जून 03.16 तक तत्पश्चात रेवती।

मेष — आज आप अपने इष्ट मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। धन के विषय में सोच-विचारकर ही निर्णय लें। पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपके मन में स्वयं के द्वारा की गयी गलतियों के प्रति आत्मग्लानि का भाव उत्पन्न हो सकता है।

वृष — आज व्यवसाय में आपके प्रयास सफल रहेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर दिन शुभ रहेगा। जॉब को लेकर परेशानी दूर होगी। विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होगा। दिन की शुरुआत काफी सुखद रहेगी। अच्छे लोगों से मिलना हो सकता है।

मिथुन — आज विदेश यात्रा से आपको काफी अच्छा लाभ होगा। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें। राजनीतिक लोगों का सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। दैनिक कार्यों में काफी व्यस्त रहने वाले है। अधिकारी वर्ग के लोग आपसे काफी संतुष्ट रहेंगे।

कर्क — आज ऐसे कार्यों से दूरी बनाकर रखें जो अवैधानिक हों। सरकारी नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन करें। दिन आपके लिए काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। शोधकार्यों से जुड़े लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

सिंह — आज अनावश्यक चर्चाओं में समय बर्बाद होगा। लोगों की बातों में आकर तात्कालिक निर्णय न लें। आपका मन अशांत रहेगा। जीवनसाथी से नोंक-झोंक संभव है। नशे की सामग्रियों का सेवन न करें।

कन्या — आज दूसरों के ऊपर आप काफी ज्यादा निर्भर रहेंगे। वित्तीय लेन-देन में कुछ सावधानी रखने की आवश्यकता है। अपनी जीवनशैली में काफी धन खर्च कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन का आनंद उठाएंगे। कई सारी परेशानियों का समाधान आपको मिलेगा।

तुला — आज आपको मित्रों का उत्तम सहयोग मिलेगा। शत्रुओं के कमजोर पड़ने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नया व्यवसाय शुरू करने की योजना पर काम करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। जो आप चाह रहे थे, वह आपको प्राप्त हो सकता है।

वृश्चिक — आज कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। संतान के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। व्यवसाय में आप काफी व्यस्त हो सकते हैं। इसके कारण आप अपने कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की भी अनदेखी कर सकते हैं।

धनु — आज आपकी तुलना गलत लोगों के साथ की जा सकती है, लेकिन इस पर आपको धैर्य रखना चाहिए। मन में ज्यादा विचार लाने से बचें। संपत्ति के मामलों में जोरदार विवाद हो सकता है। कानूनी मामलों को लेकर सावधान रहें।

मकर — आज नया वाहन खरीद सकते हैं। रुका हुआ धन वापस मिलने के योग बन रहे हैं। आईटी क्षेत्र से जुड़े लोग जॉब बदलने की तैयारी कर सकते हैं। विवाह से जुड़े मामलों को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न होगा।

कुंभ — आज व्यवसाय में सहयोगियों के प्रति मन में अविश्वास की भावना उत्पन्न हो सकती है। अभद्र भाषा का प्रयोग आपकी प्रतिष्ठा के लिए खतरा हो सकता है। आप धन को लेकर कुछ चिंता में हो सकते हैं। आपको लोगों पर ज्यादा विश्वास नहीं होगा।

मीन — आज बुद्धिमान मित्रों की संगत प्राप्त होगी। फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों को अचानक कोई बड़ा काम मिल सकता है। दूसरों की ज्यादा परवाह न करें। स्वयं में प्रसन्न रहने का प्रयास करें। आप नए उद्यम या कार्यों को लेकर उत्साहित रहेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- तकदीर का तमाशा — सुबह : 10.00
- खेल — शाम : 05.40

SONY MAX
- सैटेलाइट शंकर — सुबह : 10.10
- भूल भूलैया 2 — शाम : 06.15

SONY PIX
- द रैड 2 — सुबह : 12.34
- 65 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- थैंक गॉड — सुबह : 10.44
- सूर्यवंशी — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- कल हो न हो — दोपहर : 02.02
- चैन्नई एक्सप्रेस — रात : 09.21

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ऑफिस में लेट पहुंचा
बॉस- कहां थे अब तक?
गप्पू- जी वो गर्लफ्रेंड को कॉलेज छोड़ने गया था।
बॉस- शटअप, कल से ऑफिस टाइम से आना, नहीं तो खैर नहीं...
गप्पू-ठीक है तो फिर अपनी बेटी को खुद ही कॉलेज छोड़ देना।

पिता - पेपर कैसा गया?
बेटा - पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था, चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया।
पिता- और सवाल दो?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया।
बेटे की बात सुनकर पिता ने अपना सिर पीट लिया।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 850।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूंदड़ा	2400-2450
आरआर 21	2550-2600
गेहूंफ़ारम	2600-2700
जौ	2000-2100
ज्वार	2000-4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200-2400

दलहन (प्रति क्वि.)

लोकल	मिल डिलीवरी
चना	6200-6400
अरहर	9000-10000
मसूर	5500-5600
मटर	3700-4000
उड़दहरा	10000-11000
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	7900-8000

दाल (प्रति क्वि.)

अरहरफूल	17600-17700
अरहरस्पेशल1	14900-15000
चनादाल	8100-8200
मटरदाल	5000-5100
मसूरमलका	7400-7450
मसूरदाल	7600-7650
उड़ददाल	9000-13000
उड़द धोवा	10000-13000
मूँगदाल	8600-9500
मूँग धोवा	9700-11000

चावल (प्रति क्वि.)

अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500

आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)

आटा	1380-1430
मैदा	1350-1400
सूजी	1410-1430

चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)

शाहपसंद	1325-1350

तिलहन (प्रति क्वि.)

लाही	5600-5800
अलसी	4500-4600 रुपये।

6.2% रही बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर

अप्रैल में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से हुई बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल महीने में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अच्छी रही है।

मार्च में इन आठ उद्योगों की वृद्धि दर छह प्रतिशत थी जबकि एक साल पहले अप्रैल, 2023 में यह 4.6 प्रतिशत रही थी। कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली को बुनियादी उद्योगों में गिना जाता है। इनकी देश के औद्योगिक

उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में सम्मिलित रूप से 40.27 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आंकड़ों से पता चलता है कि उर्वरक क्षेत्र का उत्पादन अप्रैल में गिर गया जबकि कोयला, इस्पात और सीमेंट क्षेत्रों की वृद्धि दर में सुस्ती दर्ज की गई। कोयला उद्योग की वृद्धि दर नरम पड़कर 7.5 प्रतिशत रह गई जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 9.1 प्रतिशत थी। इस्पात उद्योग की वृद्धि दर 16.6 प्रतिशत से घटकर 7.1 प्रतिशत पर आ गई जबकि सीमेंट उद्योग साल भर पहले के 12.4 प्रतिशत से घटकर 0.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा है।

राजकोषीय घाटा बीते वर्ष 2023-24 में सुधरकर जीडीपी के 5.63 प्रतिशत पर पहुंचा

सरकार का राजकोषीय घाटा बीते वित्त वर्ष में जीडीपी का 5.63 प्रतिशत रहा। यह केंद्रीय बजट में जताए गए 5.8 प्रतिशत के अनुमान से कुछ कम है। वास्तविक रूप से राजकोषीय घाटा यानी व्यय और राजस्व के बीच अंतर 16.53 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार ने एक फरवरी को पेश अंतरिम बजट में 2023-24 के संशोधित अनुमान में राजकोषीय घाटा 17.34 लाख करोड़ रुपये यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। महालेखा नियंत्रक के आंकड़ों के अनुसार, सरकार राजस्व संग्रह के लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब रही है। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 2023-24 में 23.36 लाख करोड़ रुपये जबकि व्यय 44.42 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार द्वारा करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 11,29,494 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1,81,088 करोड़ रुपये अधिक है। सरकार द्वारा किया गया कुल व्यय 44,42,542 करोड़ रुपये रहा है जिसमें से 34,94,036 करोड़ राजस्व खाते से और 9,48,506 करोड़ रुपये पूंजी खाते से व्यय किया गया है। कुल राजस्व व्यय में से 10,63,871 करोड़ ब्याज भुगतान में और 4,13,542 करोड़ प्रमुख सब्सिडी के तौर पर हुआ है।

टीआईएल और पूर्व अधिकारियों पर लगा 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने टीआईएल लि. और तीन पूर्व अधिकारियों पर बिक्री और राजस्व को बढ़ा-चढ़ाकर बताने के लिए 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। मामला 2019-20 और 2020-21 में कथित फर्जी खरीद-बिक्री से बिक्री और राजस्व को बढ़ा-चढ़ाकर बताने से जुड़ा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि जुर्माना 45 दिन के भीतर चुकाया जाना चाहिए। नियामक ने व्यक्तिगत रूप से टीआईएल और सुमित मजूमदार पर एक-एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। सुमित मजूमदार उल्लंघन के समय कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक थे। इसके अलावा, तत्कालीन मुख्य कार्यपालक अधिकारी रमेश अग्रवाल और पूर्व मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) शिबादित्य घोष पर 25-25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

2024 में 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी

नई दिल्ली, एजेंसी

- मूडीज रेटिंग्स एजेंसी ने जताई है संभावना

मूडीज रेटिंग्स ने मजबूत आर्थिक वृद्धि और चुनाव के बाद नीतिगत निरंतरता रहने की उम्मीद पर भारत की वृद्धि दर 2024 में 6.8 प्रतिशत और 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वर्ष 2023 में 7.7 प्रतिशत बढ़ी थी, जबकि 2022 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर थी। सरकार के सशक्त पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों के दम पर यह संभव हो पाया।

मूडीज ने वैश्विक व्यापक-आर्थिक परिदृश्य 2024-25 में कहा-हमारा मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को आ सानी से छह-सात प्रतिशत की दर से बढ़ना चाहिए। हम इस साल करीब 6.8 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद नीति निरंतरता होने के साथ मजबूत, व्यापक-आधारित वृद्धि को बनाए रखा जा सकेगा। मूडीज ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में 11.1 लाख करोड़ रुपये यानी जीडीपी का 3.4 प्रतिशत पूंजीगत व्यय आवंटन का लक्ष्य रखा गया है, जो 2023-24 के अनुमान से 16.9 प्रतिशत अधिक है। कहा-हम आम चुनाव के बाद बुनियादी ढांचे के वृद्धि पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद करते हैं।

सर्राफा

कानपुर

चाँदी 999 (प्रति किलो)	95,550
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74,050
गिन्नी (प्रति नग)	55,200-55,400

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	92,000
चांदी तैयार	92,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	73,000
सोना जेवरात गिन्नी	72,000
चांदी पक्की	908 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	73,100
चांदी आभूषण	91,300।

विदेशी मुद्रा भंडार दो अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 मई को समाप्त सप्ताह में 2.03 अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशीमुद्रा भंडार 4.55 अरब डॉलर की तेजी के साथ 648.7 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 24 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.51 अरब डॉलर घटकर 567.49 अरब डॉलर रह गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 48.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.71 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.13 अरब डॉलर रहा।

भारत ने ब्रिटेन से 100 टन सोना घरेलू तिजोरियों में पहुंचाया

मुंबई। भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में ब्रिटेन में रखे अपने 100 टन सोने को घरेलू तिजोरियों में पहुंचाया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह 1991 के बाद सोने का सबसे बड़ा स्थानांतरण है। वर्ष 1991 में विदेशी मुद्रा संकट से निपटने के लिए सोने के बड़े हिस्से को गिरवी रखने के लिए तिजोरियों से बाहर निकाला गया था।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में देश के कुल स्वर्ण भंडार में 27.46 टन की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 822 टन हो गया। सूत्रों ने कहा कि सोने का एक बड़ा हिस्सा विदेश में जमा है।

मोदी सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट कर 10 लाख करोड़ से अधिक डूबा कर्ज वसूला : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्री ने बताया-ईडी ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने विभिन्न सुधारों और बेहतर प्रशासन के जरिए बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट किया है। इसके दम पर बैंकों ने 2014 से 2023 के बीच 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबे कर्ज की वसूली की है।

उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की है, जिसके परिणामस्वरूप 64,920 करोड़

रुपये की अपराध आय जब्त की गई है। दिसंबर 2023 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को 15,183 करोड़ रुपये की संपत्ति वापस कर दी गई है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा-हाल ही में, भारत के बैंकिंग क्षेत्र ने तीन लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार करते हुए अपना अब तक का सबसे अधिक शुद्ध लाभ दर्ज करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व के दम पर बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट हुआ। हमारी सरकार ने व्यापक तथा दीर्घकालिक सुधारों के जरिए बैंकिंग क्षेत्र में संप्रग के पापों का प्रायश्चित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने डूब कर्ज (खासकर बड़े डिफॉल्टर से) की वसूली में कोई ढील नहीं बरती और यह प्रक्रिया जारी है।

राष्ट्रीय

देश में जलाशयों का जल स्तर गिरकर 23% रह गया

केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण में लगातार गिरावट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में भीषण गर्मी के बीच 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण स्तर में लगातार गिरावट जारी है और यह कुल भंडारण क्षमता का 23 प्रतिशत रह गया है। पिछले वर्ष समान अवधि के दौरान के जल स्तर के मुकाबले मौजूदा जल स्तर में 77 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। सीडब्ल्यूसी के आंकड़ों के मुताबिक जलाशयों का मौजूदा जलस्तर पिछले वर्ष के स्तर का मात्र 77 प्रतिशत तथा सामान्य जलस्तर का 94 प्रतिशत है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने शुक्रवार को देश भर के 150 प्रमुख जलाशयों के ताजा भंडारण स्तर की स्थिति पर अपना साप्ताहिक बुलेटिन जारी करते हुए एक बयान में कहा-इन जलाशयों में कुल उपलब्ध भंडारण 41.705 अरब घन मीटर (बीसीएम) है, जो इन जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता का 23 प्रतिशत है। आयोग ने कहा-यह पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान दर्ज किए गए 53.832 बीसीएम तथा सामान्य भंडारण क्षमता 44.511 बीसीएम से काफी कम है। परिणामस्वरूप, मौजूदा भंडारण पिछले वर्ष के स्तर का केवल 77 प्रतिशत तथा सामान्य भंडारण का 94 प्रतिशत है। सीडब्ल्यूसी द्वारा निगरानी किये जाने वाले 150 मुख्य जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता 178.784 बीसीएम है, जो देश में निर्मित कुल भंडारण क्षमता का लगभग 69.35 प्रतिशत है। देश के 150 जलाशयों में से दस उत्तरी क्षेत्र - हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान - में स्थित हैं और इनकी भंडारण क्षमता 19.663 बीसीएम है।

सीडब्ल्यूसी के मुताबिक पूर्वी क्षेत्र में - असम, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, नागालैंड और बिहार में कुल 23 जलाशय हैं, जिनकी कुल जल भंडारण क्षमता 20.430 बीसीएम है। आयोग ने कहा कि उपलब्ध जल भंडारण 5.645 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 28 प्रतिशत है। पश्चिमी क्षेत्र - गुजरात और महाराष्ट्र - में कुल 49 जलाशय हैं, जिनकी कुल भंडारण क्षमता 37.130 बीसीएम है। इन जलाशयों का मौजूदा भंडारण 8.833 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 24 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष के 28 प्रतिशत से कम है, लेकिन सामान्य भंडारण 23 प्रतिशत से बेहतर है।

वहीं मध्य क्षेत्र-उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़-में 26 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 48.227 बीसीएम है। वर्तमान में उपलब्ध भंडारण क्षमता 14.046 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 29.1 प्रतिशत है। पिछले वर्ष भंडारण क्षमता 37 प्रतिशत थी। इन जलाशयों की सामान्य भंडारण क्षमता 29.4 प्रतिशत होती है।

31 मई तक घटकर रही गई 5.864 बीसीएम क्षमता

सीडब्ल्यूसी बुलेटिन के अनुसार 16 मई से 31 मई के सप्ताह के लिए यह घटकर 5.864 बीसीएम (कुल क्षमता का 30 प्रतिशत) रह गई है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जल भंडारण कुल क्षमता का 38 प्रतिशत था। वर्ष के इस समय सामान्य जल संग्रहण 31 प्रतिशत होता है।

भारी बारिश से मणिपुर के राजभवन परिसर में जलभराव

इंफाल, एजेंसी

चक्रवात रेमल के प्रभाव से पिछले कुछ दिनों में हुई मूसलाधार बारिश के कारण मणिपुर के राजभवन परिसर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इंफाल घाटी में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से तीन लोगों की मौत हो गई है,जबकि हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंफाल नदी के तटबंध विभिन्न स्थानों पर टूटने के बाद राजभवन परिसर में पानी एकत्र हो गया। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों की तुलना में राजभवन की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। इस बीच, मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के प्रवक्ता निंगोम्बम बुपेंद्र ने 'एक्स' पर तस्वीरें साझा

चक्रवात रेमल के बाद हुई बारिश के बाद राजभवन में जलभराव हो गया। ● एजेंसी

- बारिश के कारण आई बाढ़ से तीन लोगों की मौत और हजारों लोग प्रभावित

करते हुए लिखा-राजभवन बाढ़ के पानी में डूब रहा है। मणिपुर के राज्यपाल को राजभवन में व्यक्तिगत रूप से जल स्तर की जांच करते हुए देखना दुर्लभ है। इंफाल में अभूतपूर्व बाढ़ के कारण इसका एक बड़ा क्षेत्र पानी में डूबा है। उन्होंने कहा कि बाढ़ के स्तर को तेजी से कम करने की जरूरत है। बुपेंद्र की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा-और निवर्तमान प्रधानमंत्री गहरे ध्यान में हैं।

एक नजर

कल्याण ज्वेलर्स का एसी फटा, तीन कर्मचारी झुलसे

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के पंडरी रोड स्थित कल्याण ज्वेलर्स के शो रूम में शुक्रवार को भीषण गर्मी की वजह से शोरूम का एसी फटने से एक कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गया तथा दो अन्य को मामूली चोटें आईं। बताया जा रहा है कि कर्मचारी करीब 60 प्रतिशत से अधिक झुलस गया है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना में दो अन्य कर्मचारियों को मामूली चोट आई है। धमाका इतना तेज था कि शो रूम के शीशे चकनाचूर हो गए और पूरा शोरूम धुंएं के गुबार से भर गया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

मप्र में सरपंच का पति घूस लेते पकड़ा गया

इंदौर। लोकायुक्त पुलिस ने मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में एक गांव की सरपंच के पति को शुक्रवार को 95,000 रुपये की कथित घूस लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आरडी मिश्रा ने बताया,"व्यासखेड़ी गांव की सरपंच सुंदरबाई के पति राहुल रावत (28) को कनाड़िया रोड के एक अस्पताल के बाहर जाल बिछा कर रंगे हाथों पकड़ा गया है।

अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ाई

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 3 जुलाई तक बढ़ा दी। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत समाप्त होने के बाद उन्हें जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया और विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी रिमांड बढ़ा दी। न्यायाधीश ने ईडी से हाल में दायर आरोपपत्र की प्रति सिसोदिया और अन्य सह-आरोपियों को देने को भी कहा। न्यायाधीश ने मामले में इन आरोपियों के वकील को ईडी कार्यालय में दस्तावेज देखने के लिए एक महीने का समय दिया। सह-आरोपी और आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की तरफ से पक्ष रख रहे वकील ने अदालत से कहा कि दस्तावेज का अध्ययन करने में 90 से 100 घंटे लग सकते हैं।

किशोरियों की बिक्री के मुद्दे पर राजस्थान को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- मानवाधिकार आयोग ने दिए कार्रवाई के निर्देश

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राजस्थान की किशोरियों को दूसरे राज्यों में बेचने की शिकायतों के संबंध में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

आयोग ने राज्य सरकार को बालिकाओं की तस्करी और वेश्यावृत्ति के कृत्यों पर अंकुश लगाने के लिये राज्य स्तरीय मानव तस्करी विरोधी नोडल अधिकारी नियुक्त करने और उसे जिला मानव तस्करी विरोधी इकाइयों (डीएएचटीयू) के सहयोग के साथ मिलकर इस तरह के अपराधों को रोकने के लिये काम करने को कहा है। आयोग की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, उसने राज्य सरकार द्वारा हाल की कुछ ऐसी घटनाओं में मामला दर्ज किये जाने की बात स्वीकार की है लेकिन कहा है कि ऐसा लगता है कि किशोरियों की तस्करी की घटनाएं जारी हैं। आयोग ने मानव तस्करी रोकने और पीड़ितों के पुनर्वास जैसे कार्यों के लिये केन्द्रीय गृह मंत्रालय की व्यापक योजना के तहत गठित की जाने वाली डीएएचटीयू को प्रभावी रूप से लागू करने के लिये सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को नोटिस भेजें हैं।

ईडी को सात जून तक पूरक आरोप पत्र दाखिल करने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भारतीय रेलवे में कथित तौर पर नौकरी के बदले जमीन घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में सात जून तक पूरक आरोप-पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कथित घोटाले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के कई सदस्य शामिल हैं।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि उन्होंने पिछले कुछ महीनों में कार्यवाही के दौरान कई बार ईडी से जांच पूरी होने के बारे में पूछा है। न्यायाधीश ने कहा कि ईडी के वकील ने बार-बार कहा है कि आगे की जांच अग्रिम चरण में है और जल्द ही पूरी होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि 12 अप्रैल को पारित अपने आदेश में अदालत ने ईडी को दो सप्ताह के भीतर किसी भी शेष जांच के निष्कर्ष को अंतिम रूप देने का प्रयास करने का निर्देश दिया था। हालांकि, आज तक कोई और पूरक आरोप-पत्र दायर नहीं किया गया। न्यायाधीश ने कहा-यह अदालत उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार सांसदों/विधायकों से संबंधित सभी मामलों में तेजी लाने के लिए अधिकृत है। न्यायाधीश ने कहा कि सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप धनशोधन की कथित प्रकृति में परस्पर जुड़े तथ्यों और लेन-देन का एक समूह हैं, भले ही ये अब तक आगे बढ़ाए गए हों या नहीं। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए सात जून की तारीख तय करते हुए ईडी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि वह पूरक आरोप-पत्र अगली तारीख तक दाखिल करे। न्यायाधीश ने 29 मई को कथित घोटाले में अंतिम आरोप पत्र दाखिल करने में देरी के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की खिंचाई की थी। विशेष न्यायाधीश ने आरोप-पत्र दाखिल करने के लिए हर तारीख पर सीबीआई द्वारा अतिरिक्त वक्त मांगे जाने पर नाखुशी जताई थी। सीबीआई ने मार्च में तीन आरोपियों-अशोक कुमार, बबीता और भोला यादव के खिलाफ पूरक आरोप-पत्र दाखिल किया था।

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन का मामला

भाजपा हरियाणा-यूपी सरकारों से पानी उपलब्ध कराने को कहे

नई दिल्ली, एजेंसी

- अरविंद केजरीवाल ने आग्रह करते हुए कहा-यह राजनीति करने का समय नहीं है

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को भाजपा से आग्रह किया कि वह हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से राष्ट्रीय राजधानी को एक महीने तक पानी उपलब्ध कराने के लिए कहे। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राजनीति करने का समय नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी गंभीर जल संकट का सामना कर रही है।

वहीं जल संसाधन मंत्री आतिशी ने हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ने का आरोप लगाया है। आप सरकार के खिलाफ भाजपा द्वारा आज प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि

इससे समस्या का समाधान नहीं होगा। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा-मेरी सभी से हाथ जोड़ कर विनती है कि इस वक़्त राजनीति करने की बजाय, आइये, मिलकर दिल्ली के लोगों को राहत दिलवायें। उन्होंने कहा, "अगर भाजपा हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से बात करके एक महीने के लिए दिल्ली को कुछ पानी दिलवा दे तो दिल्ली वाले भाजपा के इस कदम की खूब सराहना करेंगे। इतनी भीषण गर्मी किसी के हाथ की बात नहीं। लेकिन हम सब मिलकर काम करें तो लोगों को इससे राहत तो दिलवा सकते हैं।

दिल्ली सरकार ने अधिक पानी की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय का किया रुख

दिल्ली सरकार ने भीषण गर्मी के दौरान जल संकट से जूझ रही राष्ट्रीय राजधानी को अधिक पानी की आपूर्ति करने के लिए हरियाणा को निर्देश देने का अनुरोध करते हुए शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। आम आदमी पार्टी (आप) नीत दिल्ली सरकार ने हरियाणा को हिमाचल से मिलने वाले अतिरिक्त जल को राष्ट्रीय राजधानी को देने की मांग की है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की ओर से दायर याचिका में केंद्र, भाजपा शासित हरियाणा और कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश को पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि पानी बुनियादी मानवाधिकारों में से एक है। याचिका में कहा गया कि पानी की उपलब्धता किसी भी व्यक्ति के बुनियादी मानवाधिकारों में से एक है। पानी न केवल जीने के लिए आवश्यक है, बल्कि पानी तक पहुंच संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमा एवं गुणवत्तापूर्ण जीवन की गारंटी का एक अनिवार्य घटक भी है।

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में पुनर्मतदान की याचिका की खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के मुंगेर में कथित तौर पर कई मतदान केंद्रों पर कब्जे और कमजोर वर्ग के लोगों को मतदान नहीं करने देने का आरोप लगाते हुए उन जगहों पर पुनर्मतदान का निर्देश चुनाव आयोग को देने की मांग वाली एक याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की अवकाशकालीन पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए इसे खारिज करने का आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ता कुमारी अनीता की ओर से पहले पटना उच्च न्यायालय से फरियाद करने का विकल्प नहीं अपनाने पर आपत्ति जताई है।

चेन्नई में मां का दूध बेचने वाली दुकान की गई सील

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के माधवरम में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने मां के दूध की बिक्री करने के आरोप में प्रोटीन पाउडर की एक दुकान को सील कर दिया।

अधिकारी के मुताबिक दुकान के मालिक ने प्रोटीन पाउडर बेचने का लाइसेंस लिया था, लेकिन वह मां का दूध बेच रहा था। इस दुकान से 500 रुपये में 50 मिलीलीटर मां के दूध वाली बोतल बेची जा रही थी। छापेमारी में दुकान से मां के दूध से भरी 50 बोतलें मिलीं। पिछले सप्ताह केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण को शिकायत मिली थी कि माधवरम में मां का दूध बेचने के लिए स्टॉक किया गया है। अधिकारी ने कहा कि हमें बोतलों में बंद मां का दूध मिला। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। छापेमारी के दौरान मां के दूध का दान करने वालों के मोबाइल फोन नंबर मिले। जिला खाद्य सुरक्षा

- 500 रुपये में बेची जा रही थी 50 मिलीलीटर वाली दूध की बोतल
- दुकान मालिक प्रोटीन पाउडर के लाइसेंस पर बेच रहा था मां का दूध

अधिकारी ने कहा कि हमने दुकान सील कर दिया है और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की। यह पहला मौका है जब चेन्नई में मां का दूध बेचा जा रहा है और यह घटना कर्नाटक में मां के दूध की बिक्री पर लगे प्रतिबंध के बाद हुई है। देश के खाद्य नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 24 मई को जारी एक परामर्श में मां के दूध के अनधिकृत व्यावसायीकरण के खिलाफ चेतावनी दी थी। दुकान के मालिक ने बताया कि वह सेवा भावना से माताओं का दूध खरीद रहा है।

कंसास से चुनाव लड़ रहे भारतीय मूल के अमेरिकी डाक्टर रेड्डी

वाशिंगटन। भारत में जन्मे अमेरिकी चिकित्सक डॉ. प्रशांत रेड्डी रिपब्लिकन पार्टी से कंसास के तीसरे कांग्रेसशल जिले से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता शैरिस डेविड्स वर्तमान में इस सीट से सांसद हैं। डेविड्स 2018 से तीन बार निर्वाचित हुए हैं। कंसास में छह अगस्त को प्राइमरी चुनाव होगा। चेन्नई में जन्मे रेड्डी को माइक जॉनसन सहित रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का समर्थन है। डॉ. रेड्डी ने कहा कि एक प्रवासी के रूप में मैंने अमेरिका सपने को जिया है और उस देश के लिए योगदान देने की जीवनपर्यंत कोशिश की है जिसने मुझे सब कुछ दिया है। चेन्नई में जन्मे डॉ. रेड्डी का परिवार जब कंसास आकर बसा था, तब उनकी आयु पांच साल थी।

बूंद-बूंद पानी को तरसा मानव कंठ

पेयजल की समस्या आज दुनिया भर में एक गंभीर चिंता का विषय है। स्वच्छ पेयजल तक पहुंच न होना कई देशों में स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का कारण बनता जा रहा है। यह समस्या विकासशील देशों में अधिक गंभीर है, लेकिन विकसित देशों में भी जल प्रदूषण और जल स्रोतों की कमी एक चिंता का विषय बना हुआ है... आईए जानते है इसके कारण और निवारण के विषय में...

मुख्य समस्याएं

- **जल की कमी :** शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में जल की प्राकृतिक उपलब्धता कम होती है। जलवायु परिवर्तन से बारिश के क्रम में बदलाव आ रहा है, जिससे दबाव बढ़ रहा है।
- **जल प्रदूषण :** उद्योगों के अपशिष्ट, उर्वरक व कीटनाशकों का उपयोग और सीवेज का जल स्रोतों में मिलना मुख्य कारण है।
- **अपर्याप्त जल आपूर्ति :** कई स्थानों पर जल आपूर्ति की प्रणाली काफी पुरानी और खराब है। जल आपूर्ति और जल शोधन में निवेश की कमी से पेयजल की गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है।
- **स्वच्छता और स्वास्थ्य :** दूषित जल से हैजा, डायरिया, व टाइफॉइड जैसे रोग होते हैं। लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ रही है।

समाधान

- **जल संरक्षण :** हमें बारिश के पानी को तकनीक का प्रयोग कर संग्रहित करना चाहिए। ड्रिप इरिगेशन और अपशिष्ट जल का शोधन और पुन: उपयोग करना चाहिए।
- **प्रदूषण पर नियंत्रण :** उद्योगों के अपशिष्ट जल का शोधन, उचित सीवेज प्रणाली और संयंत्रों की स्थापना, कीटनाशकों का संयमित उपयोग कर जल बचाया जा सकता हैं।
- जल आपूर्ति प्रणाली में सुधार : उन्नत तकनीक, जल आपूर्ति और शोधन प्रणालियों में निवेश और सख्त नीतियों से आपूर्ति प्रणाली में सुधार लाया जा सकता है।
- जन जागरूकता : लोगों को जल संरक्षण के महत्व और तरीकों के बारे में शिक्षित और जागरूक करने की जरूरत है। स्थानीय समुदायों को जल प्रबंधन में शामिल करने से जल संरक्षण के कार्य में सुधार हो सकता है।

संकटग्रस्त क्षेत्र

- महाराष्ट्र के मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्र में अनियमित बारिश, और जल प्रबंधन की कमी से सूखा पड़ता है ।
- तमिलनाडु के चेन्नई में भूजल स्तर में गिरावट और जल निकायों का अपर्याप्त संरक्षण।
- राजस्थान का बड़ा हिस्सा शुष्क और अर्ध-शुष्क है, जहां प्राकृतिक जल स्रोतों की कमी, उच्च तापमान, और अपर्याप्त वर्षा से पानी की कमी।
- उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड क्षेत्र अपर्याप्त बारिश, जल संचयन की कमी और भूजल के दोहन से जल संकट से परेशान है।
- आंध्र प्रदेश और तेलंगाना व गुजरात भी भूजल में गिरावट से प्रभावित हैं।
- पंजाब-हरियाणा में अत्यधिक कृषि से भूजल स्तर में गिरावट आई है।
- भूजल स्तर में गिरावट और जल प्रदूषण से देश की राजधानी दिल्ली भी पेयजल संकट से परेशान है।

एक नजर

मिनियापोलिस में गोलीबारी बंदूकधारी समेत 3 की मौत

मिनियापोलिस (अमेरिका)। अमेरिका के मिनियापोलिस में एक अपार्टमेंट परिसर में गोलीबारी की घटना में संदिग्ध बंदूकधारी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। दक्षिण मिनियापोलिस में हुई गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारी भी घायल हुए हैं। अभी इस मामले में विस्तार से जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस की ओर से जारी एक बयान में बताया गया कि गोलीबारी में दो अधिकारियों के अलावा चार आम नागरिक भी घायल हुए हैं।

स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको की अस्पताल से छुट्टी

ब्रातीस्लावा। स्लोवाकिया के लोकप्रिय प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। कुछ दिन पहले एक कार्यक्रम के दौरान एक हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बैंस्का बिस्ट्रिका शहर के अस्पताल की निदेशक मिरियम लापुनिकोवा ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री फिको को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उनके घर ले जाया गया है। फिको का अब उनके घर में ही इलाज चलेगा। वह राजधानी ब्रातीस्लावा में रहते हैं। लापुनिकोवा ने बयान में फिको को एक अनुशासित मरीज बताया और उनके जल्द से जल्द ठीक होने की कामना की।

झूठ बोलने पर केस का सामना करेंगे प्रीतम

सिंगापुर। सिंगापुर में भारतीय मूल के नेता प्रतिपक्ष और वर्कर्स पार्टी के प्रमुख प्रीतम सिंह संसद की विशेषाधिकार समिति के समक्ष झूठ बोलने को लेकर लगाए गए दो आरोपों के सिलसिले में मुकदमे का सामना करने वाले हैं। मीडिया में आई एक खबर यह जानकारी दी गई है। खबर के मुताबिक, प्रीतम सिंह पर पूर्व साथी सांसद रईसा खान के मामले को लेकर झूठ बोलने का आरोप है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, शुक्रवार सुबह हुई सुनवाई पूर्व बैठक में, उप प्रधान जिला न्यायाधीश ल्यूक तैन के समक्ष उनके लिए 16 दिन की सुनवाई निर्धारित की गई।

नोएडा के आवासीय सोसायटी के बाजार में लगी आग

नोएडा। उत्तर प्रदेश के नोएडा में शुक्रवार को एक बहुमंजिला आवासीय सोसायटी के बाजार की एक दुकान के बाहर आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-119 स्थित आम्रपाली जोडिएक में लगी आग की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार सुबह शॉर्ट सर्किट के बाद बाजार के भूतल में एक किराने की दुकान के बाहर रखे सामान में आग लग गई। इस घटना में कुछ दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

रूस से रक्षा को हमारे दिए हथियार का प्रयोग करेगा यूक्रेन : जर्मनी

यूक्रेन को अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत इन हमलों से खुद को बचाने का अधिकार

कीव, एजेंसी

जर्मनी की सरकार ने कहा है कि यूक्रेन रूसी सीमा पर स्थित स्थानों से होने वाले हमलों के खिलाफ उसकी ओर से भेजे गए हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। सरकार ने कहा कि जर्मनी के करीबी देशों और यूक्रेन के साथ चर्चा करते हुए वह युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर निरंतर सहयोग प्रदान कर रही है।

सरकार के दिए गए बयान के अनुसार हाल ही में रूस ने खारकीव क्षेत्र, विशेष रूप से सीमा के निकट स्थित ठिकानों से हमले किए हैं। हमारा मानना है कि यूक्रेन को अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत इन हमलों से खुद को बचाने का अधिकार है। बयान में कहा कि इसके लिए, वह अपनी अंतर्राष्ट्रीय कानूनी प्रतिबद्धताओं के अनुसार, हमारी ओर से दिए गए हथियारों का भी इस्तेमाल कर सकता है।

यूक्रेन अमरीका के नेतृत्व में अपने समर्थकों पर दबाव डाल रहा है कि वह रूस के खिलाफ उन्हें लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने की अनुमति दें। वहीं रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भी यूक्रेन की मदद करने और हथियार मुहैया करने वाले देशों को चेतावनी दी थी कि युद्ध में यूक्रेन को हथियार देने वाले देशों को इसका परिणाम गंभीर परिणाम भुगतना हो गया। रूस 24 फरवरी, 2022 से यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान चला रहा है।

- रूस ने खारकीव क्षेत्र, सीमा के निकट स्थित ठिकानों से किए हैं हमले

ईयू ने रूस को समर्थन देने के लिए नए प्रतिबंध लगाए

ब्रसेल्स। यूरोपीय संघ (ईयू) ने बैलिस्टिक और परमाणु मिसाइलों के विकास के निरंतर प्रयासों तथा रूस को समर्थन देने के कारण उत्तर कोरिया पर और अधिक प्रतिबंध लगा दिए हैं। ईयू ने कहा कि यात्रा और संपत्ति संबंधी इन पाबंदियों से नौ और लोग तथा संस्थान प्रभावित होंगे। इस संगठन ने उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल परीक्षणों पर संयुक्त राष्ट्र की पाबंदियों पर 2006 में इस पर पाबंदियां लगाना शुरू किया था।

जर्मनी पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की कमी 2026 से करेगा पूरी

बर्लिन। जर्मनी सतह से हवा में मार करने वाली पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की कमी को 2026 से पूरा करना शुरू कर देगा। जर्मनी ने यूक्रेन को ये मिसाइल प्रणाली भेजी हैं और आगे भी इनकी आपूर्ति करते रहने का वादा किया है। जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने वायु रक्षा सैनिकों के निरीक्षण के दौरान कहा कि अप्रैल के मध्य में, हमने यूक्रेन को तीसरा पैट्रियट सिस्टम भेजने का फैसला किया। यह जानते हुए कि हम अपनी पैट्रियट क्षमता का एक चौथाई हिस्सा दे देंगे, लेकिन यह सही और आवश्यक है। इससे हमारे अपने भंडार में कमी क्यों न आ जाए? उन्होंने कहा कि कुछ सप्ताह पहले मंत्रालय ने जर्मन सैन्य बल 'बुंडेसवेहर' को चार प्रणालियों की आपूर्ति के लिए एक नये अनुबंध पर हस्ताक्षर किये, जिसमें 2028 से चार और प्रणालियों की आपूर्ति के लिए एक रूपरेखा समझौता भी तैयार किया जा रहा है। पिस्टोरियस ने कहा कि इस प्रकार, जब 2026 से डिलीवरी शुरू होगी, हम धीरे-धीरे स्टॉक की भरपाई कर लेंगे।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अगले सप्ताह जाएंगे चीन

इस्लामाबाद/बीजिंग। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मंगलवार को चीन की पांच दिवसीय यात्रा पर जायेंगे। इस दौरान वह चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से वार्ता करेंगे। वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए संयुक्त रूप से एक खाका तैयार किया जायेगा। ये दोनों देश अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत सहयोग बढ़ाना चाहते हैं।

पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को इस्लामाबाद में कहा कि शरीफ राष्ट्रपति चिनफिंग के निमंत्रण पर चार से आठ जून तक चीन में रहेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य सीपीईसी परियोजना के तहत सहयोग बढ़ाना है, क्योंकि दोनों पक्ष परियोजना के दूसरे चरण को शुरू करने के लिए तत्पर हैं। सीपीईसी परियोजना एक दशक पहले शुरू की गई थी और कई ऊर्जा और बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बीजिंग में कहा कि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री शरीफ राष्ट्रपति चिनफिंग से वार्ता करेंगे और चीन-पाकिस्तान संबंधों के लिए खाका तैयार करेंगे।

पुणे कार दुर्घटना

बिल्डर अग्रवाल और उनके पिता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

मुंबई, एजेंसी

पुणे की एक अदालत ने एक नाबालिग के तेज रफ्तार लक्जरी कार से टक्कर मारकर दो लोगों की जान लेने से संबंधित मामले में शुक्रवार को उसके पिता विशाल अग्रवाल और दादा सुरेंद्रकुमार बी. अग्रवाल को उनके ड्राइवर को कथित तौर पर धमकाने और उसका अपहरण करने तथा अन्य आरोपों में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

नाबालिग वर्तमान में सुधार गृह में हिरासत में है। उसने तेज रफ्तार लग्जरी कार से मध्य प्रदेश के दो आईटी पेशेवरों - अश्विनी कोष्ठा और अनीश अवधिया को टक्कर मार दी थी, जिससे उनकी मौत हो गयी। विशाल अग्रवाल (50) को 27 मई को देर रात गिरफ्तार किया गया, जबकि उनके पिता सुरेंद्रकुमार बी. अग्रवाल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और दोनों को 31 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। इसके साथ ही नाबालिग आरोपी की मां शिवानी वी. अग्रवाल भी अब अपने बेटे के खून की रिपोर्ट की अदला-बदली की जांच के सिलसिले में पुलिस की रडार पर आ गई हैं, जिसे जाहिर तौर पर गंभीर अपराध के आरोप से उसे बचाने के लिए बदला गया था।

पुलिस ने नाबालिग के खिलाफ जांच के लिए किशोर न्याय बोर्ड से अनुमति मांगी

पुणे। पुणे पुलिस ने रक्त नमूनों को लेकर आए नये मोड़ के बीच इस दुर्घटना में कथित रूप से शामिल नाबालिग के खिलाफ जांच की अनुमति लेने के लिए किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) को पत्र लिखा है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस हादसे में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई थी। पुलिस का दावा है कि पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को हादसे के वक्त 'पोर्श' कार को 17 वर्षीय लड़का नशे की हालत में चला रहा था। आरोपी को पांच जून तक संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) शैलेश बलकवडे ने कहा कि हमने जेजेबी को पत्र लिखकर इस मामले में नाबालिग के खिलाफ जांच करने की अनुमति मांगी है। किशोर न्याय अधिनियम के मुताबिक, एक नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में की जाएगी।

अमेरिका और ब्रिटेन ने हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर किया हमला

वाशिंगटन, एजेंसी

लाल सागर और अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हाल में हूती विद्रोहियों के हमलों में वृद्धि के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में ईरान समर्थित विद्रोही समूह के 13 ठिकानों पर हमला किया। अमेरिका के तीन अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका एवं ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों और अमेरिकी जहाजों ने कई भूमिगत ठिकानों, मिसाइल दागने वाले स्थलों, हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले स्थल, एक हूती जहाज और अन्य ठिकानों को निशाना बनाया। अधिकारी ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर इस सैन्य अभियान की जानकारी दी। अमेरिका ने यमन के हूती नियंत्रित क्षेत्रों में आठ मानवरहित हवाई यान पर भी हमला किया, जो अमेरिकी और

- यमन में ईरान समर्थित विद्रोही समूह के 13 ठिकानों को किया गया ध्वस्त

उसकी साथी सेनाओं के लिए खतरा माने जा रहे थे। इस वर्ष 12 जनवरी के बाद से यह पांचवीं बार है जब अमेरिकी और ब्रिटेन की सेनाओं ने हूती विद्रोहियों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया है। बहरहाल, अमेरिका विद्रोहियों के ठिकानों को नष्ट करने के लिए लगभग रोजाना हमले कर रहा है, जिसमें जहाजों को निशाना बनाकर दागी जाने वाली मिसाइलों और ड्रोन हमले को रोकना भी शामिल है।

हूती विद्रोहियों ने हाल के महीनों में लाल सागर और अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हमले तेज किये हैं। विद्रोही इजराइल से गाजा में युद्ध की समाप्ति की मांग कर रहे हैं, जिसमें 36 हजार से ज्यादा फलस्तीनी मारे गये हैं।

दिल्ली के अस्पताल में आग से झुलसी बच्ची की इलाज के दौरान मौत

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के शिशु अस्पताल में आग लगने के बाद बचाई गई 50 दिन की बच्ची की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, 50 दिन की बच्ची का इलाज किया जा रहा था। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। जांच शुरू कर दी गई है। बच्ची के परिवार के एक सदस्य ने भी मौत की पुष्टि की है। परिवार के एक सदस्य ने कहा, चिकित्सकों ने शुक्रवार सुबह हमें उसकी मौत के बारे में बताया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब बच्ची को अस्पताल से निकाला गया तब उसके जलने का कोई घाव नहीं था। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बेबी केयर न्यू बॉर्न हॉस्पिटल में 26 मई को आग लगने की घटना में छह नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी और पांच बच्चे घायल हो गए थे।

सातवीं कक्षा के भारतीय-अमेरिकी छात्र ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी का खिताब जीता

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में फ्लोरिडा के सातवीं कक्षा के 12 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी छात्र बृहत सोमा ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी के टाईब्रेकर में 29 शब्दों का सही उच्चारण कर यह खिताब अपने नाम कर लिया और इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छोटे नस्ली समूह के बच्चों का दबदबा कायम रखा।

बृहत को 'स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी' में विजयी हुए और उन्होंने 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद एवं अन्य पुरस्कार अर्जित किए। इस साल की प्रतियोगिता टाईब्रेकर तक पहुंची, जिसमें बृहत ने 90 सेकंड में 29 शब्दों का सही उच्चारण करके फैजान जकी को

- बृहत सोमा ने 50,000 डॉलर से अधिक नकद एवं अन्य पुरस्कार किए अर्जित

हराया। फैजान 'लाइटनिंग राउंड' में 20 शब्दों का सही उच्चारण कर पाये। बृहत का चैम्पियनशिप शब्द एब्सिल था, जिसे पर्वतारोहण के दौरान ऊपर एक आगे निकले हुए हिस्से पर रस्सी के सहारे उतरना के रूप में परिभाषित किया गया है। टाईब्रेकर में बृहत पहले स्थान पर रहे और 30 शब्द पूरे करने के बाद ऐसा लगा कि उन्हें हराना असंभव होगा। शुरुआत में फैजान की गति अधिक असमान थी। उन्होंने 25 शब्दों का उच्चारण किया, लेकिन उनमें से चार गलत हो गए। आयोजकों ने कहा कि बृहत सोम की शब्दों पर अदभुत पकड़ है। 2024 स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी का चैंपियन। अविश्वसनीय याददाश्त वाला यह लड़का एक भी शब्द नहीं चूका और स्क्रिप्स कप घर ले जा रहा है। बृहत सोमा ने 30 में से 29 शब्दों का सही उच्चारण किया और प्रतिष्ठित चैंपियन का खिताब हासिल करने एवं 2022 में हरिनी लोगन द्वारा बनाए गए स्थायी स्पेल-ऑफ रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास किया।

50 लोगों और 150 बंदरों की लू से मौत

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : प्रचंड गर्मी से संयुक्त राज्य अमेरिका के मैक्सिको में 50 लोगों की मौत हो गई है और 150 बंदर लू से जान गवां बैठे हैं। मैक्सिको में मई माह में तापमान ने सारे रिकार्ड तोड़ डाले हैं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मैक्सिको में हीट डोम बनने से तापमान में भारी उछाल आया है।

भीषण गर्मी भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों को झुलसा रही है। उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में गर्मी पड़ना स्वाभाविक है, लेकिन ठंडी जलवायु वाले शीतोष्ण प्रदेशों में भी तापमान पैर पसारने लगा है। इन क्षेत्रों में मई माह में तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस ऊपर जाने लगा है। ग्लोबल वार्मिंग इसकी मुख्य वजह है, जिसकी बढ़ोतरी में वायु प्रदूषण अहम भूमिका निभा रहा है और जलवायु में



- मैक्सिको में तापमान ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले

तेजी से परिवर्तन आ रहा है, जिससे पश्चिमी देशों में बवंडर की संख्या बढ़ रही है और भारत जैसे एशियाई देशों में तूफानों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। यह आपदा आने वाले सालों और अधिक विकराल रूप धारण करेगी। वर्तमान में तेजी से बढ़ता तापमान यही संकेत दे रहा है। मैक्सिको एसोसिएटेड प्रेस द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार हीट डोम क्षेत्र बन जाने के कारण गर्म हवा ने मैक्सिको को तपा दिया है। यह हवा एक गुम्बद के रूप में सीमित क्षेत्र में सिमट कर रह गई है। गर्म हवा का यह गुम्बद मई के दूसरे पखवाड़े में मेक्सिको, मध्य अमेरिका और टेक्सास और फ्लोरिडा के क्षेत्रों में खड़ा हो गया। क्रूर गर्मी ने मेक्सिको को विशेष रूप से बुरी तरह प्रभावित किया, जिसमें लगभग 50 लोग हीट स्ट्रोक से मर गए और 150 बंदर मारे गए। एसोसिएटेड प्रेस ने बताया कि उत्तरी मेक्सिको के पशु पार्क में निर्जलीकरण के कारण कम से कम 100 तोते, चमगादड़ और अन्य जानवर मर गए हैं।

समय रहते ग्लोबल वार्मिंग पर अंकुश जरूरी

नैनीताल : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह के अनुसार ग्लोबल वार्मिंग पर अंकुश लगाए बिना मौसमी आपदाओं से निजात पाना आसान नही है। जिसे लेकर वैज्ञानिक बेहद चिंतित है। इस संदर्भ में दुनियाभर के मौसम विशेसज्ञ व पर्यावरणविद्द चेताते आ रहे हैं। मगर इस दिशा में हालात सुधरने की जगह बिगड़ अधिक रहे हैं।

बॉलीवुड हलचल

अविर्भव 8 वां अजूबा: नेहा

मुंबई। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो 'सुपरस्टार सिंगर 3' की जज नेहा कक्कड़ ने प्रतिभागी अविर्भव की तारीफ करते हुए उसे 8वां अजूबा बताया है। इस रविवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के होमग्रोन फॉर्मेट 'सुपरस्टार सिंगर 3' में मेलोडी किंग उदित नारायण और उनकी पत्नी दीपा नारायण का 'उदित नारायण की मास्टरक्लास' नामक विशेष एपिसोड में स्वागत किया जाएगा। इस दिग्गज का सम्मान करते हुए, शो की अविश्वसनीय युवा प्रतिभाएं उदित नारायण के उन कालजयी गानों को गाकर उन्हें नमन करेंगी जिन्हें आज भी पसंद किया जाता है। कोच्चि, केरल के प्रतिभाशाली सात वर्षीय अविर्भव एस. ने फिल्म हम दिल दे चुके सनम के गीत चांद छुपा बादल मेंकी भावपूर्ण प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

केडी-द डेविल्स की शूटिंग शिल्पा ने की पूरी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपनी आने वाली फिल्म केडी - द डेविल्स की शूटिंग पूरी कर ली है। शिल्पा शेट्टी, केडी - द डेविल में सत्यवती के रूप में सभी का दिल जीतने के लिए तैयार है। शिल्पा शेट्टी ने मैसूर में ध्रुव सरजा और संजय दत्त स्टारर इस फिल्म का आखिरी शेड्यूल पूरा कर लिया है। 1970 के दशक की बैंगलोर की सच्ची घटनाओं पर आधारित पीरियड एक्शन एंटरटेनर, केडी - द डेविल में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, संजय दत्त और वी रविचंद्रन भी हैं। केवीएन प्रोडक्शंस प्रस्तुत केडी-द डेविल, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। पैन-इंडिया बहुभाषी तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

दिलजीत-नीरू का गाना जे मैं रब्ब हुंदा रिलीज

मुंबई। पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की जानीमानी जोड़ी नीरू बाजवा और दिलजीत दोसांझ की फिल्म जट्ट एंड जूलियट 3 का गाना 'जे मैं रब्ब हुंदा' रिलीज हो गया है। बिलाल सईद द्वारा गाए जे मैं रब्ब हुंदा के बोल जानी ने लिखे हैं।जगदीप सिद्धू द्वारा निर्देशित, बनी द्वारा रचित और तुषार कालिया द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना प्यार और भक्ति की भव्यता के साथ खूबसूरती से पेश किया है, जो दर्शकों को 90 के दशक में वापस ले जाता है।